RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 340
नई दिल्ली, बुधवार, 18 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



निश्चित रोहित भारत को दिला सकते हैं तीसरा विश्व कप

स्पोर्ट्स-12

# कलाकारों की प्रतिभा को राष्ट्र का सम्मान

## वहीदा रहमान को मिला दादासाहेब फाल्के पुरस्कार, अभिनेत्री ने उपलब्धि को फिल्म जगत को समर्पित किया, यह पुरस्कार पाने वाली वह आठवीं महिला कलाकार

- आलिया ने कृति सैनन के साथ सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता
- पंकज त्रिपाठी ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार हासिल किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को फिल्म जगत का सर्वोच्च दादासाहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया। भारतीय सिनेमा जगत का यह सर्वोच्च पुरस्कार ग्रहण करने वाली वहीदा रहमान आठवीं महिला कलाकार हैं। यहां विज्ञान भवन में आयोजित 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में यह पुरस्कार ग्रहण करने के बाद वहीदा रहमान (85) ने इसे अपने प्रिय फिल्म जगत और इसके विभिन्न विभागों को समर्पित किया।

तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मंच पर पहुंचीं रहमान ने बताया कि फिल्म निर्माण किस प्रकार एक आपसी सहयोग प्रक्रिया है। उन्होंने पुरस्कार ग्रहण करने के बाद कहा, मैं बहुत सम्मानित और आभारी हूं... लेकिन आज मैंने जो कुछ भी हासिल किया है, वह मेरी प्रिय फिल्म इंडस्ट्री की वजह से है। सौभाग्य से, मुझे शीर्ष निर्देशकों, निर्माताओं, फिल्मकारों, तकनीशियनों, लेखकों, संवाद लेखकों, संगीत निर्देशकों और संगीतकारों के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने मेकअप आर्टिस्ट, हेयर और कॉस्ट्यूम डिजाइनरों को भी श्रेय देते हुए कहा, मुझे उनसे बहुत समर्थन, सम्मान और प्यार मिला।...यही कारण है कि मैं इस पुरस्कार को फिल्म उद्योग के सभी विभागों के साथ साझा कर रही हूं। उन्होंने मुझे शुरू से ही बहुत सम्मान, समर्थन और प्यार दिया। एक फिल्म सिर्फ एक व्यक्ति द्वारा नहीं बनाई जाती, हमें एक दूसरे की जरूरत होती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में रहमान की भूमिकाओं और जीवन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए उनकी प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने कहा कि मैं वहीदा रहमान जी को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करते हुए बहुत खुशी महसूस कर रही हूं। मैं वहीदा जी को बधाई देती हूं। उन्होंने अपनी कला और व्यक्तित्व के जरिए फिल्म उद्योग में ऊंचा मुकाम हासिल किया। उन्होंने निजी जीवन में भी गरिमा, आत्मविश्वास और मूल पहचान के साथ नाम कमाया है।



नई दिल्ली में मंगलवार को विज्ञान भवन में आयोजित 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा।

मुर्मू ने यह भी बताया कि कैसे रहमान ने फिल्म उद्योग में अपने शुरुआती दिनों में अपना नाम बदलने से इनकार कर दिया, जबकि उस समय कलाकारों का पर्दे के लिए एक अलग नाम चुनना आम बात थी। राष्ट्रपति ने कहा कि अपनी फिल्मों में उन्होंने बेड़ियां तोड़ने वाली महिलाओं की भूमिकाएं निभाईं। वहीदा जी ने उदाहरण स्थापित किया है कि जब महिला सशक्तिकरण की बात आती है तो महिलाओं को ही पहल करनी होगी। पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल ने रहमान का नाम प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चयनित किया था। निर्णायक मंडल में रहमान की करीबी दोस्त और पिछले साल दादा साहब पुरस्कार से सम्मानित आशा पारेख, अभिनेता चिरंजीवी, परेश रावल, प्रसन्नजीत चटर्जी और फिल्म निर्माता शेखर कपूर शामिल थे। रहमान ने 1956 में आई गुरु दत्त की फिल्म 'सीआईडी' में देव आनंद के साथ हिंदी फिल्मों का अपना सफर शुरू किया था और पांच दशक से अधिक के अपने शानदार करियर के दौरान उन्होंने 'प्यासा', 'कागज के फूल' और 'चौदहवीं का चांद' समेत विभिन्न फिल्मों में काम किया। उन्होंने 'गाइड', 'कभी-कभी' और 'खामोशी' जैसी हिट फिल्में भी दीं। दादा साहब फाल्के पुरस्कार की घोषणा गाइड और सीआईडी में रहमान के सह-कलाकार रहे देव आनंद की जयंती के मौके पर 26 सितंबर, 2023 को की गई थी। साल 1955 में तेलुगु फिल्मों 'रोजुलु माराई' और 'जयसिम्हा' से सिनेमा में कदम रखने वाली रहमान ने विभिन्न भाषाओं में 90 से अधिक फिल्मों में काम किया है।

वह ओम जय जगदीश, रंग दे बसंती, दिल्ली-6 और द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स में नजर आई थीं। उनकी आखिरी फिल्म 2021 में आई 'स्केटर गर्ल' थी। 'रेशमा और शेरा' में बेहतरीन भूमिका के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया था। उन्हें पद्म श्री और पद्म भूषण से भी सम्मानित किया जा चुका है। आलिया भट्ट ने अभिनेता-पति रणबीर कपूर के साथ समारोह में भाग लेते हुए पुरस्कार समारोह में अपनी शादी की साड़ी को दोहराकर एक फैशन स्टेटमेंट बनाया। आलिया ने संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में अपने अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (शेष पेज 9)

# समलैंगिक विवाह को सुप्रीम कोर्ट की ना

- अदालत ने ऐसे विवाह को कानूनी मान्यता देने से किया इनकार, कहा- इस बारे में कानून बनाने का काम संसद का है
- पीठ ने सर्वसम्मति से कहा- समलैंगिक जोड़े संविधान के तहत मौलिक अधिकार के रूप में इसका दावा नहीं कर सकते



**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि कानून द्वारा मान्यता प्राप्त विवाह को छोड़कर शादी का 'कोई असीमित अधिकार' नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता दिए जाने की मांग वाली 21 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए चार अलग-अलग फैसले दिए।

पीठ ने सर्वसम्मति से ऐतिहासिक फैसला देते हुए समलैंगिक विवाह को विशेष विवाह कानून के तहत कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि इस बारे में कानून बनाने का काम संसद का है। न्यायालय ने हालांकि, समलैंगिक लोगों के लिए समान अधिकारों और उनकी सुरक्षा को मान्यता दी और आम जनता को इस संबंध में संवेदनशील होने का आह्वान किया ताकि उन्हें भेदभाव का सामना नहीं करना पड़े।

प्रधान न्यायाधीश ने 247 पृष्ठों का अलग फैसला लिखा। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने 17 पृष्ठों का फैसला लिखा, जिसमें वह मोटे तौर पर न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के विचारों से सहमत थे। न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट्ट ने अपने और न्यायमूर्ति हिमा कोहली के लिए 89 पृष्ठों का फैसला लिखा। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा ने अपने 13 पृष्ठों के फैसले में कहा कि वह न्यायमूर्ति भट्ट द्वारा दिए गए तर्क और उनके निष्कर्ष से पूरी तरह सहमत हैं। न्यायालय ने (शेष पेज 9)

## चतुर्थ कूष्मांडा



**सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।**
**दधाना हस्तपद्माभ्यां कुष्मांडा शुभदास्तु मे।।**

**नवरात्रि** में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने ईषत? हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदि स्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी की आठ भुजाएं हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है। संस्कृति में कुम्हड़े को कुष्मांड कहते हैं इसलिए इस देवी को कुष्मांडा।

# उज्ज्वला लाभार्थियों को एक गैस सिलेंडर मुफ्तः योगी

- मुख्यमंत्री ने बुलंदशहर वासियों को दी 632 करोड़ रुपये के विकास योजनाओं की सौगात

**पायनियर समाचार सेवा।** बुलंदशहर

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दिवाली उपहार के रूप में मुफ्त एक गैस सिलेंडर देने की घोषणा की है। उन्होंने यह ऐलान मंगलवार को बुलंदशहर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बुलंदशहर वासियों को 632 करोड़ रुपये के विकास योजनाओं की सौगात दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना के माध्यम से हर परिवार को गैस सिलेंडर की कीमतों में 300 रुपये की कमी करके एक उपहार दिया था। इसके बाद अब यूपी सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रत्येक उज्ज्वला योजना कनेक्शन लाभार्थी



बुलंदशहर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में 632 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का ऐलान किया।

को दिवाली उपहार के रूप में एक रसोई गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा। इस दौरान आदित्यनाथ ने 632 करोड़ रुपए की 256 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास एवं सहायता राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। इन परियोजनाओं में 208 करोड़ रुपए की 104 परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है और 424 करोड़ रुपए की 152 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार के आने से पहले आम लोगों को गैस का कनेक्शन लेने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था लेकिन प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आने के बाद गरीबी रेखा से नीचे वाले परिवारों को न केवल कनेक्शन लेने में आसानी हो रही है व साथ ही सिलेंडर सस्ता भी मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 55 लाख महिलाएं घर की मालिक बन गई हैं, जबकि स्वच्छ भारत पहल के तहत राज्य में 2.75 लाख शौचालय बनाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऐसे नए भारत के दर्शन हो रहे है जिसमें देश समर्थ, शक्तिशाली और स्वावलंबी है। 2014 के बाद नए भारत ने युवाओं और महिलाओं सहित सभी वर्ग के लोगों को लाभान्वित किया है। उन्होंने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक लाने वाली पारुल (शेष पेज 9)

# महुआ मोइत्रा मामले में टीएमसी ने साधी चुप्पी

- राज्य में निवेश लाने की कोशिश में लगी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस विवाद में नहीं पड़ना चाहती, महुआ पहुंची कोर्ट
- लोकसभा अध्यक्ष ने मामला एथिक्स कमेटी को भेजा

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**तृणमूल** कांग्रेस अपनी पार्टी सांसद महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर सवाल पूछने मामले में लगे आरोप चुप्पी साध रखी है। पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेता निजी तौर पर पार्टी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के रुख स्पष्ट कर रहे हैं कि महुआ को ही यह गड़बड़ी ठीक करने दिया जाए यदि उन्होंने यह किया है तो। और ऐसा करने के उपाय के रूप में मोइत्रा ने मंगलवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया।

दुबे ने दो केंद्रीय मंत्रियों और स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर उन पर आरोप लगाया था कि उन्होंने एक व्यापारिक समूह के खिलाफ



सवाल पूछने के बदले में प्रतिद्वंद्वी समूह से रिश्वत लिया था। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता और राज्य के एक कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सभी पार्टी नेताओं से अपेक्षा की गई है कि वे सत्य जीवन शैली, ममता बनर्जी के मूल्यवान सिद्धांत' का पालन करे और यदि कोई इससे 'विचलित' होता है तो फिर यह उस व्यक्ति का काम है कि वह अपने आचरण के बारे में स्पष्टीकरण दे...पार्टी कोई जिम्मेदारी नहीं लेगी।

इससे पहले दुबे ने आरोप लगाया था कि मोइत्रा ने एक बिजनेस घराने से उसके प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लोकसभा में सवाल पूछने के लिए रिश्वत ली है। दुबे ने दावा किया कि अगर दावे सही पाए जाते हैं, तो यह 'विश्वासघात के साथ-साथ भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा की उल्लंघन का भी एक गंभीर आपराधिक मामला बनता है। हालांकि, टीएमसी सांसद ने साहस दिखाते हुए कहा कि वह किसी भी स्थिति के लिए तैयार हैं। उनके खिलाफ सभी आरोप दुर्भावनापूर्ण और असत्य हैं। ज्ञात हो कि अध्यक्ष ने इस मामले को एथिक्स कमेटी के पास भेज दिया है। मोइत्रा ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में भाजपा सांसद दुबे के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया।

इसमें सुप्रीम कोर्ट के एक वकील को भी पार्टी बनाया गया है। सूत्रों का कहना है कि मोइत्रा मामले से शीर्ष टीएमसी नेतृत्व के खुद को इससे अलग करने के पीछे की तीन वजह है। सीधी बात करने वाले के रूप में मोइत्रा को अक्सर क्रोध का पात्र बनना पड़ता है। टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं में से अधिकांश को अब उनके प्रति कोई सहानुभूति नहीं है। यहां तक कि अन्य नेताओं या उनके समर्थकों के साथ टकराव के लिए पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी कई मौकों पर उन्हें फटकार लगा चुकी हैं। बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकार के दौरान सिंगूर आंदोलन के चलते टाटा मोटर्स ने (शेष पेज 9)



## विश्व कप क्रिकेट

- **परिणामः** नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 38 रन से हराया
- **आजः** न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान

## क्विक न्यूज

### दो पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 11 की मौत

**विरुधुनगर(तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के रंगापलयम और किच्नयाकनपट्टी में दो अलग-अलग पटाखा फैक्टरी में मंगलवार को आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक पुलिस, दमकल एवं बचाव सेवा कर्मियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर आग बुझाने और पीड़ितों को बचाने की कोशिश की। उन्होंने बताया, शिवकाशी की पटाखा फैक्टरी में अचानक हुए धमाके के बाद घटनास्थल से सात जले हुए शव मिले हैं।



धर्मशाला में मंगलवार को एचपीसीए स्टेडियम में आईसीसी विश्व कप क्रिकेट मैच में नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शॉट खेलते हुए। (विस्तृत समाचार पेज 12)

# फिर सुर्खियों में आया सबरीमाला मंदिर मामला

- सुप्रीम कोर्ट की संविझान पीठ में मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध की बहाली की मांग वाली याचिका पर जल्द होने जा रही सुनवाई

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि

**पश्चिम** घाट के जंगलों के बीच स्थित भगवान अयप्पा का पवित्र मंदिर सबरीमाला फिर से खबरों में है और आशंका है कि यहां पर एक बार फिर विवाद शुरू हो जाए।

सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध की बहाली की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने के लिए तैयार हो रही है। भगवान अयप्पा के भक्तों की परेशानी केरल के एक विशेष समुदाय के विधायकों और



सांसदों के एक वर्ग की मांग से बढ़ गई है कि केंद्र को सबरीमाला तक रेलवे ट्रैक बिछाने का काम करना चाहिए ताकि पश्चिमी घाट से राज्य शेष हिस्सों तक भांग के परिवहन की सुविधा मिल सके। मंदिर में महिलाओं के प्रवेश की मांग आरएसएस के पूर्व अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख रंगा हरि ने की है, जो कि मंदिर में 10 से 50 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करने वाला संगठन है। हरि (93) द्वारा लिखित 'ऑफ विद आउटग्रोन कस्टम्स' में कहा गया है कि हिंदू समाज में सुधार अपरिहार्य है।

हरि कालिदास के एक नाटक मालाविकाग्निमित्रम का हवाला देते हुए लिखते हैं, 'परंपरावादियों ने हमेशा सुधारकों का विरोध किया है और यह मानव समाज में एक मानवीय घटना है। महान भारतीय कवि कालिदास ने कहा है कि कोई भी चीज़ केवल इसलिए अच्छी नहीं है क्योंकि वह पुरानी है और कोई भी चीज़ केवल इसलिए बुरी नहीं है क्योंकि वह नई है। हरि ने मलयालम के रहस्यवादी कवि कुमारन आसन को भी उद्धृत किया है जिन्होंने समाज को सुधार और नियमों को बदलने के लिए प्रेरित किया था।

लेखक ने 1922 के मप्पिला विद्रोह के तुरंत बाद लिखी गई कुमारन आसन की विस्फोटक कविता दुरवस्था को उद्धृत करते हुए कहा है कि अन्यथा वे ही नियम आपके पतन का कारण बनेंगे। उन्होंने सबरीमाला की दर्शन अवधि को मौजूदा तीन महीने से बढ़ाकर साल भर करने का आह्वान किया है। हरि लिखते हैं और वह अपने देश में जातिविहीन और वर्गविहीन हिंदू समाज की स्थापना का आह्वान करते हैं। 'सबरीमाला एक वैश्विक हिंदू तीर्थस्थल है। इसलिए हमें विश्व स्तर पर हिंदू महिलाओं की स्थिति पर विचार करना (शेष पेज 9)

# जेवर एयरपोर्ट के पास 1184 लोगों को मिलेंगे सस्ते प्लाट

## यमुना प्राधिकरण ने तैयारियां की पूरी, आज होगा ड्रा, योजना में प्रत्येक आय वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया

### ● 1 लाख, 30 हजार लोगों ने किया आवेदन, दिव्यांगों और किसानों के लिए कोटा निधारित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा शहर की बगल में स्थापित उत्तर प्रदेश के यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जेवर एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नजदीक घर बनाने का सपना देखने वालों का सपना जल्द ही पूरा होने जा रहा है।

इस सपने को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा साकार करेगा। यमुना प्राधिकरण द्वारा पिछले दिनों निकाली गई आवासीय प्लॉट योजना का ड्रा बुधवार यानि 18 अक्टूबर 2023 को कर दिया जाएगा। इस ड्रा में बेहद सस्ते प्लाट मिलेंगे। यमुना प्राधिकरण ने ड्रॉ की पूरी तैयारी कर ली है। आपको बता दें कि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा द्वारा अगस्त माह ग्रेटर नोएडा शहर की बगल में जेवर एयरपोर्ट नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास आवासीय प्लॉटों की स्कीम योजना निकाली गई थी।




इस योजना में प्रत्येक आय वर्ग के लोगों का खास ख्याल रखा गया है। यहां पर 120, 162, 200, 300, 500, 1000 व 2000 वर्गमीटर के आवासीय प्लॉटों की योजना निकाली थी। कुल 1184 प्लॉटों के लिए योजना में 1 लाख 40 हजार लोगों ने आवेदन किया था। जांच के बाद 1 लाख 30 हजार फॉर्म सही पाए गए। इसमें दिव्यांगों और किसानों के लिए कोटा निधारित है।

सबसे ज्यादा आवेदन 200 वर्गमीटर प्लॉट के लिए आए हैं। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक प्राधिकरण यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि आवासीय प्लॉट की योजना में लोगों ने भारी उत्साह के साथ आवदेन किए थे।

सभी आवेदनों की जांच के बाद अब प्लॉट के लिए ड्रॉ निकालने की तैयारी की जा रही है। इस आवासीय योजना का ड्रॉ 18 अक्टूबर 2023 यानि बुधवार को होगा। ड्रॉ में शामिल होने वाले आवेदकों की अंतिम सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। आवेदक अपना नाम जांच सकते हैं। फॉर्म में कमी पाए जाने पर 10 हजार से अधिक आवेदक ड्रा से बाहर कर दिए गए हैं। ड्रॉ में 1.30 लाख आवेदक शामिल होंगे। 18 अक्टूबर 2023 बुधवार को होने वाले प्लाटों के ड्रा में 1184 लोगों को घर बनाने के लिए सस्ते प्लाट मिलेंगे। जिन आवेदकों ने किश्तों में प्लाट खरीदने के लिए आवेदन किए थे।

उन्हें पहले ही योजना से हटा दिया गया है। जिन आवेदकों ने एकमुश्त धनराशि जमा करने के ऑप्शन के साथ आवेदन फार्म भरे हैं उन सभी 1 लाख 30 हजार आवेदकों के फार्म ड्रा में शामिल किए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा की बगल में जेवर एयरपोर्ट के पास घर बनाने का यह सबसे सुनहरा अवसर है।

# मुख्यमंत्री योगी ने किया जेवर एयरपोर्ट का हवाई निरीक्षण

### ● निर्माण की कार्य प्रगति का लिया जायजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा शहर की बगल में स्थापित हो रहा जेवर एयरपोर्ट सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाला प्रोजेक्ट है। जेवर एयरपोर्ट का पूरा नाम नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। जेवर एयरपोर्ट एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है।

मंगलवार 17 अक्टूबर 2023 को योगी आदित्यनाथ ने जेवर एयरपोर्ट का हवाई निरीक्षण करके एयरपोर्ट के निर्माण की प्रगति का पूरा जायजा लिया। मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दौरे पर थे। मंगलवार की सुबह लगभग 10 बजे योगी अपने स्टेट प्लेन से एयरफोर्स के हिंडन एयरपोर्ट पर उतरे। हिंडन एयरपोर्ट से हैलीकॉप्टर के द्वारा उन्हें बुलंदशहर में जाना था। बुलंदशहर जाने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हैलीकॉप्टर के द्वारा जेवर एयरपोर्ट को बारीकी से हवाई निरीक्षण किया। इस दौरान उनके हैलीकॉप्टर ने जेवर एयरपोर्ट की साइट के 3 चक्कर लगाए। योगी ने एयरपोर्ट के निर्माण की पूरी प्रगति को ध्यानपूर्वक देखा।

वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री जेवर एयरपोर्ट के निर्माण की प्रगति से संतुष्ट हुए। उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े हुए अधिकारियों व कर्मचारियों की खूब सराहना भी की। आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा शहर के पास बन रहे जेवर एयरपोर्ट से वर्ष-2024 के अक्टूबर माह तक फ्लाईट उडने लगेगी। कुछ अधिकारी यह भी प्रयास कर रहे हैं कि अक्टूबर 2024 से पहले ही फ्लाईट शुरू कर दी जाए। फरवरी 2024 में जेवर एयरपोर्ट के पहले रनवे तथा टर्मिनल का उदघाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे।

## आंधी-बारिश ने किया रामलीला मैदानों में हाल बेहाल

**गाजियाबाद।** सोमवार को देर शाम आई तेज आंधी-बारिश ने रामलीला मैदानों का हाल बेहाल कर दिया। सबसे अधिक दिक्कतें स्टॉल संचालकों को आई। कपड़े, सजावटी सामान आदि का स्टॉल लगाने वालों का बारिश के चलते काफी सामान भीग गया। यहां तक की मंचन के लिए लगाई कुर्सी, सोफा भी सब उलट गए। कविनगर रामलीला मैदान में शायद ही कोई स्टॉल होगा जो बारिश-आंधी से प्रभावित न हुआ हो। मैदान में लगे बैनर, होर्डिंग्स आदि भी टूट कर उड गए तो वहीं कई स्टॉल तक आंधी के कारण उखड गए। कविनगर मैदान बारिश के पानी से पूरा कीचड़ से भर गया। सुबह मैदान को फिर से दुरूस्त करने का काम किया गया। जगह-जगह से बाल्टी व पम्प लगाकर पानी निकाल गया।

## विकास व राजस्व कार्यों में गाजियाबाद बना नंबर वन

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी आरके सिंह के कार्यकाल में एक बार फिर जनपद ने रैकिंग में ऊंची छलांग लगाई है। उत्तर प्रदेश में ओवर ऑल जिले की रैकिंग नंबर-1 है।

डिस्ट्रिक फ्लैगशिप, विकास व राजस्व कार्यों में बेहतरीन प्रदर्शन के चलते जिले को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। प्रदेश सरकार द्वारा सितंबर माह की रैकिंग जारी की गई थी। इसमें गाजियाबाद को बेहतर प्रदर्शन पर प्रदेश के 75 जिलों में पहला स्थान मिला है। बागपत जिले को दूसरा और बहराइच को तीसरा स्थान मिला है। बाकी के टॉप टेन में बुलंदशहर, मुजफ्फ रनगर, पीलीभीत, हापुड, हमीरपुर, मुरादाबाद, अम्बेडकर नगर जिला शामिल हैं।

# गड़बड़ी की गाज टेंडर बाबू पर गिरी, तबादला

### ● 11 फर्म के टेंडर में गड़बड़झाला पाया गया

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद



पन्द्रहवें वित्तीय आयोग के टेंडरों में पकड़े गए खेल के मामले में नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक की गाज टेंडर बाबू कुलदीप कुमार शर्मा पर पड़ी। नगर आयुक्त ने उनका नगर निगम के निर्माण विभाग से तबादला कर दिया। उन्हें निर्माण विभाग से हटाकर आरटीआई भेजा गया है।

टेंडर घोटाले का आरोप पार्षद अजय शर्मा, विधायक सुनील शर्मा, आदि ने लगाया था। इस मामले में नगर आयुक्त को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की थी। इस मामले में नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने जांच कमेटी बनाई थी। जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट नगर आयुक्तको दी।

जांच कमेटी ने पाया कि एक दो नहीं 11 टेंडर में गडबड़ी पकड़ी गई है। जांच मे कमेटी ने पाया कि 138 कार्यों की निविदा मांगी गई थीं, कुल 33 निविदा अपलोड की गई। एक निविदा निरस्त कर दी गई। पांच निविदा का तकनीकी परीक्षण प्रपत्र नहीं बनाया गया। 18 को तकनीकी परीक्षण के बाद अग्रिम कार्रवाई में प्रस्तुत किया गया। शेष नौ निविदा प्रक्रियाधीन है। इन में कुल 48 निविदादाताओं ने प्रति भाग किया जिन निविदाओं में गड़बड़ी पाई गई इनमें मैसर्स सतनाम एसोसिएट, आरसी कंन्ट्रैक्टर, केशराम कंस्ट्रक्शन, एके कंस्ट्रेक्टर एंड बिल्डर, अवस्थी कंस्ट्रक्शन कंपनी, राज श्याम कंस्ट्रक्शन, विकास कंस्ट्रक्शन, स्टार इंटरप्राइजेज, एसआर इंटरप्राईजेज, मेहश चंद्र कंस्ट्रक्शन और मैसर्स यूनिवर्सल शामिल है। इन सभी 11 फर्म के टेंडर में गड़बड़ी पाई गई है। अब इन सभी टेंडरों को दुबारा से मांगा जाएगा। नगर आयुक्त ने दुबारा से टेंडर मांगने के लिए सात दिनो का समय निर्माण विभाग को दिया है।

# प्रेमिका को जिंदा जलाने का प्रयास

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

### ● युवती के शोर मचाने पर आरोपी छत से कूदा, घायल

ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र में हुई एक सनसनीखेज वारदात के दौरान एक युवती के द्वारा ठुकरा देने पर जाहिद नामक युवक ने अपनी कथित प्रेमिका को सबक सिखाने की सनक ठान ली। अपनी इस साजिश को अमलीजामा पहनाते हुए प्रेमनगर निवासी जाहिद ने जहां युवती की कंपनी पर जाकर उसके साथ मारपीट की वहीं उसके ऊपर पेट्रोल डालकर उसे आग के हवाले कर देने का प्रयास भी किया।

इससे पहले आरेपी अपने मकसद को अंजाम दे पाने में सफल हो पाता उससे पूर्व ही युवती ने बचाव के लिये शोर मचा दिया। जिससे घबराकर युवक छत से नीचे कूद गया। दो संप्रदाय के युवक-युवती से जुड़ी इस अपराधिक घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के होश उड़ गये। उसके बाद उक्त खबर की सूचना मिलते ही पुलिस आला अफसर फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये।

सनसनीखेज घटना के संदर्भ में जानकारी देते हुए एसीपी लोनी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग का दिखाई दे रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके नामजद अभियुक्त को घायल अवस्था में हिरासत में लेकर जांच शुरू की।

# भाजपा नोएडा महानगर के तीन मंडल अध्यक्षों की घोषणा

**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी के नोएडा महानगर के जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने तीन मंडल अध्यक्षों के नाम की घोषणा की हैं। जल्द ही और मंडलों के मंडल अध्यक्षों के नाम की घोषणा होने की चर्चा है। भाजपा के महानगर जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय मंडल से लोकेश कश्यप को अध्यक्ष बनाया गया है। अटल बिहारी वाजपेई मंडल से कालू सिंह को नियुक्त किया गया है।

महाराणा प्रताप मंडल से गोपाल गौड़ को जिम्मेदारी दी गई है। तीनों मंडल अध्यक्ष दोबारा से चयनित हुए हैं। अभी पांच और मंडल अध्यक्षों की लिस्ट आनी बाकी है। वहीं मंडल की कार्यकारिणी में कुछ पुराने चेहरों को हटाकर नए चेहरों को स्थान दिया गया है। नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने सभी से पूरी निष्ठा से काम करने को कहा। लोकसभा चुनाव को देखते सभी पदाधिकारियों को मिशन में जुटने के लिए प्रेरित किया।

## संभव में अधिकारियों ने सुनीं शिकायतें

**गाजियाबाद।** निगम में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस के दौरान कुल 15 शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी थी।

संभव दिवस में नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त आदि अधिकारियों को भी बैठना था। मगर प्रधानमंत्री की प्रस्तावित सभा को देखते वह व्यस्त रहे। इस कारण संभव में वह नहीं बैठे। संभव में बैठने वाले अधिकारियों में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के अलावा निर्माण विभाग, जलकल, प्रकाश आदि विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# अन्नपूर्णा बनी नोएडा प्राधिकरण की नई एसीईओ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश आईएएस अफसरों के तबादला का दौर जारी है। मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस अधिकारी अन्न पूर्णा गर्ग का नोएडा प्राधिकरण में ट्रांसफर किया गया है। अब अन्न पूर्णा गर्ग प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसीईओ बनाकर भेजा गया है। अन्न पूर्णा गर्ग यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम यूपीएसआरटीसी की एडिशनल एमडी के पद पर तैनात थीं। उनकी गिनती तेज तर्रार अफसरों में होती है। इससे पहले एसीईओ प्रभास कुमार का ट्रांसफर हुआ था।

सोमवार को उनको रीलीव कर दिया गया। यहां एसीईओ का एक पद खाली था। ऐसे में अन्ना पूर्णा गर्ग को यहां नवीन तैनाती मिली है।

उनके जॉइन करते ही नोएडा में एक फिर कार्य विभाजन किया जाएगा। वर्तमान में अन्न पूर्णा के अलावा एसीईओ वंदना त्रिपाठी, एसीईओ संजय खत्री और एसीईओ सतीश पाल विभिन्न जिम्मेदारियां का निर्वहन कर रहे है।

### कौन हैं अन्नपूर्णा



अन्नपूर्णा गर्ग हरियाणा के फरीदाबाद के रहने वाली हैं। अन्न पूर्णा ने 10वीं गीता कनवैंट स्कूल से और 12वीं एमवीएन सेक्टर-17 से पास की। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से साइकोलाजी में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। अन्न पूर्णा गर्ग के पिता राजेंद्र गर्ग बिजनेसमैन हैं, जबकि मां मीना गर्ग हाउस वाइफ हैं। अन्न पूर्णा गर्ग ने सिविल सेवा परीक्षा-2015 में 68वीं रैंकिंग हासिल की थी। उन्होंने तीसरे प्रयास में यह सफलता मिली थी।


प्रपत्र सं. 3
[विनियम-15 (1) (क) / 16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17 ए. चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./208/2022
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप-नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 20741
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
रोहित बेरी

सेवा में,
(1) रोहित बेरी
डी/डब्ल्यू/एस/ओ. श्री एम.एन. बेरी, पुत्र श्री एम.एन. बेरी, निवासी मकान नंबर 1496, सेक्टर-15, पंचकुला, हरियाणा-134113, पलवल, हरियाणा-134113
अन्य पता : रोहित बेरी पुत्र श्री एम.एन. बेरी, निवासी एमएजी एमएजी 214/108, जुमेइराह लेक टावर दुबई, यूएई-50001
अन्य पता : रोहित बेरी पुत्र श्री एम.एन. बेरी, पता एसईएम ओनर्स, एसोसिएशन मैनेजर, ऑफिस 1507, टेकोम, दुबई, यूएई-50001
अन्य पता : रोहित बेरी पुत्र श्री एम.एन. बेरी, पता जे-004, कैपिटल गेटवे, सेक्टर-111, गुरूग्राम, हरियाणा-122101
(2) साण्ड्रा रोड्रिगस पत्नी श्री रोहित बेरी, निवासी मकान नंबर 1496, सेक्टर-15, पंचकुला, हरियाणा-134113
अन्य पता - साण्ड्रा रोड्रिगस पत्नी श्री रोहित बेरी, पता एमएजी 214/108, जुमेइराह लेक टावर दुबई, यूएई-50001
अन्य पता - साण्ड्रा रोड्रिगस पत्नी श्री रोहित बेरी, पता जे-004, कैपिटल गेटवे, सेक्टर-111, गुरूग्राम, हरियाणा-122101 गुरूग्राम, हरियाणा-122101
(3) मैसर्स ताशी लैंड डेवलपर्स प्रा. लि., पंजीकृत कार्यालय पता 517ए, नारायण मंजिल, 23, बाराखम्बा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

सम्मन

जबकि, ओए/208/2022 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 04-10-2023 को पेश किया गया था।
जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,61,05,250/- की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।
अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :-
प) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;
पप) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;
पपप) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;
पअ) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;
अ) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।
आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 22-02-2024 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 06-10-2023 को दिया गया।
सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर



सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कमलेश कुमार रस्तोगी/ पूनम रस्तोगी/ LBFDB00001565259 | कॉटेज नंबर-22, मारकंडा, ''श्री बृज वसुन्धरा'', ग्राम आन्योर गोवर्धन, तहसील मथुरा-281001/ अक्टूबर 11, 2023 | अगस्त 31, 2015 रु. 8,67,697/- | दिल्ली एनसीआर/ मथुरा |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
**दिनांक : अक्टूबर 18, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**



सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर-23, न्यू रोहतक रोड करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर करने की माँग की गई थी।
कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।
कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राहुल/ मंजू/(24900001033 & QZJNK00004999579) | गली नंबर 7, गाँव बिंदापुर, विश्वास पार्क, दिल्ली/ अक्टूबर 13, 2023 | मार्च 28, 2023 रु. 15,24,724/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | सुखेंदु पाल/ मुनमुन पाल/ (19600043600 & QZGRN00005002524) | प्रॉपर्टी बियरिंग- एफ-383, गली नंबर 87, प्लॉट नंबर 383, कसारा 111/1, फेज़ 3/1, ग्राम पालम, महावीर एन्क्लेव पार्ट-111, दिल्ली/ अक्टूबर 13, 2023 | मार्च 28, 2023 रु. 9,29,157/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | विनोद झा/ सरस्वती देवी/ रंजीत कुमार झा/ (24900001503 & QZJNK00005023880) | प्रॉपर्टी नंबर 628, छत के साथ तीसरी मंजिल, रोहिणी, दिल्ली- 110085/ अक्टूबर 13, 2023 | मार्च 28, 2023 रु. 8,82,310/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | संतोष कुमार सिंह/ ब्यूटी सिंह/ (26600001408 & QZDEL00005022237) | प्रॉपर्टी नंबर एफ-159-ए, 1 मंजिल बिना छत के, ब्लॉक-एफ, प्लॉट संख्या 159, गली नंबर 2, ख. नंबर 31/19, 22, ग्राम ख्याला, विष्णु गार्डन, दिल्ली/ अक्टूबर 12, 2023 | मई 17, 2023 रु. 24,97,296/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
**दिनांक : अक्टूबर 18, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**



सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुराग मलिक/रीमा मान/ LBFDB00004960893 | फ्लैट नंबर 803, 8वीं मंजिल, टॉवर-टी-5, ''आगमन'' गांव मुजेरी, सेक्टर 70, फ़रीदाबाद/ अक्टूबर 13, 2023 | मई 23, 2023 रु. 11,45,515/- | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 2. | बिश्वजीत बिश्वास/ ज्योति बिश्वास/ LBFDB00005141300 | फ्लैट नंबर-डी-103, पहली मंजिल, टॉवर-डी, मलबेरी काउंटी, ग्राम मुजेरी में स्थित, सेक्टर-70, फरीदाबाद/ अक्टूबर 13, 2023 | मई 16, 2023 रु. 35,52,494/- | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 3. | कुलदीप कुमार/ LBFDB00005214694/ LBFDB00006107397 | आवासीय प्लॉट नंबर 1686, (पुराना प्लॉट नंबर एनए-38), ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर-ए, आवासीय कॉलोनी जिसे ''ग्रीनफील्ड्स'' के नाम से जाना जाता है, ग्राम सराय ख्वाजा, तहसील बड़खल, जिला फ़रीदाबाद/ अक्टूबर 13, 2023 | अप्रैल 25, 2023 रु. 53,67,672/- | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 4. | दीपक खंडेलवाल/ दीप्ति/ LBFDB00002993646/ LBGUR00005336276 | यूनिट/कमर्शियल स्पेस नंबर 21, लोअर ग्राउंड फ्लोर, चार्मवुड प्लाजा, इरोस गार्डन कॉलोनी, ग्राम लक्कड़पुर में स्थित, सूरज कुंड रोड, हरियाणा, फरीदाबाद। (क्षेत्रफल-323 वर्ग फुट)/ अक्टूबर 13, 2023 | जून 20, 2023 रु. 21,29,788/- | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 5. | कृष्ण कुमार/रेखा शर्मा/विष्णु दत्त कौशिक/ LBFDB00002946348 | प्लॉट नंबर-499, सेक्टर-65, अर्बन एस्टेट हुडा, फ़रीदाबाद/ अक्टूबर 13, 2023 | जून 20, 2023 रु. 10,34,995/- | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 6. | कृष्ण कुमार/रेखा शर्मा/ LBFDB00005337380 | प्लॉट नंबर-499, सेक्टर-65, अर्बन एस्टेट हुडा, फ़रीदाबाद/ अक्टूबर 13, 2023 | जून 20, 2023 रु. 9,73,440/- | दिल्ली एवं एनसीआर |
| 7. | आरती/मुकेश कुमार/ LBFDB00004906934 | फ्लैट नंबर-ए2-706, बिल्डिंग की 7वीं मंजिल जिसे हैबिटेट 78 नाम दिया गया है, सेक्टर-78, हरियाणा में स्थित है, फरीदाबाद/ अक्टूबर 13, 2023 | जून 07, 2023 रु. 21,03,199/- | दिल्ली एवं एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
**दिनांक : अक्टूबर 18, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**



सांकेतिक कब्जा सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/ सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | इंदिरागांधी के एवं मुरूगनंदम आर/ फ्लैट नंबर 6 डोर नंबर 22/6, पुराना डोर नंबर ओ-6, ब्लॉक नंबर 95, ब्लॉक नंबर ओ 96 द्वितीय तल, रोहिणी गार्डन्स डीआर, माइलापोर चेन्नई राजा अन्नामलाई पुरम, 4307/1, 4307/1पी 4297 चेन्नई-600058 / HPCHE00044636058 HPCHE00047134936 ,oa LBCHE00005332822 | सम्पत्ति की अनुसूची क : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर 6, द्वितीय तल, बिल्डिंग ब्लॉक नंबर 'ओ', रोहिणी गार्डन्स, राजा अन्नामलाई पुरम, चेन्नई-600058 (चेन्नई निगम के अनुसार सम्पत्ति कर मांग कार्ड नया डोर नंबर 22/6 (पुराना डोर नंबर ओ-6), रोहिणी गार्डन्स, राजा अन्नामलाई पुरम, चेन्नई-600058 तथा दस्तावेज आरएस नंबर 4307/1 पार्ट तथा आरएस नंबर 4297/पार्ट के अनुसार, पट्टा आरएस नंबर 4304/5 तथा आरएस नंबर 4297/9 के अनुसार, ब्लॉक नंबर 95, माइलापोर डिवीजन, पहले माइलापोर ट्रिप्लीकेन तालुक, अब माइलापोर तालुक, चेन्नइ जिला, फ्लैट परिमाप 65.02 वर्ग मीटर (यानी 700 वर्ग फीट) तृतीय तल, तथा भूमि परिमाप 65.02 वर्ग मीटर (यानी 700 वर्ग फीट) में अविभाजित 1/4 हिस्सा (यानी 175 वर्ग फीट) के साथ मार्गों, रास्तों, जीनों, कॉमन दीवारों, खुली जगहों, खुले टेरेस, पार्किंग एरिया में साझा अधिकार तथा वैद्युत संस्थापनों, टीनेब सर्विस कनेक्शन, मेट्रो वाटर तथा सीवरेज कनेक्श (सीएमडब्ल्यूएसएसबी) और वहां उपलब्ध कराई गई अन्य सभी आम सुख-सुविधाओं के साझा उपभोग अधिकार, चौहद्दी : उत्तर : फ्लैट नंबर ओ/5, आम रास्ता और ब्लॉक ओ का जीना ; पूरब : ब्लॉक नंबर बी ; दक्षिण : फ्लैट नंबर एन/5 ; पश्चिम : 24 फीट रोड ; तथा सब-रजिस्ट्रेशन जिला माइलापोर और रजिस्ट्रेशन जिला सेंट्रल चेन्नई की सीमांतर्गत स्थित। चेन्नई निगम के अनुसार सम्पत्ति कर मांग कार्ड नया डोर नंबर 22/6 (पुराना डोर नंबर ओ-6), रोहिणी गार्डन्स, राजा अन्नामलाई पुरम, चेन्नई-600058. नया जोन नंबर 13, वार्ड नंबर 173, बिल नंबर 05235, सब नंबर 000 ओल्ड जोन नंबर 10, वार्ड नंबर 150, बिल नंबर 0785, सब नंबर 000 टीनेब सर्विस कनेक्शन नंबर : 135-033-116. सांकेतिक कब्जा की तिथि : 13-10-2023 | 25-04-2023 रू. 80,88,747/- | चेन्नई एवं दिल्ली |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 18-10-2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# पीडब्ल्यूडी के एई व जेई के खिलाफ दर्ज होगा केस

## सड़क निर्माण परियोजना घोटाला: एलजी ने भ्रष्टाचार विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज करने की दी मंजूरी

- राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण पूर्व अभियंता आर.एस. गर्ग पर भी केस दर्ज करने पर लेगा निर्णय




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने लोक निर्माण विभाग को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के एक सहायक अभियंता और एक कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (पीओसी) अधिनियम, 1988 की धारा 17ए के तहत मामला दर्ज करने की मंजूरी दे दी है। विभाग ने उनके खिलाफ जांच की सिफारिश नहीं की थी। इस मामले में आरोपी अधिशासी अभियंता पर निर्णय एनसीसीएसए द्वारा लिया जाएगा, क्योंकि वह ग्रुप ए के अधिकारी हैं। अनुमोदन के अनुसार, उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के निष्कर्षों और सतर्कता निदेशालय की सिफारिश को ध्यान में रखा है। सक्सेना ने लोक निर्माण विभाग के उन संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने का आदेश दिया है, जिन्होंने एसीबी द्वारा आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनाए जाने के बावजूद आरोपी इंजीनियरों को बचाने की कोशिश की थी। उपराज्यपाल ने सहायक अभियंता जे.एस. चौहान के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 की धारा 17ए के तहत मामला दर्ज करने की मंजूरी दे दी है। चौहान और कनिष्ठ अभियंता देवी सिंह पर आरोप है कि उन्होंने दक्षिण दिल्ली में एक सड़क निर्माण परियोजना में किए गए काम का उचित सत्यापन किए बिना ही एक ठेकेदार को भुगतान जारी किया। मामले के तथ्यों और रिकॉर्ड को देखने के बाद एलजी ने कहा कि वह मानते हैं कि मामला दर्ज करने के बाद आरोपों की जांच करना न्याय के हित में है। इनके खिलाफ आरोप गैर सरकारी संगठन- रोड्स एंटी करप्शन ऑर्गनाइजेशन के संस्थापक राहुल शर्मा द्वारा दिनांक 19.05.2017 को दायर की गई शिकायत के आधार पर हैं, जिसमें कहा गया था कि कालकाजी क्षेत्र में ईपीडीपी रोड (मलिक राम इस्सर मार्ग, नई दिल्ली) के किनारे, सड़क की मजबूती, फुटपाथ और जल निकासी व्यवस्था की बेहतरी को लेकर कोई काम नहीं किया गया था, तब भी ठेकेदार को भुगतान कर दिया गया, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ। दिल्ली सरकार के एसीबी ने शुरुआती जांच के बाद तीन पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों अधिशासी अभियंता आरएस गर्ग, सहायक अभियंता जेएस चौहान और कनिष्ठ अभियंता देवी सिंह के खिलाफ उपरोक्त कार्य से संबंधित शिकायत दर्ज की है। एमसी निर्माण कंपनी को कार्य का अनुबंध 6,33,69,235 रुपये में दिया गया था, जो कि अनुमानित लागत 7,80,31,320 से 18.79 प्रतिशत कम था।

पीडब्ल्यूडी के सामग्री आवक, एमएएस रजिस्टर के अनुसार विभिन्न फर्मों से सामग्री खरीदी प्राप्त की गई थी और ठेकेदार ने प्रमुख सामग्री यानी तारकोल के चालान प्रस्तुत किए थे, लेकिन निर्माण में प्रयुक्त अन्य सामग्री के चालान कंपनी द्वारा पेश नहीं किए गए थे। तारकोल की खरीद के संबंध में पीडब्ल्यूडी द्वारा उपलब्ध कराए गए 18 चालानों की जांच में वे फर्जी पाए गए। इसके बाद, व्यापार एवं कर विभाग ने ठेकेदार फर्म द्वारा की गई खरीद का भ्रामक रिटर्न दाखिल करने के लिए कंपनी पर जुर्माना भी लगाया।

# एनसीआर में पटाखों पर प्रतिबंध लगाए केंद्र सरकार: गोपाल राय

- केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को लिखा पत्र, कहा हरियाणा, राजस्थान और उप्र प्रदूषण के स्त्रोतों से नहीं निपटते


गोपाल राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

परिवहन मंत्री गोपाल राय ने वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए मंगलवार को केंद्र सरकार से पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में केवल सीएनजी व इलेक्ट्रिक वाहनों को आवाजाही की इजाजत देने की मांग की। राय ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को लिखे पत्र में कहा कि दिल्ली सरकार ने सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं। लेकिन कदम तब तक प्रभावी साबित नहीं होंगे जब तक हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश एनसीआर में प्रदूषण के स्रोतों से नहीं निपटते।

गोपाल राय ने कहा कि पर्यावरण के लिए काम करने वाली संस्था सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में 31 प्रतिशत प्रदूषण राष्ट्रीय राजधानी के स्रोतों से होता है, जबकि 69 प्रतिशत एनसीआर में आने वाले राज्यों के स्रोतों से होता है। राय ने मांग की है कि केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार कारकों से निपटने पर चर्चा के लिए आपात बैठक बुलाए।

मंत्री ने कहा कि एनसीआर में आने वाले राज्यों को पूरे क्षेत्र में पटाखों और पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना चाहिए और केवल सीएनजी व इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन की अनुमति देनी चाहिए।

एनसीआर के तहत आने वाले राज्यों में अब भी कई औद्योगिक इकाइयों प्रदूषण फैलाने वाले ईंधन का इस्तेमाल हो रहा है। उन्हें तुरंत पाइप्ड प्राकृतिक गैस में परिवर्तित किया जाना चाहिए।

एनसीआर राज्यों में संचालित भारी प्रदूषण फैलाने वाले ईंट भट्टों को प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए जिग-जैग तकनीक अपनाने के लिए कहा जाना चाहिए। राय ने पत्र में लिखा, डीजल जनरेटर पर निर्भरता कम करते हुए एनसीआर राज्यों में सभी हाउसिंग सोसायटियों में बिजली सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखना संवेदनहीनता का प्रमाण : सचदेवा



**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि पर्यावरण मंत्री गोपाल राय का केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव को लिखा गया पत्र प्रदूषण से निपटने में केजरीवाल सरकार के लापरवाह रवैये पर बहुत कुछ कहता है। सर्दियों में प्रदूषण की स्थिति शुरू होने के बाद गोपाल राय द्वारा केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग करना चौंकाने वाला है, इससे पता चलता है कि यह पत्र वायु और जल प्रदूषण कारकों से स्थानीय स्तर पर निपटने में दिल्ली सरकार की विफलता से जनता का ध्यान हटाने के लिए एक नौटंकी है। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जैसे धूल से हवा की गुणवत्ता प्रभावित होना और नालों का सीधे तौर पर यमुना में गिरना, इसके अलावा पंजाब की अपनी सहयोगी सरकार को फसल के अवशेष जलाने से रोकने में विफलता, जो अक्टूबर और नवंबर में प्रदूषण का एक प्रमुख कारण है। राय ने अपने पत्र में केवल सीएनजी सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने, एनसीआर में ईंट भट्ठों और पटाखों पर रोक लगाने से लेकर सभी गैर दिल्ली यातायात को पूर्व पश्चिम गलियारों में मोड़ने तक 7 बिंदु सूचीबद्ध किए हैं।

# सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- रिश्वत अपराध से आय का हिस्सा नहीं तो सिसोदिया के खिलाफ धनशोधन आरोप साबित करना मुश्किल : कोर्ट



उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कहा कि अगर दिल्ली आबकारी नीति में बदलाव के लिए कथित तौर पर दी गई रिश्वत अपराध से आय का हिस्सा नहीं है, तो संघीय एजेंसी के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ धनशोधन का आरोप साबित करना कठिन होगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन के मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता सिसोदिया की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला मंगलवार को सुरक्षित रख लिया। पीठ ने ईडी से कहा कि वह इस धारणा के साथ आगे नहीं बढ़ सकती कि रिश्वत दी गई एवं आरोपी को कानून के तहत जो भी सुरक्षा मिलती है, दी जानी चाहिए। पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि आप नेता के खिलाफ धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) मामले के तहत रिश्वत के अपराध से आय का हिस्सा होने का कोई आरोप नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर अपराध से कोई आय नहीं है, तो ईडी का वहां क्या काम? पीठ ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू से कहा, यदि दी गई रिश्वत अपराध से आय का हिस्सा नहीं है, तो आपको पीएमएलए के तहत मामला साबित करने में परेशानी हो सकती है... आप अपने पीएमएलए मामले में अपराध से आय नहीं बना सकते।

# पत्रकार सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड में फैसला आज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कोर्ट ने 13 अक्टूबर को अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था

टेलीविजन पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के 15 साल से भी अधिक समय बाद दिल्ली की एक अदालत बुधवार को अपना फैसला सुनाएगी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे ने बचाव एवं अभियान पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद 13 अक्टूबर को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

विश्वनाथन 30 सितंबर, 2008 को जब रात साढ़े तीन बजे अपनी कार से घर लौट रही थीं, तब गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने दावा किया था कि इस हत्या का मकसद लूटपाट था। उनकी हत्या के मामले में पांच लोगों रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक, अजय कुमार और अजय सेठी को गिरफ्तार किया गया था और वे मार्च, 2009 से हिरासत में हैं। पुलिस ने आरोपियों पर कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम लगाया था। पुलिस ने कहा कि आईटी पेशेवर जिगिशा घोष की हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी से विश्वनाथन हत्याकांड की गुत्थी सुलझी।

# आप सांसद राघव चड्ढा को अदालत से मिली राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




- उच्च न्यायालय ने राज्यसभा सदस्य को अपने सरकारी बंगले में रहने कर अनुमति दे दी

उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा को अपने सरकारी बंगले में रहने की मंजूरी दे दी। इसी के साथ अदालत ने उन्हें दिल्ली के अहम हिस्से में आवंटित बंगले को खाली करने के निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया। निचली अदालत के फैसले से राघव चड्ढा से बंगला खाली कराने का रास्ता साफ हो गया था।

न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने आप नेता की अपील पर आदेश पारित करते हुए कहा कि 18 अप्रैल को निचली अदालत ने राज्यसभा सचिवालय को निर्देश दिया था कि वह चड्ढा से बंगला खाली नहीं कराए और यह रुख बहाल किया जाता है एवं यह तब तक प्रभावी रहेगा जब तक निचली अदालत अंतरिम राहत के उनके आवेदन पर फैसला नहीं करती।

चड्ढा ने निचली अदालत के पांच अक्टूबर के आदेश को चुनौती दी थी जिसने अप्रैल के अपने अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया था। अदालत ने अपने नवीनतम आदेश में कहा था कि चड्ढा यह दावा नहीं कर सकते हैं कि बतौर राज्यसभा सदस्य अपने पूरे कार्यकाल में सरकारी बंगले में रहना उनका पूर्ण अधिकार है, वह भी तब जबकि आवंटन रद्द कर दिया गया है। राज्य सभा सचिवालय ने निचली अदालत के खिलाफ दायर चड्ढा की याचिका का विरोध किया। चड्ढा के वकील ने उच्च न्यायालय में तर्क दिया कि सांसद को नोटिस दिया गया है और खाली कराने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने उच्च न्यायालय के समक्ष तर्क दिया कि उन्हें जानबूझकर निशाना बनाया गया है क्योंकि वह मुखर विपक्षी सांसद हैं। चड्ढा ने कहा कि वह राज्यसभा के इकलौते मौजूदा सदस्य हैं जिन्हें आवंटित बंगले को खाली करने को कहा गया है। आवास आवंटन विशेषाधिकार से निर्धारित प्रक्रिया है और परिस्थितियों को ध्यान में रखकर लिया जाता है एवं इस विशेषाधिकार का प्रयोग करते हुए 245 मौजूदा राज्यसभा सदस्यों में से 115 को स्वत: अहर्ता के तहत आवास आवंटित किया गया।

# पूर्व नौसेना कर्मी हत्या के मामले में 20 साल बाद गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- रची खुद की मौत की साजिश, आरोपी बालेश कुमार भारतीय नौसेना से अपने बीमा दावे के लाभ और पेंशन को पत्नी को दिलाना चाहता था।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने वर्ष 2004 में हुई हत्या के मामले में भारतीय नौसेना के एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बालेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस को चकमा देने के लिए खुद की मौत की साजिश रची थी। वह भारतीय नौसेना से अपने बीमा दावे के लाभ और पेंशन को अपनी पत्नी को दिलाना चाहता था। दिल्ली पुलिस को नौसेना कर्मचारी की एक लूट के मामले में भी तलाश थी।

दरअसल दिल्ली पुलिस को खबर मिली थी कि ये पूर्व कर्मचारी अपनी मौत की कहानी बनाकर दुनिया की आंखों में धूल झोंक रहा है। 63 साल का बालेश कुमार नाम बदलकर अमन सिंह हो गया और नजफगढ़ में रह रहा था। विशेष आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम, जिसमें एसआई महक सिंह, एसआई यशपाल सिंह, एएसआई दीपक कुमार त्यागी, एएसआई सुदेश कुमार, एएसआई अनिल कुमार, हेड कांस्टेबल संदीप कुमार, करण सिंह और महिला पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम की अगुवाई सहायक पुलिस आयुक्त पंकज अरोड़ा और अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त अंकित कुमार कर रहे थे। मुखबिर से जानकारी मिली थी कि 63 साल का बालेश कुमार नाम बदलकर अमन सिंह हो गया और नजफगढ़ में रह रहा था। उसे लगभग 20 साल बाद गिरफ्तार किया गया है। छानबीन के दौरान खुलासा हुआ कि बालेश ने साल 2004 में जोधपुर में अपनी मौत की साजिश रची थी। बालेश की मौत के बाद उसकी पेंशन पत्नी को मिल रही थी। जांच में आगे पता चला कि 1 मई 2004 को बालेश कुमार ने खुद जोधपुर (राजस्थान) में अपने ट्रक में आग लगा दी, जिसके परिणामस्वरूप ट्रक में दो व्यक्तियों की मौत हो गई।

## ईडी अधिकारी बताकर लूट मामले में चौथी गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** बाबा हरिदास नगर में खुद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकारी बताकर एक व्यक्ति से कथित तौर पर 3.20 करोड़ रुपए लूट के मामले में पुलिस ने चौथी गिरफ्तारी की है। घटना शुक्रवार रात की है।

आरोपियों ने शिकायतकर्ता का अपहरण कर लिया और फिर उसके घर में घुस गए तथा बंदूक के दम पर 3.20 करोड़ लूट लिए थे। इस घटना के सिलसिले में तीन आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया गया था तथा उसके पास से 1.27 करोड़ बरामद किए थे। उन्होंने बताया कि चौथे आरोपी की पहचान हिस्ट्रीशीटर विजय ग्रोवर के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने एक बयान में कहा, हमने उसके पास से 19.5 लाख बरामद कर लिए हैं।

## रामलीला स्टेज पर गिरी लाइट बच्ची समेत तीन घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोतवाली इलाके में सुभाष मैदान स्थित श्री धार्मिक रामलीला के स्टेज पर लगी लाइट अचानक गिर गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। इनमें एक बच्ची शामिल है।

पुलिस उपायुक्त मनोज मीना ने बताया तेज हवा और बारिश के चलते सोमवार रात साढ़े दस बजे यह हादसा हुआ। इस संबंध में पीएस कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलीस के अनुसार, सोमवार रात करीब 10: 40 बजे पुलिस सूचना मिली थी कि 15 अगस्त पार्क, लाल किला में नव श्री धार्मिक रामलीला समिति द्वारा आयोजित की जा रही रामलीला में रोशनी वाली लाइट गिर गई। जिसमे 11 साल के एक बच्चे को चोटें आईं और दो लोग भी जख्मी हुए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

जहां बच्चे की हालत स्थिर है और खतरे से बाहर है लेकिन निगरानी में है। बाकी अन्य लोग मामूली रूप से घायल हुए थे, जो खुद ही उपचार बाद अस्पताल से चले गए। वहां मौजूद लोगों ने बताया पंडाल के बाहर लगी लाइट का कुछ हिस्सा टूट कर गिरा था और वहां दर्शक कुर्सी पर बैठ कर रामलीला देख रहे थे।

## अदालत ने खराब जांच पर पुलिस को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** अदालत ने अनमने तरीके से आरोप पत्र दाखिल करने के बाद, वर्ष 2020 के साम्प्रदायिक दंगों की आगे की जांच करने को लेकर दिल्ली पुलिस को फटकार लगाई और संबद्ध अधिकारी को लिखित स्पष्टीकरण के साथ उसके समक्ष पेश होने को कहा है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगा मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ दलीलें सुन रहे हैं। इस मामले के सिलसिले में गोकुलपुरी पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अदालत ने यह जिक्र किया कि शुरूआत में 25 शिकायतों को मामले में जोड़ा गया था और इसने पिछले साल अप्रैल में निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार


सोशल सेंटर स्कूल के नए भवन का शिलान्यास के मौके पर कुलपति प्रो योगेश।

### सोशल सेंटर स्कूल के नए भवन का शिलान्यास

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय के 75 वर्ष पुराने सोशल सेंटर स्कूल के नए भवन का शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया। 27 करोड़ की लागत से बन रहा यह मल्टीस्टोरी भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। डीयू के महाविद्यालयों की चकाचौंध के बीच लगभग उपेक्षित रहे। डीयू के वर्तमान वाइस चांसलर ने नई ऊर्जा से भर दिया है। उन्होंने कहा की बच्चे देश का भविष्य हैं, अच्छी शिक्षा अच्छा परिसर, सुविधाओं से युक्त भवन उनका मूलभूत अधिकार है। अभी तक यह विद्यालय 10वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए है लेकिन नए भवन के साथ ही विद्यार्थी 12वीं तक की शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। दिल्ली विश्वविद्यालय के निदेशक दक्षिण परिसर प्रो. प्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता स्कूल चेयरमैन प्रो. हेमेंद्र डांगी, स्कूल मैनेजर डॉ. प्रभांशु ओझा, चीफ इंजिनियर अनुपम श्रीवास्तव, स्कूल प्रिंसिपल डॉ. गरिमा भारती ,डॉ. पुष्पेंद्र, डॉ. मंजू गुप्ता उपस्थित रहे।

### पहलवान दीपक पुनिया से मिले सीएम केजरीवाल



**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों में 86 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती स्पर्धा में भारत को रजत पदक दिलाने वाले दिल्ली के पहलवान दीपक पुनिया ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान सीएम उन्हें जीत की बधाई देते हुए मेडल पहनाकर उनका सम्मान किया और कहा कि उन्हें आप पर गर्व है। आपने देश और दिल्ली का नाम रोशन किया। जल्द ही वह दिल्ली के उन सभी खिलाड़ियों को एक साथ सम्मानित करेंगे, जो एशियन गेम्स में देश के लिए पदक जीत कर आए हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनकी सरकार प्ले एंड प्रोग्रेस और मिशन एक्सिलेंस स्कीम के तहत आर्थिक मदद देकर खिलाड़ियों को निखारने का काम कर रही है। साथ ही, वह स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को भी मजबूती दे रहे हैं। नजफगढ़, कैर, प्रहलादपुर में नया स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और पूटकलां में सिंथेटिक कोर्ट बनकर तैयार है, जबकि कई अन्य जगहों पर खेल सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। सीएम से मिलने पहुंचे पहलवान दीपक पुनिया दिल्ली में ही पढ़ाई की है

### संवाद के ज्ञान केन्द्र बने शैक्षणिक संस्थान : प्रफुल्ल

**नई दिल्ली।** भारत की संस्कृति तथा जीवन मूल्यों में संवाद की परंपरा द्वारा सत्य के बोध की परंपरा आदिकाल से रही है। वादे वादे जायते तत्व बोध: जैसे सिद्धांत इस बात की पुष्टि करते हैं। शैक्षणिक संस्थानों में सकारात्मक संवाद तथा विमर्श की संस्कृति के विकास के लिए प्रयास करने होंगे, कौटिल्य स्टडी सर्किल जैसे प्रयास इस ओर सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम बनें। भारतीय युवा अपनी प्रतिभा के बलबूते विश्व की आशाओं को दिशा देने का कार्य कर रहा है, युवाओं के मध्य संवाद की परंपरा के विकास तथा भारतीय मूल्यों आधारित विमर्श दृष्टि द्वारा परिवर्तन की आकांक्षा विकसित होनी चाहिए। ये बातें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री प्रफुल्ल आकांत ने दिल्ली विश्वविद्यालय की लॉ फैकल्टी में कौटिल्य स्टडी सर्किल द्वारा आयोजित ओरियंटेशन कार्यक्रम में कहीं। प्रफुल्ली ने कहा कि भारतीयता आधारित विचारों से प्रेरित लोग तो संवाद तथा सकारात्मक विमर्श में विचार रखते हैं, परंतु भारत में ऐसी विचारधाराएं भी हैं जो संवाद तथा विमर्श में भरोसा नहीं रखती हैं, वामपंथी विचारधारा सतत् विचारों के प्रवाह से विरोध रखती है।

# शादियों के सीजन में 4.25 लाख करोड़ का कारोबार होने का अनुमान

- 23 नंवबर से 15 दिसंबर तक देश भर में लगभग 35 लाख शादियां होंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



शादी का मौसम शुरू होने वाला है। इसे देखते हुए दिल्ली समेत देशभर के व्यापारी बड़ी बिक्री करने की पूरी तैयारी में जुट गए हैं। दिवाली के तुरंत बाद शादियों के सीजन में इस बार व्यापारी बड़े कारोबार की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

इस साल 23 नवंबर को देव उठान एकादशी से शादियों के सीजन की शुरुआत होगी और 15 दि संबर तक चलेगी। एक अनुमान के मुताबिक इस अवधि के दौरान देशभर में लगभग 35 लाख शादियां संपन्न होंगी। ऐसे में कारोबारी जमकर खरीदारी की उम्मीद लगाए हुए हैं। इसमें शादी की खरीदारी और शादी से संबंधित कई प्रकार की सेवाओं के जरिए लगभग 4.25 ला ख करोड़ रुपये का कारोबार दौरान हो सकता है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया की कैट की शोध शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा हाल ही देश के 20 प्रमुख शहरों के व्यापारियों एवं सर्विस प्रोवाइडर के बीच किए गए एक सर्वे के अनुसार अकेले दिल्ली में इस मौसम में 3.5 लाख से अधिक शादियाँ होने की उम्मीद है, जिससे दिल्ली में लगभग 1 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की संभावना है। पिछले साल इसी अवधि में करीब 32 लाख शादियां हुईं और खर्च 3.75 लाख करोड़ रुपये आंका गया था।

कैट की आध्यात्मिक एवं वैदिक ज्ञान समिति के अध्यक्ष एवं वैदिक विद्वान आचार्य दुर्गेश तारे ने बताया कि नक्षत्रों की गणना के अनुसार नवंबर में विवाह की तिथियां 23, 24, 27, 28, 29 हैं जबकि दिसंबर माह में विवाह की तिथियां हैं। 3, 4, 7, 8, 9 और 15 तारीखें विवाह के लिए शुभ दिन हैं। उसके बाद, तारा एक महीने के लिए मध्य जनवरी तक डूब जाता है और फिर मध्य जनवरी से शुभ दिन शुरू हो जाएंगे।

भरतिया एवं खंडेलवाल ने बताया कि इस शादी सीजन में करीब 6 लाख शादियों में प्रति शादी 3 लाख रुपये का अनुमानित खर्च आएगा, जबकि करीब 10 लाख शादियों में प्रति शादी करीब 6 लाख, 12 लाख रुपये का खर्च आएगा।

शादियों में प्रति शादी लगभग 10 लाख खर्च होंगे, 6 लाख शादियों में प्रति शादी 25 लाख खर्च होंगे, 50 हजार शादियों में प्रति शादी 50 लाख खर्च होंगे और 50 हजार शादियाँ ऐसी होंगी जिनमें 1 करोड़ या उससे अधिक पैसे खर्च होंगे। कुल मिलाकर इस एक महीने में शादी के सीजन में बाजारों में शादी की खरीदारी से करीब 4.25 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह होगा। शादी के सीजन का अगला चरण जनवरी के मध्य से शुरू होगा और जुलाई तक जारी रहेगा शादी के सीजन में कारोबार की अच्छी संभावनाओं को देखते हुए देशभर के व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर तैयारियां की हैं।

ग्राहकों की संभावित भीड़ को देखते हुए व्यापारी अपने यहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विवाह का लगभग 20 प्रतिशत खर्च दूल्हा-दुल्हन पक्ष को जाता है जबकि 80 प्रतिशत खर्च विवाह संपन्न कराने में काम करने वाली अन्य तीसरी एजेंसियों को जाता है। शादी के सीजन से पहले घरों की मरम्मत और घरों की रंगाई-पुताई का कारोबार बड़ी मात्रा में बढ़ रहा है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 18 अक्टूबर, 2023



# खेलों में निपुण हों, देश का नाम रोशन करें खिलाड़ी


गुरुग्राम में खेल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

**गुरुग्राम।** गुड़गांव विकास मंच के अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि खिलाड़ी अपने बल पर देश का नाम रोशन करें। अपने गुरुओं के दिखाए हुए मार्ग पर चलें। यह बात उन्होंने साईं स्पोर्ट्स हब सेक्टर-91 में फुटबॉल चैंपियनशिप में बतौर मुख्य अतिथि कही। अंडर-9 के बच्चों की चैंपियनशिप में प्रथम स्थान लावण्या, दूसरे स्थान पर सारे होम्स, तीसरे स्थान पर बेस्टेक की टीम रही। अंडर-12 में प्रथम स्थान इमार पलम हिल्स, दूसरा स्थान डीएलएफ पीक्यूआर, तीसरा स्थान सारे होम्स को मिला। इस अवसर पर 20 सोसाइटियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि अजय शर्मा ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। निदेशक हरिओम भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम में मोनिका मान, अजय कुमार मान, चरनप्रीत सिंह, विकास कुमार, अभिषेक ओझा, रजनी, हयुदेव दास, सुनील श्रीवास्तव, विवेक जौहरी, संदीप यादव, सुधीर सिंह, सोनम त्यागी, विजय, सुप्रिया सभरवाल, अमित चोबराला, अरविंद सुंदरियाल, मंजू शर्मा, नैना चौहान, मनजीत मलिक, नवराज, अजय झा, रवि चौहान, एचएस सोनी, वंदना ढिल्लो, जयराम प्रदास, कोच दीपांश, आशीष, नितिन, एडवोकेट राम विलास शर्मा, डॉ. कुलदीप नैन, नीरज अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# भव्य राम बारात के बाद रामलीला के मंच से हुई सीता की विदाई

## भावुकता भरे माहौल के बीच जनकपुरी से बहनों संग अयोध्या पहुंची माता सीता

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


रामलीला के मंच पर माता सीता विदाई का मंचन।

**जैकबपुरा** स्थित श्रीदुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला के चौथे दिन राम बारात से लेकर सीता जी की विदाई तक की लीला दिखाई गई। सीता जी व बहनों की विदाई में लोग भावुक हो गये।

चौथे दिन की रामलीला में महामंडलेश्वर आत्म चेतना गिरी, समाजसेवी नरेश दुआ, दीपक दुआ, कपिल सलूजा, विकास मेहता, विरेंद्र डुडेजा, आशीष गुप्ता, भारत अरोड़ा, सुनील कुमार जैन, रजनीश पाहुजा, अमरनाथ सैनी ने अतिथि के रूप में शिरकत की। श्री दुर्गा रामलीला में चौथे दिन विवाह की चिट्ठी राजा जनक की ओर से अयोध्या में राजा दशरथ के पास भेजी गई। जिसके बाद राजा दशरथ अपने दोनों राजकुमारों भरत व शत्रुघ्न को लेकर जनकपुरी पहुंचे। रामलीला मैदान से कबीर भवन चौक, पुराना रेलवे रोड, सदर बाजार, कृष्ण मंदिर से होते हुए बारात रामलीला मैदान में पहुंची। राम-लक्ष्मण पहले से ही गुरू वशिष्ठ के साथ जनकपुरी में मौजूद थे। चारों राजकुमारों की विवाह राजा जनक की चारों पुत्रियों के साथ कराया गया। मंच पर ही फेरों की रस्म अदा की गई। हाथ पीले करने की रस्म रामलीला कमेटी ट्रस्ट के प्रधान कपिल सलूजा व उनकी पत्नी नीतू सलूजा ने पूर्ण की। विदाई के समय अपनी पुत्रियों को सदा सुखी रहने का आशीर्वाद देते हुए राजा जनक बहुत ही भावुक हो गए। भावुकता के गीत गाते हुए ही राजा जनक ने अपनी पुत्रियों को विदा किया। विशेषकर सीता को विदा करते हुए राजा जनक अश्रुधारा नहीं रोक पाए। श्री दुर्गा राम लीला के प्रवक्ता राज सैनी बिसरवाल ने बताया कि सीता जी की बहनों संग जनक पुरी से विदाई हुई। विदाई के समय माहौल पूरा भावुक हो गया। जहां हरियाणवी विदाई गीत भी गाए गए। महिलाओं और पुरुषों की आंखों में आंसु तक गए। भारी बारिश के कारण अधिक लोग रामलीला मैदान में नहीं आ पाए, लेकिन उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से रामलीला का सीधा प्रसारण अपने घर से ही देखा।

# सांस्कृतिक व सहपाठ्य गतिविधियों से होता है सर्वांगीण विकास: हितेश मीणा


गुरुग्राम में बाल महोत्सव के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते प्रतिभागी।

## चार दिवसीय बाल महोत्सव-2023 का हुआ शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में बाल महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

**सांस्कृतिक,** खेल और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों का सही मायने में सर्वांगीण विकास होता है। अभिभावकों को समय-समय पर अपने बच्चों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते रहना चाहिए। यह बात एडीसी हितेश कुमार मीणा ने मंगलवार को सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय बाल महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कही।

उन्होंने देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर इस चार दिवसीय महोत्सव की शुरूआत की। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने गणेश वंदना की प्रस्तुति से समारोह का आगाज किया। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित एडीसी हितेश मीणा ने कार्यक्रम में कहा कि सहपाठ्य गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों में आत्मविश्वास की भावना प्रबल होती है और वे कुछ ना कुछ रचनात्मक कार्य करने के लिए तत्पर रहते हैं। समारोह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए एडीसी ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा विद्यमान रहती है, बस आवश्यकता है उनको एक अवसर देने की। उन्होंने कहा कि जो टीमें प्रथम स्थान पर ना आए तो उनके बच्चे निराश ना हों। भविष्य में और मेहनत कर वे भी अव्वल आ सकते हैं।

जिला बाल कल्याण परिषद के चेयरमैन एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे इस महोत्सव में विभिन्न स्कूलों के एक हजार से अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं। बाल महोत्सव-2023 में आज छात्र-छात्राओं ने हरियाणवी, राजस्थानी, हिमाचल और पंजाब के लोकनृत्य प्रस्तुत किए। इसके अलावा बच्चों ने क्ले मॉडलिंग, बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट के सुदंर मॉडल बनाए हुए थे।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बच्चों के द्वारा तैयार किए गए इन मॉडलों की प्रशंसा की और उन्हें धार्मिक प्रतीकों के महत्व के बारे में समझाया। यह महोत्सव 20 अक्टूबर तक जारी रहेगा। आयोजन के लिए दो मंच और एक प्रदर्शनी स्टाल लगाई गई है। 'बेर पाको बारा मासा...पिया ले के आई जवार खेत मैं, बिजली पाटी बरसै बादली... मन्नै कर दिया ऊंचा नाम मेरे हरियाणे का आदि गीतों पर छात्राओं ने मनोहारी नृत्य प्रस्तुत किए। जगन्नाथ बाल आश्रम की छात्राओं द्वारा दिखाई गई योगासन प्रस्तुति को भी काफी सराहा गया।

# डी-प्लान से जुड़े विकास कार्यों में देरी के लिए अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

## जिला में डी प्लान के तहत करवाए जा रहे विकास कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में डी प्लान के तहत कार्यों को लेकर बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

**डी-प्लान** के तहत वर्ष 2023-24 में करवाए जा रहे विकास कार्यों की मंगलवार को डीसी निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला योजना अधिकारी से विस्तृत प्रगति रिपोर्ट लेने उपरान्त डीसी ने विकास कार्यों के क्रयान्वयन से जुड़े संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिला में डी-प्लान के तहत करवाए जाने वाले विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

डीसी ने बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से कहा कि वे मौजूदा वित्त वर्ष में जिला में डी प्लान के तहत होने वाले विकास कार्यों की शुरुआत से पूर्व उसकी ग्राउंड रिपोर्ट तैयार कर यह सुनिश्चित करें कि एक बार विकास कार्य शुरू होने पर उसमें किसी प्रकार की अड़चन नहीं आएगी। डीसी निशांत यादव ने कहा कि एक बार विकास कार्य शुरू होने के उपरांत यदि उसमे कोई बाधा आती है तो इससे जिला की परफॉर्मेंस प्रभावित होती है। जिसके लिए उस विकास कार्य के क्रियान्वयन से जुड़े संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पंचायती राज विभाग द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों में हो रही देरी के मामले में संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विकास परियोजनाओं में देरी के लिए अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी और देरी के लिए जवाबदेह अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने पंचायती राज विभाग से संबंधित लंबित विकास कार्यों की सूची तैयार कर प्रत्येक कार्य पर कनिष्ठ अभियंता की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा नही हुआ तो संबंधित कनिष्ठ अभियंता को निलंबित किया जाएगा। बैठक में जिला योजना अधिकारी डॉ देवीदास ने बताया कि सरकार से जिला गुरुग्राम को जिला योजना वर्ष 2023-24 के लिए कुल 11 करोड़ 94 लाख 77 हजार रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। उन्होंने बताया कि जिला योजना के तहत जिला गुरुग्राम को स्वीकृत हुई राशि में से 30 प्रतिशत राशि रास्तों व नालियों के विकास कार्यो पर खर्च की जानी है। वहीं 70 प्रतिशत राशि शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक भवन, जलापूर्ति व सिंचाई, खेल सुविधाओं, आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण व अन्य सामाजिक विकास कार्यो में खर्च की जानी है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त राशि को विभिन्न खंडों व नगर पालिका में जनसंख्या के आधार पर वितरित किया जा चुका है। इस दौरान उन्होंने 2022-23 के शेष 81 विकास कार्यो की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि इनमें से 44 विकास कार्य पूरे हो चुके हैं। 33 पर अभी कार्य प्रगति पर है। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष में अभी कुल 89 विकास कार्य मंजूर हुए हैं, जिसमें से 10 पर कार्य शुरू हो गया है।

# प्रॉपर्टी टैक्स बकाया राशि पर लगने वाले ब्याज में 100 प्रतिशत एकमुश्त छूट मिलेगी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम




**नगर** निगम गुरुग्राम, नगर परिषद सोहना व पटौदी-मंडी तथा नगर पालिका फरुखनगर के संपत्ति मालिकों के लिए सरकार द्वारा सुनहरा मौका दिया गया है। प्रॉपर्टी टैक्स बकाया राशि पर लगने वाले ब्याज पर सरकार द्वारा 100 प्रतिशत एकमुश्त छूट दी गई है। एनडीसी पोर्टल पर प्रॉपर्टी डाटा को स्व-प्रमाणित करके भुगतान करने वालों को मूल राशि पर भी 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा मंगलवार को जारी अधिसूचना के तहत 31 दिसम्बर तक संपूर्ण बकाया प्रॉपर्टी टैक्स की अदायगी करके तथा एनडीसी पोर्टल पर अपने प्रॉपर्टी डाटा को स्व-प्रमाणित करने वालों को ब्याज माफी सहित मूल राशि पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी। जारी अधिसूचना के तहत वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक के लिए प्रॉपर्टी टैक्स बकायों की मूल राशि पर 15 प्रतिशत की एकमुश्त छूट उन प्रॉपर्टी मालिकों को मिलेगी, जो 31 दिसंबर तक अपने सभी बकाया राशि की अदायगी करते हैं और संपत्ति कर बकाया भुगतान और बेबाकी प्रमाण पत्र प्रबंधन पद्धति पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी की सूचना को स्व-प्रमाणित भी करते हैं। इसके साथ ही वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक लंबित प्रॉपर्टी टैक्स की बकाया राशि पर लगे हुए ब्याज पर भी 100 प्रतिशत एकमुश्त छूट दी जाएगी। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने गुरुग्राम, पटौदी-मंडी, सोहना व फरुखनगर क्षेत्र के प्रॉपर्टी मालिकों से आह्वान किया कि वे एनडीसी पोर्टल पर अपने प्रॉपर्टी डाटा को स्व-प्रमाणित करके तथा संपूर्ण बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करके सरकार द्वारा दी जा रही ब्याज माफी व मूल राशि पर 15 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाएं। यह मौका केवल 31 दिसंबर 2023 तक ही सरकार द्वारा दिया गया है।

# पुलिस निगरानी में बंदी को दोस्त ने दिया नशीला पदार्थ, पुलिस पर लगे सवालिया निशान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**भोंडसी** जिला जेल से स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए पुलिस गार्द की निगरानी में गया बंदी के पास तलाशी के नशीला पदार्थ मिला। जिससे पुलिस गार्द पर फिर से सवालियां निशान उठने लगे है। भोंडसी पुलिस ने जेल अधिकारी की शिकायत पर आरोपी बंदी के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

भोंडसी जिला जेल से सोमवार को बंदी कृष्ण को स्वास्थ्य की जांच के लिए गुरुग्राम सैक्टर-10 में स्थित नागरिग अस्पताल पुलिस गार्द की निगरानी में गया था। अस्तपाल से वापिस जेल में आने के दौरान बंदी की ढौढी में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बंदी कृष्ण के पास 19 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान बंदी कृष्ण ने जेल अधिकारी और पुलिस के समक्ष उक्त नशीला पदार्थ नागरिक अस्पताल में उसके दोस्त द्वारा दिया जाना मंजूर किया है। भोंडसी पुलिस ने बंदी व उसके दोस्त के खिलाफ जिला जेल के उपाधीक्षक रमेश चंद की शिकायत पर मामला करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

**पुलिस गार्द पर लगा सवालियां निशान :** जिला जेल से बंदी को पुलिस की निगरानी में दोस्त द्वारा मिलने के बहाने नशीला पदार्थ पकड़ा दिया। इसे पुलिस गार्द में शामिल कर्मचारियों की लापरवाही कहे या सुरक्षा में भूल। जिससे खाकी वर्दी पर फिर उठा सवालिया निशान। यह पहली बार नहीं। इससे पहले भी पुलिस की निगरानी में जिला जेल के बंदी भाग निकलने से लेकर आपसी झगड़ा करना, नशीला पदार्थ लेकर आना आदि सवाल लगते रहे है। देखना यह है कि जांच में जुटी भोंडसी थाना पुलिस बंदी को लेकर जाने वाले पुलिस कर्मियों से भी इस मामले में पूछताछ करती है या फिर मामले को बंदी व उसके दोस्त तक ही समिति रखेगी।

# राष्ट्रीय मार्ग के सौंदर्यीकरण में बाधा बन रहा है अवैध अतिक्रमण

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना के बीचों बीच से जा रहा राष्ट्रीय मार्ग सौंदर्यीकरण निर्माण में बाधा बना अवैध अतिक्रमण।

**शहर** के एक मात्र राष्ट्रीय मार्ग और सर्विस रोड़ के बीच ग्रीन पट्टी में हो रहे अवैध कब्जे सौंदर्यीकरण में बाधा बने हुए है। भवन निर्माण सामग्री बेचने वालों से लेकर वाहन मिस्त्री, ढाबा संचालक, फल बिक्रेताओं समेत चटाई-मटका बेचने वालों ने सामान रखकर अवैध कब्जा किया हुआ है।

शहर के बीचों बीच में से जा रहा राष्ट्रीय मार्ग 248ए का दमदमा चौक से नूंह जाने वाले मार्ग पर गांव रायपुर तक सौंदर्यीकरण का कार्य चल रहा है। इस करीब 3 किलोमीटर की दूरी में राष्ट्रीय मार्ग के साथ-साथ सर्विस रोड़ के बीच के खाली स्थान को रंग-बिरंगे फूल व सुगंध देने वाले पौधे लगाकर सौंदर्यीकरण किया जाना है। जिसका निर्माण कार्य चल रहा है। अभी तक 60 फीसदी कार्य हो चुका है। 40 फीसदी कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाना है। इस 40 फीसदी कार्य को आने वाले दो माह में पूरा किया जाना है। ताकि जनवरी से नये वर्ष 2024 में यह मार्ग शहर की सुन्दरता को चार चांद लगा सके।

**अवैध कब्जा बना है बाधा :** मार्ग के सौंदर्यीकरण में वर्तमान में राष्ट्रीय मार्ग और सर्विस रोड़ के बीच 8 से 10 फुट चौड़ी पट्टी पर मार्ग के साथ-साथ बैठे दुकानदारों से लेकर गोदाम मालिक, रेहड़ी लगाने वालों ने जबरन अवैध कब्जा किया हुआ है। जिसमें भवन सामग्री से लेकर वाहन मिस्त्री की वर्कशॉप, ढाबा, होटल, फ्रूल, चाय, जूस आदि की रेहड़ियां खड़ी करके खाली स्थान को भरा हुआ है। चटाई बनाने वालों से लेकर मटके बेचने वालो ने जमीन को कब्जाया हुआ है। यह अवैध कब्जा राष्ट्रीय मार्ग की सुन्दरता को खराब कर रहे है। हलवाइयों ने अपनी भट्टी तक रखी हुई है।

> **राष्ट्रीय** मार्ग पर सौंदर्यीकरण का कार्य अंतिम स्तर पर पहुंचने से पहले सभी अवैध कब्जों को हटाया जाएगा। जिसे दोबारा से न जमने देने के इरादे से हटाया जाएगा।
> **(अजीत सिंह-एसडीओ बीएण्डआर विभाग सोहना)**

# कॉलोनी के लोगों ने पैट्रोल चोरों को रात के अंधेरे में दबोचा

**सोहना।** भोंडसी की भवानी इंकलेव कॉलोनी में रात के अंधेरे में वाहनों से पैट्रोल चोरी कर रहे तीन युवकों को स्थानीय लोगों ने दबोच लिया। जिन्हे मौके पर पुलिस को बुलाकार सौंप दिया। कॉलोनी में घरों से बाहर खडे होने वाले वाहनों में से पैट्रोल चोरी होने की शिकायते पिछले एक माह से आ रही थी। भोंडसी की भवानी इंकलेव निवासी अमन विक्रांत ने भोंडसी पुलिस का बताया कि रविवार की रात को वह घर से बाहर खड़ी अपनी गाड़ी को देखने के लिए घर बाहर निकला। तभी उसे तीन लड़के गाड़ी की टंकी के पास नजर आए। जिन्हे उसने दबोचते हुए शोर मचा दिया। उसका शोर सुनकर कॉलोनी के अन्य लोग भी अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। जिनकी मदद से तीनों लड़कों को पकड़ कर बैठा लिया। अमन विक्रांत ने बताया कि तीनों लड़क गाड़ी में से पैट्रोल निकाल रहे थे। उसकी गाड़ी में से करीब 5 लीटर पैट्रोल निकाल लिया था। जिन्हे मौके पर पुलिस को बुलाकर सौंप दिया।

# नियमों के उल्लंघन पर 53 उल्लंघनकर्ताओं पर लगाया गया 2.39 लाख रुपये जुर्माना


गुरुग्राम में सड़कों पर छिड़काव करता नगर निगम का टैंकर।

**गुरुग्राम।** केन्द्रीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित आसपास के क्षेत्रों में ग्रेडेड रैस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) लागू किया हुआ है। इसके तहत प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए हुए हैं तथा प्रदूषण बढ़ाने वाली कई गतिविधियों पर प्रतिबंध भी आयोग द्वारा लगाया हुआ है। जीआरएपी की पालना नहीं करने वालों पर नगर निगम गुरुग्राम ने 2.39 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। नगर निगम द्वारा जीआरएपी की पालना में प्रदूषण स्तर को नियंत्रित रखने के लिए गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। इसके तहत एक ओर जहां सड़कों की मैकेनाईज्ड स्वीपिंग के लिए 14 मशीनें कार्य कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर धूल को उड़ने से रोकने के लिए नगर निगम की निर्माण साईटों पर टैंकरों के माध्यम से पानी का छिड़काव करने का कार्य भी लगातार जारी है। जीआरएपी के तहत प्रतिबंधित गतिविधियां करने वालों पर भी नजर रखी जा रही है तथा उनके नियमानुसार चालान करने की कार्रवाई निगम की टीमें कर रही हैं। जीआरएपी के तहत प्रतिबंधित गतिविधियां करने वाले 53 उल्लंघनकर्ताओं पर 2.39 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इनमें मलबा फेंकने के मामले में 11 उल्लंघनकर्ताओं पर 1 लाख 20 हजार रुपये, कचरा जलाने के मामले में 3 उल्लंघनकर्ताओं पर 15 हजार रुपये, कचरा फैलाने के मामले में 26 उल्लंघनकर्ताओं पर 19 हजार रुपये, ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की पालना नहीं करने वाले 13 उल्लंघनकर्ताओं पर 85 हजार रुपये के चालान किए गए हैं।

# 85 साल की उम्र में भी चरणसिंह पांच घंटे तक बजाते हैं हारमोनियम

एन. रोहिल्ला। सोहना


उत्तर प्रदेश के जिला हाथरस निवासी 85 वर्षीय चरण सिंह सोहना के शानदार रामलीला क्लब में हारमोनियम बजाते हुए।

**संगीत** के दीवाने 85 वर्षीय चरणसिंह आज भी 4 से पांच घंटा लगातार हारमोनियम बजाकर श्रोताओं का मनोरजंन कर रहे है। चरण सिंह पिछले 12 साल से शहर की शानदार रामलीला क्बल में हारमोनियम बजाने के लिए उत्तर प्रदेश के शहर हाथरस से आते है।

उत्तर प्रदेश का जिला हाथरस निवासी 85 वर्षीय चरणसिंह आज भी हारमोनियम बजाने में किसी से कम नहीं है। लगभग छह फुट का उंचा कद वाले चरण सिंह अपने शौक और सामने बैठें संगीत के दीवारों का अपनी कला से मंत्रमुग्ध कर रहे है। चरण सिंह ने बताया कि हारमोनियम उसने 6 वर्ष की अल्प आयु में ही सीख लिया था। लेकिन 18 वर्ष की उम्र होने के बाद भी हारमोनियम को बजाने नहीं छोड़ रहे है। चरणसिंह का कहना है कि जब तक शरीर में जान रहेगी। संगीत को बजाना नहीं छोड़ना। 85 वर्षीय वृद्ध चरण सिंह पिछले 63 साल से हारमोनियम बजाते आ रहै। साल के पूरा दिन हारमोनियम लघु नाटक, गीत-संगीत, सांग, भजन कीर्तन, फिल्मी गानों पर सामने सुनने वाले को इतना मंत्रमुग कर देते है कि उसका उठने का मन ही नहीं करता।

**12 साल से रामलीला में बजा रहे हैं बाजा :** चरण सिंह ने बताया कि आज से ठीक 12 वर्ष पहले उसे हाथरस से शानदार रामलीला क्लब उसे हारमोनियम बचाने आया था। लेकिन वह आज भी 85 वर्ष की उम्र होने पर भी 4 से 5 घंटा लगातार हारमोनियम बजा रहे है। चार दिन पहले क्लब कमेटी प्रधान ने उन्हे फोन करके लखनऊ से बुलाया गया है।

> **चरण** सिंह द्वारा हारमोनियम से निकाले जाने वाली संगीत की धून और रामायण से बोले जाने वाले श्लोक की आवाज सुनने के लिए शहरवासी हर साल आते है। जिनकी संख्या 100 से 150 है। रामलीला शुरुआत होने से पहले ये श्रोता सबसे पहले चरणसिंह को बुलवाते है।
> **(नीरज सिंघला-रामलीला कमेटी के कार्यवाहक प्रधान)**

# सेक्टर-83 में भव्य दुर्गा पूजा उत्सव कल से होगा शुरू

## दुर्गा पूजा की हो रही है भव्य तैयारियां


गुरुग्राम के सेक्टर-83 में दुर्गा पूजा उत्सव की तैयारियों का दृश्य।

**गुरुग्राम।** आकर्षण फाउंडेशन की ओर से दुर्गा पूजा-2023 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आगामी 19 से 24 अक्टूबर तक यह आयोजन होगा। इस दौरान ग्रामीण भारत, पार्यावरण सद्भाव और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

आकर्षण फाउंडेशन के संस्थापक बिश्वजीत रॉय गुप्ता ने बताया कि इस बार का दुर्गा पूजा कार्यक्रम ग्रामीण भारत की थीम को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। साथ ही पर्यावरण सद्भाव और सांस्कृतिक मेल मिलाप को भी महत्वपूर्ण माना गया है। आकर्षण फाउंडेशन के संस्थापक बिश्वजित रॉय गुप्ता, अमित संगवान व गीतिका दास ने बताया कि इस साल के दुर्गा पूजा के त्योहार में निवासियों और प्रसिद्ध कलाकारों के साथ सांस्कृतिक प्रदर्शन द्वारा सबका दिल जीतने के लिए आकर्षण फाउंडेशन का नई दिशा में कदम है। त्योहार में नित्य कुंज महारास, मीरा भक्ति की कहानी जैसे अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रसिद्ध सागर बंधु द्वारा भजन संध्या, शिव तांडव और इस्कॉन द्वारा हरिनाम कीर्तन की ध्वनि सुनी जाएगी। आकर्षण फाउंडेशन और 121 रियलिटी के करमबीर सिंह के साथ 21 अक्टूबर से 23 अक्टूबर को सभी के लिए भंडारा आयोजित कर रहे हैं, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सुन्दर लाल यादव सरपंच सिकन्दरपुर बढ़ा शामिल होंगे। गीतिका दास ने कहा कि हम सभी को खुले दिन से अपना हिस्सा बनने का स्वागत करते हैं।

# दुनिया भर में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के शोरूम की संख्या 333 हुई

## वित्त वर्ष 24 में शोरूम की संख्या 365 करने का लक्ष्य

## भारत में दिल्ली हरियाणा, गुजरात और मध्य प्रदेश में एक साथ चार स्टोर लांच

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली

**गोल्ड** ज्वेलरी के मामले में दुनिया के सबसे बड़े खुदरा विक्रेताओं में से एक मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने दिल्ली के राजौरी गार्डन, हरियाणा के अंबाला, गुजरात के भावनगर और मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक साथ चार शोरूम लॉन्च कर दुनिया भर में अपने शोरूम की संख्या 333 तक पहुंचा दी है

मालाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के प्रबंध निदेशक (भारतीय परिचालन) अशर ओ, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के प्रबंध निदेशक (अंतरराष्ट्रीय परिचालन) शामलाल अहमद, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स समूह कार्यकारी निदेशक एके निषाद, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के रिटेल ऑपरेशंस हेड (शेष भारत) पी.के. सिराज और अन्य निदेशकों व शीर्ष प्रबंधन टीम के साथ मिलकर सभी शोरूम का वर्चुअली उद्घाटन किया भारत में खुदरा कारोबार के विस्तार के इस नए चरण के बाद मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के पास अब दिल्ली में 11 शोरूम, हरियाणा में 5 शोरूम, गुजरात में सात शोरूम और मध्य प्रदेश में 4 शोरूम हो गए हैं

मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का लक्ष्य वित्त वर्ष 24 में वैश्विक शोरूम की संख्या बढ़ाकर 365 करने का है. अभी समूह की 11 देशों में खुदरा उपस्थिति है. समूह यूरोप, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश में शोरूम खोलने की प्रक्रिया में है

एक साथ चार शोरूम के लॉन्च मालाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, यह हमारे लिए गर्व और खुशी की बात है कि हमने दुनिया भर में अपने शोरूम की संख्या बढ़ाकर 333 कर दी है. हमारा बहुमुखी डिजाइन ग्राहकों की उभरती संवेदनशीलता पर खरा उतरता है साथ ही गुणवत्ता, पारदर्शिता और सबसे बेहतर ग्राहक-सेवाओं की हमारी प्रतिबद्धताओं को भी पूरा करता है. इसी कारण हम भारत और बाहर आभूषण खरीदारों के पसंदीदा ज्वेलर बनेहैं. अपने परिचालन के 30 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में हम अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुंचने के लिए अपनी उपस्थिति का और विस्तार कर रहे हैं हम अपने मूल्यवान ग्राहकों, निवेशकों और अपने कर्मचारियों के लगातार समर्थन और उनके प्रोत्साहन के लिए आभारी हैं।

# इंजीनियरिंग और नवाचार का उपयोग समाज की भलाई के लिए करें विद्यार्थी: तोमर

## जेसी बोस विश्वविद्यालय के कम्युनिटी कॉलेज द्वारा इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जेसी बोस** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कम्युनिटी कॉलेज फॉर स्किल डेवलपमेंट द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विभिन्न बी.वॉक तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में नये छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की एलुमनाई एसोसिएशन वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह सम्मानित अतिथि थे। सत्र की अध्यक्षता जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने की।

कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर एवं अन्य अतिथियों ने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरांत कम्युनिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गोयल ने सभी का स्वागत किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर डीन (इंस्टीट्यूशन) प्रो. संदीप ग्रोवर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. मुनीष वशिष्ठ और विभिन्न शैक्षणिक विभागों के अध्यक्ष भी उपस्थित थे।



अपने संबोधन में राज नेहरू ने छात्रों से उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए सही कौशल अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पढ़ाई के दौरान व्यावहारिक अनुभवों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि छात्रों को व्यावहारिक अभ्यास को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा समय-समय पर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे जो कौशल हासिल कर रहे हैं, वह लगातार विकसित हो रहे बाजार में उनकी भविष्य की नौकरी की संभावनाओं के साथ पूरी तरह से मेल खाता है अथवा नहीं।

प्रतिष्ठित आईटी कंपनी आईबीएम के मानव संसाधन विभाग में अपने कार्य अनुभव को सांझा करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनियां अक्सर उन उम्मीदवारों को पसंद करती हैं, जिनके पास अपने कॉलेज के वर्षों के दौरान महत्वपूर्ण कार्यों करने का अनुभव रहा है। श्री राज नेहरू ने छात्रों को नवीनतम उभरती प्रौद्योगिकियों और बाजार के रुझानों के अनुरूप कौशल विकास के लिए प्रोत्साहित किया। डिजिटल युग की मौजूद संभावनाओं में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के बढ़ते प्रभाव को स्वीकार करते हुए उन्होंने इस क्षेत्र में अवसरों के लिए तैयार रहने की सलाह दी।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने नये छात्रों का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों के करियर तथा चरित्र निर्माण में विश्वविद्यालय जीवन को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय जीवन का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करने से के साथ-साथ वे अच्छे नागरिक बनें तथा राष्ट्र-निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग और नवाचार का उपयोग समाज की भलाई में निहित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत विकास तब महत्वपूर्ण होता है, जब उसका लाभ समाज को होता है। समग्र विकास के महत्व पर भी बल देते हुए प्रो. तोमर ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने तथा सक्रिय जीवनशैली के लिए कम से कम एक खेल गतिविधि में शामिल होने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वाईएमसीए मॉब के अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने एलुमनाई एसोसिएशन की गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए उन्होंने बताया कि एलुमनाई एसोसिएशन की स्थापना वर्ष 1985 में एसोसिएशन हुई थी और इस समय एसोसिएशन में 10 हजार से अधिक सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन न केवल विश्वविद्यालय के छात्रों को सहयोग प्रदान कर रही है, बल्कि एक वैश्विक नेटवर्क भी बनाए हुए है, जो अपने सदस्य छात्रों को व्यावसायिक और व्यक्तिगत सहायता प्रदान करता है। सुखदेव सिंह ने आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की सहायता के लिए एसोसिएशन की प्रतिबद्धता व्यक्त की और उन्हें एसोसिएशन की ओर से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उद्घाटन सत्र के अंत में कम्युनिटी कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल नितिन गोयल ने अतिथियों का धन्यवाद किया।

# कूड़े में लगी आग ने लिया भीषण रूप

## पलवल में एशियन पेंट्स में लगी भीषण आग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मंगलवार** को फरीदाबाद सेक्टर-20 के राम नगर में अज्ञात लोगो ने कूड़े में आग लगा दी। जिसकी वजह से घंटों तक आस-पास के क्षेत्र में काले धुएं का गुमार चारों तरफ उड़ता रहा। सेक्टर-12, सेक्टर-11, सेक्टर 10 आदि के लोगों का जीना दूभर हो गया।

लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिन पहले हुए सर्वे में फरीदाबाद को देश का नंबर दो प्रदूषित शहर घोषित किया था। इसको देखते हुए ही प्रशाशन ने कूड़ा आदि जलाने पर रोक लगा दी। परंतु उसके बाद भी आग लगाने का सिलसीला अभी भी जारी है। लोगों का कहना है कि



प्रशाशन के ढीलेपन की वजह से आग लगाने का सिलसिला नहीं रूक पा रहा है। कूड़े में आग लगाने की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। जिस पर दो गाड़ियों ने पहुंचकर आग को बुझाया।

ज्ञात हो कि लगातार बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए फरीदाबाद एमसीएफ व जिला प्रशासन ने शहर में कूड़ा जलाने व धुआं फैलाने वाली कंपनियों पर शिंकजा कसा था। इसके लिए फरीदाबाद शहर में कूड़ा जलाने पर रोक लगाई थी। परंतु इस रोक के बाद भी फरीदाबाद में जगह-जगह कूड़ा जलाने का सिलसिला नहीं रुक रहा है।

**पलवल में एशियन पेंट्स के गोदाम में लगी आग :** वहीं पलवल-धतीर रोड पर धतीर गांव के पास एशियन पेंट्स के गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि काफी ऊंची-ऊंची लपटें उठ रही थीं। आग की सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां व पुलिस पहुंच गई। देर शाम हुई बारिश के बावजूद लपटें बहुत तेज थीं। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। बारिश ने भी आग पर काबू पाने में मदद की। कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि आग लगने के बाद कंपनी से सभी कर्मचारी आनन-फानन कंपनी से बाहर आ गए। कंपनी के आगे से पलवल-सोहना मार्ग गुजरता है, जिस पर ट्रैफिक काफी मात्रा में चलता है, यदि आग पर काबू नहीं पाया जाता तो मार्ग को भी रोका जा सकता था। एशियन पेंट्स के इस गोदाम के आस-पास अन्य कंपनियां भी हैं।

कंपनी से उठने वाली लपटें बहुत तेज थीं। बारिश व फायर ब्रिगेड की गाडियों की बौछारों के बावजूद आग की लपटें कम होने का नाम नहीं ले रही थीं। कंपनी के अंदर डीजल के टैंक भी थे, यदि उनमें आग लग जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। आग किन कारणों से लगी इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है।

# बेटे ने प्रेमिका संग मिलकर मां को पीटा

**पलवल।** बेटे ने पिता की मौत के बाद प्रेमिका संग मिलकर विधवा मां से मारपीट कर कमरे में बंधक बना लिया। यही नहीं आरोपी बेटे और उसकी प्रेमिका ने मां के जेवरात, कैश, स्कूटी और मोबाइल तक लूट ले गए। शिकायत मिलने पर थाना बहीन की पुलिस ने आरोपी बेटे व उसकी गर्लफ्रेंड पर केस दर्ज कर लिया है।

बहीन थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह के अनुसार एक गांव निवासी विधवा ने दी शिकायत में कहा है कि उसके पति की मार्च-2023 को बीमारी के चलते मौत हो गई थी। उसके दो बेटे है। बड़ा बेटा शादीशुदा है। उसने अपनी पूरी जमीन भी अपने दोनों बेटों के नाम की हुई है। लेकिन उसका बड़ा बेटा एक गैर महिला से संबंध रखता है। जिसके चलते उसने जमीन का कुछ हिस्सा भी बेच दिया। पीड़ित मां का आरोप है कि उसने अपने बेटे को जब गैर महिला के साथ देख लिया तो उसने महिला का विरोध किया। जिसके बाद उस महिला व उसके बेटे ने उसके साथ मारपीट कर अधमरा कर दिया और जान से मारने की नीयत से उसका गला दबाकर उसके गले से सोने की चैन, कानों से सोने के टोपस व मोबाइल फोन को लूटकर उसे एक कमरे में बंद कर दिया। पीड़ित मां ने बताया कि कमरे के अंदर से वह दर्द से चिल्लाती रही, लेकिन बेटे को उस पर दया नहीं आई। आरोपियों ने छह दिन तक उसे कमरे में बंद रखकर प्रताड़ित किया और घर की अलमारी में रखे उसके मंगल सूत्र, अंगूठी, हार व पचास हजार रुपयों को लूट लिया। जब पीड़ित विधवा का भाई आया तो उसने उसकी हालत देखकर उसे कमरे से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा। दोनों ने घर पर कब्जा कर लिया।

# सांस्कृतिक गतिविधियों का विद्यार्थी जीवन में अहम योगदान



**पलवल।** एनजीएफ कॉलेज में नवरात्रि के उपलक्ष्य में नव जलसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी विद्यार्थी जीवन में अहम भूमिका निभाती हैं। विद्यार्थियों के कौशल को बढ़ावा देने में इसी कड़ी में विभिन्न विषयों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। कॉलेज के सीईओ अश्विनी प्रभाकर ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम किसी भी विद्यार्थी के जीवन के लिए बहुत जरूरी होते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अनेक नाटकों द्वारा सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया। जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण तथा नशा मुक्ति आदि विषयों को शामिल किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक डॉ. शरद कौशिक, उपनिदेशक डॉ. मनप्रीत कौर के अलावा डॉ. कुलदीप तोमर, डॉ. विनोद शर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन छात्र कार्तिक ने किया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी तथा अध्यापक मौजूद रहे।

# खेलों के जरिए भी रोजगार प्राप्त कर सकते हैं युवा : राजेश नागर

## विधायक ने बडौली में आयोजित सर्कल कबड्डी टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विधायक** राजेश नागर ने गांव बडौली में आयोजित सर्कल कबड्डी टूर्नामेंट का उद्घाटन किया और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इसका आयोजन बाग वाले बाबा विकास समिति द्वारा किया गया। यहां पहुंचने पर विधायक राजेश नागर को उत्साही युवा आयोजकों ने कंधों पर उठा लिया और मंच तक पहुंचाया।

इस अवसर पर विधायक ने खिलाड़ी टीमों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज के समय में खेल जीवन यापन का भी उत्तम साधन हैं। हरियाणा की ओर से खेलने वाले खिलाड़ियों को तो देश में सर्वोत्तम इनाम मिल रहे हैं और मनोहर सरकार ने खिलाड़ियों के लिए नौकरी की नीति की भी घोषणा की है, जिसका लाभ खिलाड़ी उठा रहे हैं।



विधायक ने कहा कि वह हर हाल सभी प्रकार के नशों से दूर रहें, क्योंकि देखने में आया है कि खिलाड़ी को उसके लक्ष्य से भटकाने के लिए बुरे तत्व उन्हें ऐसी संगत में डाल देते हैं। ऐसे में खिलाड़ी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है। नागर ने कहा कि खिलाड़ी मन लगाकर खेलें और अपने क्षेत्र, अपने प्रदेश और अपने देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि अभी एशियन गेम्स में भी हरियाणा के खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा योगदान किया है। इसके पीछे हमारी मनोहर सरकार की उत्कृष्ट खेल नीति का भी योगदान है। इस टूर्नामेंट में दर्जनभर से अधिक टीमों ने भागीदारी की। जिसमें रोहतक के गांव बहु अकबरपुर की टीम प्रथम रही।

# गूंगी-बहरी बच्ची से की छेड़छाड़

**पलवल।** गूंगी-बहरी बच्ची के साथ घर में बुलाकर छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। युवक ने बच्ची के कपड़े भी उतार दिए। जब बच्ची रोने लगी तो युवक डर की वजह से भाग गया। होडल थाना पुलिस ने बच्ची के पिता की शिकायत पर युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 12 वर्षीय बेटी बोल और सुन नहीं सकती। बडौली गांव का रहने वाला कालू उनके पड़ोस में ही अपनी रिश्तेदारी में रहता है। कालू उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने रिश्तेदार के घर ले गया। वहां उसने उसकी बेटी के सारे कपड़े उतार दिए। बच्ची के कपड़ा उतारने के बाद आरोपी छेड़छाड़ करने लगा तो बच्ची रोने लगी। बच्ची के रोने का शोर होते ही कालू उसे वहां छोड़कर फरार हो गया। उसने इशारों में पूरी घटना समझाई।

# संस्था ने थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों को कराई मुंबई की सैर

## फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया संस्था की पहल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**थैलेसीमिया** ग्रस्त बच्चों को हवाई जहाज द्वारा मुंबई ले जाया गया। इनमें से बहुत से बच्चे वो थे जो कभी हवाई जहाज में नहीं बैठे थे। यह उनका एक सपना था कि वह हवाई की यात्रा करें। जिसके लिए फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया ने उनके इस सपने को पूरा किया। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया द्वारा हमेशा ही कोशिश रही है कि थैलेसीमिया बच्चों को स्वस्थ रखा जाए, उनको खुश रखा जाये व थैलेसीमिया के बारे में लोगों को जागरूक किया जाये।

इसी कड़ी में बच्चों को फरीदाबाद से बस द्वारा दिल्ली एयरपोर्ट ले जाया गया, जहां से हवाई जहाज द्वारा मुंबई ले जाया गया। बच्चे जब हवाई जहाज में बैठे तो उनके चेहरे पर एक अलग ही खुशी का माहौल था। बच्चे जब मुंबई हवाई अड्डे पर उतरे तो वहां पर रोटरी



क्लब ऑफ नारीमन प्वाइंट के प्रधान रोटेरियन दीपक मल्होत्रा, सचिव रोटेरियन जैमिन धानी, रोटेरियन मंधार शर्मा व रोटेरियन जगदीश टन्ना द्वारा एक शानदार बस का प्रबंध किया गया था। जिसमें बच्चे बैठकर आराम से मुंबई का नजारा लेते रहे। साथ ही बस पर थैलेसीमिया के प्रति जागरूक करने के पोस्टर लगाए गए थे, ताकि लोगों को थैलेसीमिया के बारे में अधिक से अधिक जानकारी हो सके। बस द्वारा बच्चों को नवी मुंबई राजस्थान भवन में ले जाया गया। जहां पर उनका स्वागत रोटरी क्लब ऑफ नवी मुंबई द्वारा बड़े ही शानदार तरीके से किया गया। वहां पर बच्चों ने दोपहर का भोजन किया। उसके बाद बस द्वारा निकल पड़े मुंबई भ्रमण पर। बच्चों के लिए घूमने का विशेष प्रबंध रोटरी क्लब ऑफ नारीमन प्वाइंट व रोटरी क्लब ऑफ मुंबई मिलेनियम द्वारा किया गया था। बच्चों को समुद्र किनारे, गेटवे ऑफ इंडिया, क्रिकेट स्टेडियम, जुहू बीच, मरीन ड्राइव, अमिताभ बच्चन का बंगला जलसा, शारुख खान का बांग्ला मन्नत, सिद्धी विनायक मंदिर व हैंगिंग गार्डन इत्यादि घुमाया गया। रोटरी क्लब ऑफ नवी मुंबई द्वारा डी वाई पाटिल अस्पताल में एक शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमे मुंबई के 10 रोटरी क्लब्स ने हिस्सा लिया। वहां मुंबई के थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों से फरीदाबाद के बच्चों को मिलवाया गया, उन्होंने आपसी बातें सांझा कीं।

# भाजपा सरकार ने श्रमिक बस्तियों की पूर्णतया अनदेखी की : शारदा राठौर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पूर्व** विधायक शारदा राठौर ने कहा कि भाजपा सरकार ने श्रमिक बस्तियों की पूर्णतया अनदेखी की है। चुनाव के समय भाजपा ने जो वायदे किए थे, अब उनकी चर्चा तक नहीं की जाती। ऐसी बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं की सुध लेने वाला कोई नहीं है। श्रमिक बस्तियों में रहने वाले लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर है।

पूर्व विधायक शारदा राठौर ने यह बात रामशरण चौक पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा अन्य सुविधाएं तो दूर की बात यहां के लोग पीने के पानी के लिए भी तरस रहे हैं। गलत पहचान पत्र बनाकर अधिकतर लोगों के राशन कार्ड काट दिए गए हैं। जरूरतमंद लोगों की बुढ़ापा पेंशन भी काटी गई है।

फैक्ट्रियों में निर्धारित न्यूनतम वेतन भी नहीं मिल पा रहा है। बहुत से श्रमिक परिवार पलायन कर चुके हैं। भाजपा को श्रमिक बस्तियों में रहने वाले लोगों की याद रैली के समय और चुनाव के समय ही आती है। शारदा राठौर ने कहा कि कांग्रेस




के शासन में शहरों में आर्थिक रूप से जरूरतमंद लोगों को फ्लैट बना कर दिए गए थे और गांव में 100-100 गज के प्लॉट दिए गए थे। लेकिन अब भाजपा सरकार ने पिछले नौ सालों में किसी को एक इंच भी जगह नहीं दी है।

भाजपा सरकार की गलत नीतियों से फरीदाबाद जिले के औद्योगिक विकास को ग्रहण लग गया है। जिसका सीधा प्रभाव गरीब श्रमिकों को झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही श्रमिकों का भला कर सकती है। भाजपा सरकार का विकास सिर्फ भाषणों तक सीमित है, धरातल पर सब जीरो है। शारदा राठौर ने श्रमिकों से वायदा किया कि कांग्रेस सरकार बनने पर सभी बस्तियों में पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा और मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। श्रमिकों के बच्चों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के संदर्भ में विशेष कार्य किए जाएंगे। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर जिले के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और शहर वासियों के जीवन स्तर में आमूल चूल सुधार आएगा। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की लहर चल रही है जिसमें श्रमिकों की विशेष भूमिका होगी। सभा में उपस्थित महिलाओं ने शारदा राठौर को अपनी कॉलोनी की समस्याओं से अवगत कराया और आगामी चुनाव में साथ देने का वादा किया।

# संक्षिप्त समाचार

## अभाविप ने नेहरू कॉलेज में की इकाई घोषित



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद फरीदाबाद ने पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज में आगामी वर्ष 2023-24 के लिए इकाई की घोषणा की गई। जिला संयोजक गायत्री राठौर ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। जो लगातार 365 दिन छात्र हित के साथ-साथ कैंपस में रचनात्मक और सामाजिक जीवन की बेहतरी एवं सुरक्षा को ध्यान में रखकर निरंतर कार्य करता है। जिसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज इकाई मार्निंग अध्यक्ष आकाश चौधरी, इवनिंग इकाई अध्यक्ष रिषभ भड़ाना को बनाया गया।

## युवा संसद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर



**पलवल।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल घोड़ी में मंगलवार को युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य ओमबीर सहरावत ने की। कोऑर्डिनेटर के रूप मे रूपचंद लेक्चरर राजनीति विज्ञान व सत्यप्रकाश रहे। कार्यक्रम की रूप रेखा व संचालन लेक्चरर सुरेंद्र सिंह व सरजूबाला ने किया। इस कार्यक्रम मे संसद में प्रधानमंत्री की भूमिका कक्षा 11वीं की छात्रा तनिषा ने निभाई। कक्षा बारहवीं की छात्रा हेमलता ने अध्यक्ष की भूमिका निभाई। गृहमंत्री की भूमिका 12वीं कक्षा की छात्रा खुशी ने निभाई। शिक्षामंत्री की भूमिका 11वीं की छात्रा भूमि ने निभाई। इस अवसर पर 12वीं की छात्रा कंचन ने रक्षामंत्री का रोल किया। महिला एवं बाल विकास मंत्री की भूमिका हर्षिता कक्षा 12वीं ने निभाई। नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में निकेश कक्षा 12वीं रही। युवा संसद के रूप में कक्षा 12वीं की छात्रा करिश्मा ने अपने रोल से सभी को प्रभवित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के 50 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में अमित कुमार पीजीटी, रघुविंदर, पदम सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपना योगदान दिया। युवा संसद में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री, प्रतिपक्ष नेता की भूमिका की सभी ने सराहना की।

## कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**पलवल।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में आईक्यूएसी के तत्वावधान में एनसीसी गर्ल्स विंग के अंतर्गत अंतराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कैडेट्स के लिए स्लोगन राइटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लेफ्टीनेंट डॉक्टर मनीषा अग्रवाल के निरीक्षण में आयोजित किया गया। स्लोगन राइटिंग में प्रथम पुरस्कार पिंकी रावत, द्वितीय पुरस्कार तमन्ना और तृतीय पुरस्कार अंजली ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मनीषा, द्वितीय पुरस्कार बबीता और तृतीय पुरस्कार प्रीति ने प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता के जज पैनल में डॉक्टर पीके वर्मा, डॉक्टर केडी शर्मा और डॉक्टर एनके गोयल थे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर अंजू कक्कड़ और डॉक्टर वंदना कालरा ने किया। डॉक्टर प्रतिभा सिंगला ने सभी कैडेट्स के उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेने पर उनकी सराहना की। कार्यक्रम में 4 हरियाणा गर्ल्स बटालियन से हवलदार प्रमोद, नायक दीपक और हवलदार बिरादर भी उपस्थित रहे।

## नेहरू कॉलेज में लगाई सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन




**फरीदाबाद।** पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मे जज्बा फाउंडेशन ने गर्ल्स स्टूडेंट्स की बेसिक जरूरतों का ख्याल रखते हुए महाविद्यालय में पहली सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन लगाई है। इस मशीन में सेनेटरी पैड्स हमेशा रहेंगे, स्टूडेंट्स जरुरत के वक्त आपातकालीन स्थिति में इस मशीन से पैड्स खरीद सकती हैं। महाविद्यालय में लगाई गई सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन महाविद्यालय के गर्ल्स कॉमन रूम में लगाई गई है। वेंडिंग मशीन के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. रुचिरा खुल्लर प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद, विशिष्ट अतिथि सौम्या गांधी सोशल मीडिया इन फ्यूलेनसर, वूमन सेल की इंचार्ज चारु मिड्डा, जज्बा फाउंडेशन चेयरमैन हिमांशु भट्ट रहे। वहीं मशीन के रखरखाव की जिम्मेदारी वी-पैड की सोनिया तनेजा व कुछ स्टूडेंट्स को दी गई है। इस मशीन में आपातकालीन खरीद के लिए छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड हमेशा उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रुचिरा खुल्लर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि एक समय था, जब माहवारी की विषम परिस्थितियों में यह पता नहीं होता था कि वो क्या करें, किस प्रकार से अपना ध्यान रखें। परंतु आज काफी अधिक मात्रा में जागरूकता होने की वजह से पहले होने वाली समस्या में कमी आई है। विशिष्ट अतिथि के रूप में आई सौम्या गांधी व योगिता ने कहा कि स्वस्थ रहना है तो व्यक्तिगत सफाई का पूरा ख्याल रखें। खासकर बच्चियों को माहवारी के दौरान उनकी माता, शिक्षिका व बड़ी बहनों को उनका ख्याल रखना चाहिए। उन्हें इसके प्रति प्यार से समझाएं। कई बार छात्राएं लोकलाज के कारण अपनी समस्याओं को शेयर नही कर पाती हैं। बड़ों का दायित्व है कि इसे लेकर उन्हें सही जानकारी दें।

## रॉन्ग पार्किंग करने वाले 728 वाहन चालकों के काटे चालान

**फरीदाबाद।** ट्रैफिक पुलिस टीम ने एक दिन में रॉन्ग पार्किंग के 728 वाहन चालकों के चालान काटकर जुर्माना लगाया। अभियान के दौरान वाहन चालकों के चालान किए गए जिसमें रोंग साइड, नो.पार्किंग, अंडर एज ड्राइविंग, रॉन्ग लेन, ओवर स्पीड इत्यादि के चालान किए गए है। साथ ही ऑटो के यूनिक कोड के रजिस्ट्रेशन कराने वाले 535 ऑटो पर यूनिक कोड लगाया है। यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जिसके तहत यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान के एक दिन में 2066 वाहन चालकों के चालान काटे गए। जिसमें 932 ई-चालान और 1134 पोस्टल चालान काटे गए है। ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो का यूनिक कोड का रजिस्ट्रेशन कराने वाले 535 ऑटो के यूनिक कोड लगाए है।

## विश्व क्रिकेट

### अफगानिस्तान का प्रवेश

**विश्व क्रिकेट** में 'बुजकशी' खेलने वाले अफगानिस्तान का प्रवेश महत्वपूर्ण परिघटना है। सालों से जारी युद्ध, उथलपुथल तथा अशांति को अनदेखा कर अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ड कप 2003 में अपनी महत्वपूर्ण छाप छोड़ी। उसने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को 69 रनों से हरा दिया। विश्व कप इतिहास में यह उसकी केवल दूसरी विजय है। लेकिन अब सब कुछ बदल गया है। अफगानिस्तान की मजबूत क्रिकेट टीम ने स्वयं को खेल की विशिष्ट टीमों में शामिल करा दिया है। हालांकि, इसका कुछ श्रेय भारत को भी है जिसने अफगान टीम को यह शक्ति प्राप्त करने में सहायता की। अफगान क्रिकेटरों की यात्रा पाकिस्तान में शुरुआती प्रशिक्षण से हुई थी और उनमें से कुछ ने अपने क्रिकेट कॅरियर की शुरुआत सीमापार शरणार्थी शिविरों में की थी। धूल भरे और अस्थाई तौर से तैयार मैदानों में खेलते हुए उन्होंने अपने देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का सपना देखा था। इस युद्धरत देश की टीम टी20 व ओडीआई में पाकिस्तान के खिलाफ उतरी। लेकिन महत्वपूर्ण मोड़ उस समय आया जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड-बीसीसीआई ने उथलपुथल भरे देश में इस खेल को आगे बढ़ाने का फैसला किया। 2015 में ग्रेटर नोयडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्टस काम्प्लेक्स में अफगान क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए एक अस्थाई 'होम ग्राउंड' तैयार किया गया। क्रिकेट की दुनिया में कुछ ही कहानियां अफगान टीम की असाधारण प्रगति जितनी आकर्षक और प्रेरणादायक होंगी। पिछले दो दशकों की इस यात्रा ने अफगानों की अदम्य भावना तथा उत्कृष्टता प्राप्त करने की उनकी असाधारण इच्छा प्रकट की है। अपनी मामूली शुरुआत से एक महत्वपूर्ण शक्ति बनने की यात्रा से अफगानिस्तान को न केवल दुनिया के प्रमुख क्रिकेट खेलने वाले देशों का सम्मान और विश्वास दिलाया है, बल्कि इसने इतिहास में भी अपनी छाप छोड़ी है।



क्रिकेट में उनकी उल्लेखनीय प्रगति घरेलू व विश्व क्रिकेट लीग जैसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में सहभागिता से प्राप्त हुई है। कोचों और मेंटरों के निर्देशन में अफगान खिलाड़ियों ने अपना कौशल मजबूत किया तथा क्रिकेट की विशेष 'ब्रांड' स्थापित की। अपनी पेस और स्पिन के लिए उनके गेंदबाज लोकप्रिय हुए और बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन से अपनी उत्कृष्टता दिखाई। अफगानिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कौंसिल-आईसीसी की 2017 में पूर्ण सदस्यता प्राप्त करना था। इसका अर्थ है कि उनको वही दर्जा मिला जो भारत, इंग्लैंड व आस्ट्रेलिया जैसे बड़े क्रिकेटर देशों को मिला था। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की प्रगति दृढ़ता व प्रतिबद्धता की कहानी है। उसने क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया तथा साथी क्रिकेट खिलाड़ियों का विश्वास और सम्मान प्राप्त किया। अब अफगानिस्तान के स्पिनरों व बल्लेबाजों से अन्य खिलाड़ियों में भय पैदा हो गया है जो उनकी उल्लेखनीय यात्रा का प्रमाण है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान के लगातार शानदार प्रदर्शनों को देखते हुए उनकी सफलता का उत्सव मनाना उचित होगा। यह लोगों को एकजुट करने की खेलों की शक्ति प्रदर्शित करता है, चाहे उनकी पृष्ठभूमि या परिस्थितियां जो भी हों। अफगानिस्तान की क्रिकेट यात्रा उम्मीद और प्रेरणा की यात्रा है। इससे स्पष्ट है कि सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी प्रतिबद्धता की विजय होती है। एक हिंदी फिल्म में शाहरुख खान के लोकप्रिय संवाद को थोड़ा बदल कर कहा जा सकता है, 'किसी युद्धरत देश की क्षमता को कम न समझें।'

# परम्परागत उद्यमिता को बढ़ावा

**स्वरोजगार में लगे परंपरागत उद्यमियों को बढ़ावा देने में 'पीएम विश्वकर्मा' महत्वपूर्ण कदम है। इससे समुदायों के सशक्तीकरण व रोजगार सृजन में सहायता मिलेगी।**



**दिनेश सूद**
(लेखक, कौशल संवर्धन क्षेत्र से संबद्ध हैं)



अनेक लोग अपने सपनों के रोजगार की इच्छा के बावजूद अपनी उद्यमिता के साथ जोखित उठाना पसंद नहीं करते हैं। लेकिन यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि लुहार, सुनार, कुम्हार, बढ़ई, पत्थरों पर काम करने वाले, नाई, मोची व अन्य भारतीय कार्यबल के महत्वपूर्ण अंग हैं। ये परंपरागत उद्यमी अपने हाथों व औजारों से काम करते हैं तथा आमतौर से स्वरोजगार में लगे लोग हैं। वे एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को अपने हुनर और कौशल का हस्तांतरण करते हैं। इससे सिद्ध होता है कि उद्यमी पैदा होते हैं, बनाए नहीं जाते हैं। इस संस्कृति में वे लोग अक्सर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जो अपनी उद्यमितापूर्ण सोच को आगे बढ़ाते हैं। हालांकि, उनको उद्यमिता में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है, पर वे अपने जीवन को इसके अनुसार ढालने का प्रयास करते हैं।

इन उद्यमियों को आगे बढ़ाने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बहुत खास पहल की है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने 13,000 करोड़ रुपये से 'पीएम विश्वकर्मा' योजना शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य उन परंपरागत उद्यमियों को प्रोत्साहित करना है जो अपने छोटे-छोटे उद्यमों से नौकरी मांगने के बजाय नौकरी देने वाले बनते हैं। इसका उद्देश्य परंपरागत लघु उद्यमियों का सशक्तीकरण कर उनको घरेलू व वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़ना है। इसके लिए उनके कौशल संवर्धन तथा आधुनिकीकरण का मार्ग अपनाया जाएगा। इससे उनको पहले से मौजूद अपने परंपरागत कौशलों को प्रगति देने का अवसर मिलेगा तथा वे ज्यादा प्रासांगिक बन कर अपने सामाजिक-आर्थिक स्तर तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकेंगे।

सफल उद्यमिता केवल उन लोगों तक सीमित नहीं है जो पारिवारिक बिजनेस को विरासत में प्राप्त करते हैं। उद्यमिता के प्रति किसी व्यक्ति की सोच महत्वपूर्ण है जो आयु और अनुभव के साथ बढ़ती है। परिपक्व होने के साथ ही लोग उद्यमिता का महत्व समझते हैं और अक्सर इसे कॅरियर का रास्ता बनाते हैं। लेकिन हम उन लोगों को कैसे प्रोत्साहन दे सकते हैं जो उद्यमितापूर्ण पृष्ठभूमि से आते हैं तथा भावी सेवायोजक बन कर हमारी टिकाऊ अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं? यह हमारी जिम्मेदारी है कि इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जांए। क्या हम इस दिशा में कम से कम कुछ शुरुआती कदम उठा सकते हैं? घरों में माता-पिता इस दिशा में उल्लेखनीय योगदान कर सकते हैं। उनको शुरुआती स्कूली दिनों से ही बच्चों को सफल उद्यमियों की कहानियां पढ़ने को देनी चाहिए।

इससे वे अपने छोटे बच्चों को अपनी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों के साथ ही समाज को उनके द्वारा भविष्य में दिए जाने वाले लाभों और योगदानों से परिचित करा सकते हैं। हालांकि, बच्चों को स्वयं डाकटर या शेफ बनने के बजाय अस्पताल या होटल बनाने का उद्देश्य सामने रखना ठीक है। इस प्रक्रिया में छोटे बच्चे अपना रास्ता खुला रखेंगे तथा केवल डाक्टर या शेफ बन कर संतुष्ट नहीं होंगे। इससे उनकी सोच का दायरा विस्तृत होगा तथा वे सफल सुपरस्पेशलिस्ट डाक्टर या सेलेब्रिटी शेफ बनने से आगे की भी सोच सकेंगे।

स्कूलों को भी विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना पैदा करनी चाहिए ताकि वे भविष्य में रोजगार मांगने वाले बनने के बजाय उद्यमी बन सकें। तेजी से प्रगति कर रहे उद्योगों, सेवा तथा तृतीयक क्षेत्रों वाली अर्थव्यवस्था में ज्यादा से ज्यादा रोजगार देने वाले पैदा करने के लिए बहुआयामी प्रयासों की जरूरत है। दुर्भाग्य से हमारी शिक्षा व्यवस्था स्कूली छात्रों में आवश्यक उद्यमिता कौशल पैदा करने के बारे में ज्यादा ध्यान नहीं देती है। उद्यमिता का कौशल रोजगार देने वालों का मुख्य आधार है और हमें इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

उद्यमिता की भावना पैदा करने के लिए स्कूलों में 'बिजनेस ब्लास्टर यंग इंटरप्रेन्योर प्रोग्राम' को मंजूर करना चाहिए। इससे कक्षा 11 के स्कूली बच्चों को उद्यमी बनने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। अपने साथ सालों के उद्यमिता अनुभव को लाने वाले सफल उद्यमी व यूनीकार्न मेंटर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। वे नौजवानों व खासकर स्कूली पढ़ाई बीच में ही छोड़ चुके ड्रापआउट में कौशल संवर्धन कर उनको उभरते उद्यमी में बदल सकते हैं जो रोजगार-प्रदाता की भूमिका निभा सकते हैं।

कालेजों में सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम के साथ ही उद्यमियों के साथ अक्सर सेमिनार व कार्यशालायें आयोजित की जानी चाहिए जिसमें कक्षा में शिक्षण के बजाय काम करते हुए अनुभव प्राप्त करने पर जोर दिया जाए। उद्यमियों की ओर से विचारों के वित्त-प्रायोजन तथा मेंटरशिप इस दिशा में लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। इसके साथ ही छात्रों को उद्यमियों की संस्कृति समझने के लिए वास्तविक संस्थानों में जाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। बिजनेस स्कूलों को उद्यमिता शिक्षण पर वास्तव में उतना ही जोर देना चाहिए जितना वे बिजनेस सिखाने पर देते हैं। मॉक ड्रिल का क्रियान्वयन किया जाना चाहिए जहां छात्र संगठनों में इंटर्नशिप करने जितना समय उद्यमियों के साथ बिताने पर दिया जाना चाहिए। छात्र की बिजनेस क्षमता तथा उद्यमिता भावना का आंकलन करना भी समान रूप से महत्वपूर्ण है।

उद्यमिता भावना के विकास तथा छात्रों व नौजवानों को रोजगार प्रदाता बनाने में कौशल विकास केन्द्रों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। हमारे देश में अनेक बहुत अच्छी मानसिक क्षमता वाले लोग हैं जो कौशल विकास को परिवर्तनकारी रूप में ला सकते हैं। इन नेतृत्वकारी लोगों को उद्यमिता कौशल विकसित करने पर ध्यान देना चाहिए। उनको इस क्षेत्र में उसी ऊर्जा और प्रतिबद्धता से काम करना होगा जिस ऊर्जा व प्रतिबद्धता के साथ वे लोगों की रोजगार योग्य क्षमताओं के विकास में योगदान करते हैं। उद्यमिता विकास संस्थानों को सोचना चाहिए कि कितने सफल उद्यमियों को मेंटर के रूप में अपने साथ जोड़ा जा सकता है जो भावी उद्यमियों को तैयार करें? हमें शिक्षकों की जरूरत नहीं है जो समझायें कि उद्यमी कैसे बना जाता है क्योंकि यदि वे सचमुच जानते होते तो उद्यमी बन गए होते। हमें ऐसे सिद्ध उद्यमियों की आवश्यकता है जो हमारे भावी उद्यमियों को निर्देशन के साथ उनकी सहायता कर सकें तथा उनको सफलता के मार्ग पर ले जा सकें। इस दिशा में सफलता के लिए संसाधन प्रदान करना केवल काम का एक हिस्सा है, जबकि विशेषज्ञ सहायता प्रदान करना भी समान रूप से महत्वपूर्ण है।

संक्षेप में यदि कहा जाए तो सफल उद्यमियों को आगे बढ़ कर अपने व्यस्त समय में से थोड़ा समय निकाल कर भावी उद्यमियों का नियमित रूप से मार्गदर्शन करते रहना चाहिए। यह काम एक खास समय तक किया जा सकता है जब तक मार्गदर्शक के माध्यम से सहायता प्राप्त करने वाला व्यक्ति सही रास्ते पर न चल पड़े। इसके बाद मार्गदर्शक अपना ध्यान अगले उभरते उद्यमी पर लगा सकता है। यह 'कार्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी' का ज्यादा प्रभावी रूप सिद्ध हो सकता है। मोटे तौर से कहा जाए तो उद्यमिता का संचालन महत्वाकांक्षाओं तथा उपलब्ध संसाधनों के आधार पर ही होता है। उद्यमी इसलिए बिजनेस नहीं शुरू करते हैं कि सबकुछ अपनी सही जगह पर होगा। कई बार ऐसा नहीं भी होता है।

इस दृष्टिकोण से देखें तो स्वरोजगार करने वाले या परंपरागत 'विश्वकर्मा' अपने व्यक्तिगत संतोष के लिए अपने कौशल में सुधार करते रहते हैं और इस प्रकार वे अपने समुदाय में भी महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। ऐसे में पूरे समाज को ऐसे परम्परागत विश्वकर्माओं के साथ आकर उनका समर्थन अवश्य करना चाहिए। इससे परम्परागत उद्यमियों के कौशल संवर्धन का समाज को भी लाभ प्राप्त होगा। वास्तव में हमारा उद्देश्य नौकरी तलाश करने वालों या कर्मचारियों की तुलना में ज्यादा नौकरी देने वालों या उद्यमियों को तैयार करना होना चाहिए। इसके साथ-साथ यह उम्मीद करनी चाहिए कि 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा' योजना इस स्थिति को यथार्थ बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

# 'मूट कोर्ट' के द्वारा भावी वकीलों को प्रशिक्षण

**"उभरते वकीलों के तर्क-वितर्क कौशल को बेहतर बनाने के लिए, भारत भर के लॉ कॉलेज और स्कूल मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं का प्रयोग कर रहे हैं।"**

**कुमार चेलप्पन**
(लेखक, दि पायनियर के विशेष संवाददाता हैं)



विधि विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में 'मूट कोर्ट' को एक अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया गया है, इसमें प्राप्त अंक उस ग्रेड को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जिसके साथ छात्र एलएलबी डिग्री परीक्षा में उत्तीर्ण होते हैं। कानूनी बिरादरी या लॉ कॉलेजों से बाहर के लोग मूट कोर्ट के बारे में पूछे जाने पर पीछे मुड़कर देख सकते हैं। हालांकि मूट कोर्ट गणित ओलंपियाड की तरह ही महत्वपूर्ण और दिलचस्प हैं, लेकिन उन्हें अभी तक सार्वजनिक मान्यता नहीं मिली है। कानूनी मामलों में रुचि रखने वालों के लिए, यह गणित ओलंपियाड के बराबर एक कार्यक्रम है, गवर्नमेंट लॉ कॉलेज, त्रिशूर के प्रिंसिपल प्रोफेसर वीआर जयदेवन ने कहा, जिन्होंने पिछले दिनों अपने कॉलेज में सितंबर के सप्ताह में एक अखिल भारतीय मूट कोर्ट कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया था।

यद्यपि त्रिशूर मूट कोर्ट प्रतियोगिता की योजना एक लो-प्रोफाइल कार्यक्रम के रूप में बनाई गई थी, लेकिन इसमें पूरे भारत से 36 टीमें शामिल हुईं। विजेताओं को जस्टिस टी. रामचन्द्रन मेमोरियल ट्रॉफी मिली। इस आयोजन में तीव्र प्रतिस्पर्धा देखी गई क्योंकि भाग लेने वाले स्नातक छात्रों ने उत्साह और संतुलन के साथ कानून के एक खंड से दूसरे खंड में स्विच किया।

यदि आप बिना कानूनी पृष्ठभूमि वाले किसी व्यक्ति से पूछते हैं कि म्यूट कोर्ट क्या है, तो संभावना है कि आप क्रोधित नज़र से देखेंगे। कोई भी उसे दोष नहीं दे सकता क्योंकि कानूनी शिक्षा के ज्ञान से वंचित व्यक्ति इस शब्द से बिल्कुल भी परिचित नहीं हैं। मूट कोर्ट नवोदित वकीलों को अदालत कक्ष में वास्तविक जीवन की लड़ाई का सामना करने के लिए तैयार करने के लिए लॉ स्कूलों में आयोजित अनुकरणीय पाठ हैं। यह एक बौद्धिक प्रतियोगिता है जिसकी कल्पना कानून के छात्रों की उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में कुशलता का परीक्षण करने के लिए की गई है।

आयोजक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के विषयों को हटा देते हैं, उन्हें कानूनी मुद्दे के रूप में रखते हैं और छात्रों से विषय के पक्ष और विपक्ष में बहस करने के लिए कहते हैं। लॉ स्कूलों की कक्षाओं को सभी शानदार माहौल के साथ वास्तविक जीवन के अदालत कक्षों में बदल दिया जाता है। इन मुकाबलों से भविष्य के जेठमलानी, सर्वैस, नरीमन और सोराबजी सामने आते हैं!

कानून और कानूनी संहिताओं की बारीकियों से परिचित लोगों को यह आयोजन निश्चित रूप से पसंद आएगा। मुझे हमेशा लगता है कि मूट कोर्ट केरल के मूकाभिनय कथकली से मिलता जुलता है, जिसका आनंद केवल कला के पारखी ही ले सकते हैं। जो लोग कथकली के बारे में अनभिज्ञ हैं, उनके लिए इसे देखना एक व्यर्थ अभ्यास है। मलयालम में एक कहावत है कि कहानी को जाने बिना कला को देखना समय की बर्बादी है, पार्वती श्रीजथ वलियाथन, सहायक प्रोफेसर, एसआरएम लॉ स्कूल, चेन्नई ने कहा। त्रिशूर कार्यक्रम कॉलेज द्वारा आयोजित वार्षिक मूट कोर्ट प्रतियोगिता का 12वां संस्करण था। इस वर्ष हमने वास्तविक जीवन की घटना से हटकर एक विषय का चयन किया। भारत संघ के एक राज्य धर्मांचल ने धर्मांचल इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड एक्ट 2001 अधिनियमित किया। अधिनियम की प्रस्तावना में कहा गया है कि राज्य में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश के लिए एक फंड का गठन करना समीचीन था। यह अधिनियम केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट फंड अधिनियम 1999 के प्रावधानों के समान था, कार्यक्रम की लाइववायर प्रोफेसर सोनिया के दास ने बताया।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने के कामकाज के तरीके और राज्य की चुकाने की क्षमता से अधिक ऋष्ण लेने पर कड़ी आपत्ति जताई। संघीय ढांचे और राज्यों की स्वतंत्रता से संबंधित अनुच्छेदों को नकली अदालत कक्षों में प्रतिभागियों द्वारा हथियार के रूप में इस्तेमाल किया गया था, जिनकी अध्यक्षता न्यायाधीशों द्वारा की गई थी, जिन्होंने याचिकाकर्ताओं और उत्तरदाताओं के लिए उपस्थित होने वाले वकीलों से विषय की गहराई तक जाने वाले प्रश्न पूछे थे। दर्शकों के चेहरे के भाव बहुत कुछ बयां कर रहे थे. उन्हें भी भारतीय संविधान में अब तक अविवादित मुद्दों की ओर ले जाया गया। प्रोफेसर जयदेवन ने कहा, हमारा इरादा वकालत के कौशल को बेहतर बनाना है।

प्रतियोगिता में तीखी बहस और जवाबी बहस देखने को मिली। तर्क के अलावा, मूट कोर्ट कानून के छात्रों के लिए प्रारूपण, दलील और संप्रेषण में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने का मार्ग है। मूट कोर्ट छात्रों को ऐसे कौशल विकसित करने के लिए बौद्धिक रूप से प्रोत्साहित करेगा जो भविष्य में बहुत महत्वपूर्ण होंगे। प्रतिभागियों (मूटर के रूप में संबोधित) के पास जटिल कानूनी मुद्दों का विश्लेषण करने, प्रमुख तर्कों की पहचान करने और तार्किक रूपरेखा विकसित करने के लिए तेज विश्लेषणात्मक कौशल होना चाहिए, पार्वती कुमार ने कहा, जो उनके नाम एक दर्जन से अधिक मूट कोर्ट कार्यक्रम हैं।

मूट कोर्ट में कई प्रतिभागी होते हैं जो शोध और प्रारूपण जैसे विभिन्न कार्य करते हैं जिन्हें अनुमोदन/विचार के लिए न्यायालय में रखा जाता है। प्रतिभागियों को उम्मीद है कि एक दिन वे वाशिंगटन डीसी में आयोजित फिलिप सी जेसप इंटरनेशनल लॉ मूट कोर्ट में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होंगे।

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि राष्ट्रों के वैश्विक समुदाय को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के आदेशों का पालन करने के लिए कहने के लिए कोई सशक्त निकाय नहीं है, यह अगली पीढ़ी पर है कि वह ऐसे विचार और समाधान लेकर आए जो राज्यों को उसके द्वारा जारी आदेशों का पालन करने के लिए मजबूर करें। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति ने यूरोप के युद्धरत देशों को एक साथ ला दिया है, यह एक आशाजनक हस्ताक्षर है। भारत में मूट कोर्ट को पनपने दीजिए।

## आप की बात

### भारत-श्रीलंका संबंध

**भारत-श्रीलंका** के बीच शताब्दियों पुराने संबंध हैं, हालांकि इनमें उतार-चढ़ाव आता रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों देशों के बीच नौका परिवहन शुरू करने की घोषणा की है। भारत व श्रीलंका सरकार का यह निर्णय निश्चित रूप से स्वागत योग्य है। इन दोनों देशों की जनता के बीच भी बहुत निकट संबंध रहे हैं। श्रीलंका में बसे हुए तमिलों के कारण तमिलनाडु और श्रीलंका के बीच भाईचारे का गहरा सामंजस्य है। ऐसे में नौका परिवहन से दोनों देशों के नागरिक कम खर्च में सरलता से एक दूसरे के यहां जा सकते हैं। इससे पर्यटन, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि कई तरह की सेवाओं का आदान-प्रदान हो सकेगा। इससे दोनों देशों की जनता के बीच भाईचारा बढ़ेगा और दोनों देशों के प्रगाढ़ संबंधों के कारण चीन अपनी कुटिलता के दांव वहां पर नहीं खेल पाएगा। श्रीलंका की अर्थव्यवस्था पिछले दिनों भारी उथलपुथल की शिकार रही है और उसके चीनी कर्ज के जाल में फंसने के बावजूद भारत ने यथासंभव उसकी अधिकाधिक सहायता की है। दोनों देशों के बीच नौका परिवहन शुरू होने से श्रीलंका में भारतीयों का आना-जाना बढ़ेगा तथा इससे बौद्धों व हिंदुओं के बीच सांस्कृतिक एकजुटता को भी बढ़ावा मिलेगा।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### हमास का आतंकवाद

**इज़राइल-हमास** के युद्ध के पहले दिन हमास में अपनी क्रूरता अच्छे से दिखा दी। उसे पता था कि इसराइल उसका मुंह तोड़ जवाब देगा, मगर उसने यह कभी नहीं सोचा होगा कि एक पूरा देश जवाबी कार्यवाही में तहस-नहस हो जाएगा। जिन मुस्लिम देशों के बल-बूते पर उसने भरोसा किया होगा वह खुलकर युद्ध में शामिल नहीं हो रहे हैं। हमास की विवेकहीन आतंकी कार्यवाही ने पूरी गाजा पट्टी पर बर्बादी की इबारत लिख दी है। इजरायली पीएम ने साफ कर दिया है कि वह हमास को जड़मूल से उखाड़ फेंकेगा। अमेरिका ने अपने युद्धपोत और विमान इज़राइल की सहायता के लिए भेजे हैं। इज़राइल अपने सैनिक उद्देश्य प्राप्त किए बिना युद्ध रोकने को तैयार नहीं है। वह इसे अपना 9-11 व पर्ल हार्बर बता चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी हमास को अलकायदा से ज्यादा खतरनाक आतंकी संगठन बता चुके हैं। लेकिन हमास-इज़राइल की जंग में बेगुनाह गाजावासी अपने जीवन-मौत के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में हमास को समाप्त करने के साथ ही बेगुनाह लोगों को मुसीबत से बचाना चाहिए। उम्मीद है कि इसका रास्ता जल्द निकलेगा।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### जाति की राजनीति

**हमेशा** ही एकमुश्त वोट पड़ने की उम्मीद में छोटी-बड़ी पार्टियां जातिगत राजनीति को महत्व देती रहतीं हैं। हालांकि, इस जाति की राजनीति से किसी का भी कभी कोई फायदा स्थाई नहीं रहता। एक समय कांग्रेस पार्टी की सुप्रीमो रही श्रीमती गांधी ने तो अपने चुनाव का मेमोरेंडम ही बदल दिया था। 80 के चुनाव में उन्होंने अपनी ओर से एक नया नारा दिया था जो काफी सफल भी हुआ था। यह नारा था- न जात पर न पात पर, मोहर लगेगी हाथ पर। इस नारे ने देश के आम मतदाताओं को प्रभावित कर उनकी पार्टी को भारी बहुमत से विजय दिलाई थी। लेकिन विडंबना है कि आज उनके उत्तराधिकारी राहुल गांधी ने -जिसकी जितनी आबादी, उसका उतना हक नारा दिया है। यह देख कर द:ख होता है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी आज उसी जाति की राजनीति में डूबने को तैयार है जिसने एक से एक बढ़ कर भ्रष्ट व परिवारवादी नेताओं को जन्म दिया है। जाति की राजनीति व खासकर संकुचित जातीय चुनावी राजनीति से देश में सामाजिक विभाजन, टकराव तथा अलगाव पैदा होगा, भले ही कुछ नेता गरीबों के वोट से अमीर बन जांए।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### पोलैंड की राजनीति

**पोलैंड** में चुनावी नतीजे आ चुके हैं। यह देश कभी कट्टर वामपंथी था, पर 1989 में यहां भी वामपंथियों का किला ढह गया। इसके बाद वह लोकतंत्र के रास्ते पर चलते हुए उग्र राष्टवादियों के चंगुल में पिछले 8 साल तक फंसा रहा। लेकिन अब नवीनतम नतीजों से स्पष्ट हो गया है कि यूरोपीय संघ के पूर्व अध्यक्ष डोनाल्ड टस्क के नेतृत्व में मध्यमार्गी विपक्ष सत्ता संभालने के लिए मजबूत स्थिति में है। इन नतीजों के बाद यूरोपियन यूनियन के मुख्यालय ब्रसेल्स में जश्न का माहौल है। इस नतीजे से पड़ोसी देश यूक्रेन भी बहुत खुश होगा क्योंकि चुनावों से कुछ सप्ताह पहले पोलैंड की पूर्व सरकार ने यूक्रेन के अनाज को अपनी सीमा होकर भेजने पर न सिर्फ रोक लगा दिया था बल्कि यूक्रेन को हर तरह की सैनिक सहायता बंद करने का ऐलान भी किया था। आशा करनी चाहिए कि सरकार परिवर्तन से इस क्षेत्र के तनाव में कमी आएगी। यूरोप के कुछ हिस्सों में जहाँ उग्र राष्ट्रवाद का फैलाव हो रहा है वहीं पोलैंड में उसका पतन होना निश्चित रूप से महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तन है। इस पर सबकी नजरें रहेंगी।

–**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# ईको टूरिज्म स्पॉट्स के लिए प्राथमिकता पर विकसित की जाए हेलीकाप्टर सेवाः योगी

● राज्य वन्य जीव बोर्ड की 15 वीं बैठक में बोले सीएम, प्रदेश में नियुक्त किए जाएं डॉल्फिन मित्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश राज्य वन्य जीव बोर्ड की 15वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यमंत्री जी ने प्रदेश की जैव विविधता को संरक्षित करने तथा प्रदेश में ईको टूरिज्म की सम्भावनाओं को विस्तार देने सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चिन्हित दुधवा नेशनल पार्क, चुका टाइगर रिजर्व, कतर्नियाघाट वाइल्ड लाइफ सेन्चुरी जैसे ईको स्पॉट्स के लिए हेलीकाप्टर सेवा, फोरलेन रोड कनेक्टिविटी, गाइड, ठहरने एवं खाने.पीने जैसी सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर विकसित की जाएं। वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों की सड़कों के किनारे साइनेज लगाये जाएं। इन साइनेज में हॉर्न न बजाने, वाहन गति सीमाए फायर प्रोटेक्शन जैसे विभिन्न निर्देश उल्लेखित किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैव विविधता के संरक्षण की दिशा में हमें अपने प्रयास सतत रूप से जारी रखने होंगे। यह सुखद है कि नमामि गंगे परियोजना के माध्यम से अविरल और निर्मल हो रही गंगा जी में डॉल्फिन की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। वर्तमान में प्रदेश की अन्य नदियों में भी डॉल्फिन देखी जा सकती हैं। लोगों में डॉल्फिन के संरक्षण व संवर्द्धन की जागरूकता के लिए डॉल्फिन मित्र नियुक्त करें।

प्रदेश के राज्य पशु 'बारहसिंघा' और राज्य पक्षी 'सारस' के संरक्षण के लिए चरणबद्ध ढंग से कार्यों को आगे बढ़ाया जाए। वन्यजीवों के संरक्षण एवं उनके संवर्द्धन के लिए नियोजित प्रयासों को और तेज किया जाए। नियोजित प्रयासों से ही प्रदेश में बाघों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्य जीवों के रेस्क्यू में संवेदनशीलता के साथ मानकों का पूरा ध्यान रखा जाए। राज्य में वेटलैण्ड संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण प्रदेश में अब तक 10 रामसर साइट घोषित किए गए हैं। वेटलैण्ड संरक्षण के लिये लोगों में जागरूकता बढ़ाई जाए तथा यहां पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाए।

जनपद संतकबीरनगर की बखीरा झील ईको टूरिज्म की अपार सम्भावनाओं को समेटे हुए है। यहां के विकास के लिए बेहतर कार्ययोजना तैयार करें। यह प्रयास स्थानीय स्तर पर रोजगार की नवीन सम्भावनाओं को भी जन्म देने वाला होगा। जनपद महराजगंज के अन्तर्गत सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग में स्थित महाव नाले के चैड़ीकरण और गहरीकरण के कार्य को तत्परता के साथ पूर्ण किया जाए। इस सम्बन्ध में वन भूमि के स्थानान्तरण के कार्य को शीघ्रता से पूरा किया जाए। वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों में नदियों के ड्रेजिंग के कार्य को सुनियोजित ढंग से सम्पन्न किया जाए। इससे जलप्लावन की समस्या का निराकरण हो सकेगा और वन्यजीवों का नुकसान भी कम किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्य जीव संरक्षित क्षेत्रों में पर्यावरण के मानकों का ध्यान रखते हुए एवं उपयोगिता के आधार पर सम्पर्क मार्गों के निर्माण एवं चौड़ीकरण, मोबाइल टावर की स्थापना जैसे अवस्थापना कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को परियोजनाओं का नियमित अनुश्रवण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य वन्य जीव बोर्ड के पदेन उपाध्यक्ष तथा वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अरुण कुमार सक्सेना सहित उत्तर प्रदेश राज्य वन्य जीव बोर्ड के सदस्यगण, पुलिस महानिदेशक विजय कुमार, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को जेवर में निर्माणाधीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कार्य प्रगति का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लेते हुए

# गड्ढामुक्त अभियान का 50 प्रतिशत लक्ष्य पूराः जितिन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● सड़कों के पैच मरम्मत, विशेष मरम्मत तथा नवीनीकरण कार्य के लिए धनराशि आवंटित

**लोक** निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश में चलाये जा रहे गड्ढामुक्ति अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 50 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर ली गई है। चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में लोक निर्माण विभाग का 44,869 किलोमीटर सड़कों को गड्ढामुक्त करने का लक्ष्य है, जिसमें लगभग 21000 किलोमीटर सड़कों को गड्ढामुक्त किया जा चुका है। मंत्री जितिन प्रसाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश की समस्त सड़कों को गड्ढामुक्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस लक्ष्य को तय समय सीमा में पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं। साथ ही नियमानुसार धनराशि का आवंटन भी किया जा रहा है। अब तक सड़कों के पैच मरम्मत हेतु 27482.73 लाख रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। मण्डलवार आवंटित धनराशि में आगरा को 1155.53 लाख रुपयेए अलीगढ़ को 913.08 लाख रुपयेए प्रयागराज मण्डल को 1997.30 लाख रुपये, आजमगढ़ को 1078.58 लाख रुपये, बरेली को 1254.61 लाख रुपये, अयोध्या को 1805.09 लाख रुपये, गोण्डा को 1589.54 लाख रुपये, गोरखपुर को 2000ण्44 लाख रुपये, बस्ती को 1382.19 लाख रुपये, झांसी को 894.24 लाख रुपयेए बांदा 1075.31 लाख रुपये, कानपुर को 2423.14 लाख रुपये, लखनऊ को 3148.19 लाख रुपये, मेरठ को 1380.85 लाख रुपये, सहारनपुर को 845.80 लाख रुपये, मुरादाबाद को 1694.80 लाख रुपये, मिर्जापुर को 1078.04 लाख रुपये तथा वाराणसी को 1766.00 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई है।

लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि इसी प्रकार प्रदेश भर में 6686 की संख्या में क्षतिग्रस्त सड़कें जिनकी लम्बाई 7816 किलोमीटर हैए जिसके विशेष मरम्मत के लिए 132787.56 लाख रुपये जारी किये जा चुके हैं। मण्डलवार जारी धनराशि में आगरा को 6560.34 लाख रुपये, अलीगढ़ को 3807.19 लाख रुपये, प्रयागराज मण्डल को 7224.59 लाख रुपये, आजमगढ़ को 8555.44 लाख रुपये, बरेली को 5527.54 लाख रुपये, अयोध्या को 12181.30 लाख रुपये, गोण्डा को 5877.65 लाख रुपये, गोरखपुर को 8071.81 लाख रुपये, बस्ती को 5534.66 लाख रुपये, झांसी को 3306.74 लाख रुपये, बांदा 2016.38 लाख रुपये, कानपुर को 9338.82 लाख रुपये, लखनऊ को 15695.99 लाख रुपये, मेरठ को 9109.29 लाख रुपये, सहारनपुर को 8168.28 लाख रुपये, मुरादाबाद को 7922.25 लाख रुपये, मिर्जापुर को 3993.79 लाख रुपये तथा वाराणसी को 9895.50 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है। मंत्री प्रसाद ने बताया कि गड़ढामुक्ति अभियान के साथ-साथ सड़कों के नवीनीकरण का कार्य भी प्राथमिकता पर कराया जा रहा है। जिसके लिए कुल 334383.53 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृति की गई है और 164318.72 लाख रुपये की धनराशि सभी 18 मण्डलों को निर्धारित कार्यों की संख्या के अनुसार आवंटित कर दी गई है।

# प्रदेश में अब तक 13656 मीट्रिक टन हुई बाजरा की खरीद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोटे अनाज के तहत 13656 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद कर ली है। इस वर्ष समर्थन मूल्य 2500 रुपए प्रति कुन्तल की निर्धारित दर से बाजरा की खरीद की जा रही है। इस योजना से अब तक 2534 से अधिक किसानों को लाभान्वित किया जा चुका है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 2231.50 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई है। उल्लेखनीय है कि बाजरा की खरीद जनपद बुलन्दशहर, गौतमबुद्ध नगर, बरेली, बदायूँ, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल, अमरोहा, अलीगढ़, कासगंज, एटा, हाथरस, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, सीतापुर, हरदोइ, उन्नाव, कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, चन्दौली, बलिया, मिर्जापुर, सन्तरविदास नगर, जालौन, चित्रकूट, बाँदा, प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ में की जा रही है।

# महाकुम्भ 2025 को दिव्य और भव्य रूप से बेहतर व्यवस्था के साथ मनाया जाएगाः एके शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



● नगर विकास मंत्री ने की महाकुंभ 2025 के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

● 2 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2013 के बाद 12 वर्षों में लगने वाले प्रयागराज महाकुम्भ 2025 को दिव्य और भव्य रूप से बेहतर सुविधाओं और व्यवस्था के साथ मनाया जायेगा। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का समाना नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अभी से युद्धस्तर पर कार्य करा रहीं और सड़क, पुल, बिजली, मेला क्षेत्र के विस्तारीकरण, व्यवस्थापन के 2 हज़ार करोड़ रूपए से अधिक के प्रोजेक्ट धरातल पर आ चुके हैं। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जानकारी जल निगम हॉस्टल 'संगम' में महाकुम्भ 2025 के लिए की जा रही तैयारियों को लेकर आयुक्त प्रयागराज, सम्बन्धित विभागों और एजेंसियों के अधिकारियों के साथ कार्यों की वर्चुअल समीक्षा के दौरान दी। इस मौके पर उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों और कार्यदायी एजेंसियों को आपस में समन्वय बनाकर युद्धस्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि बेहतर मैनेजमेंट के साथ किसी भी कार्य को व्यवस्थित ढंग से और स्थायी रूप से किया जाए। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के सुझाओं पर भी ध्यान दें जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

नगर विकास मंत्री ने लगभग 3738 करोड रुपए की लागत से विभिन्न विभागों द्वारा अब तक अनुमोदित 260 परियोजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को प्रगति कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने मूलभूत सुविधाओं के साथ पेयजलए शौचालय, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग आदि की सुचार व्यवस्था करने, सड़कों व चौराहा से अतिक्रमण हटाने के साथ इनका चौड़ीकरण और सुंदरीकरण के कार्यों में गति लाने को कहा। इस बार महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक 45 दिन चलेगा। इस दौरान मेला में 6 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। 40 लाख श्रद्धालु शाही स्नानों में आ सकते हैं। 40 लाख कल्पवासी हो सकते हैं। लाखों करोड़ों आगंतुकों के लिए पर्याप्त व्यवस्था करनी होगी। स्वच्छ मेला के लिए स्वच्छाग्रहियों की पर्याप्त उपलब्धता हो। डिजिटल म्यूजियम बनाए जाएंए आई ट्रिपल सी, आईटी और ड्रोन से मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए अभी से व्यवस्था कर ली जाए। सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहनी चाहिए। इन सभी कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई व शिथिलता न होने पाए। मेला क्षेत्र में रोप-वे, पीपा पुल, आरओबीए पुलों आदि के निर्माण कार्य को समय से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि वीआईपी के साथ सामान्य श्रद्धालुओं के ठहरने की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाए। कहीं पर भी अव्यवस्था न होए इसके लिए सभी बॉटलनेक कार्यों को चिन्हित कर उसे समय से पूरा कराए।

नगर विकास मंत्री ने कहा कि महाकुम्भ की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कमी न होने देने तथा स्थनीयवासियों और जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर उनके सुझाओं पर अन्य किसी भी प्रकार के कार्यों को कराने की जरूरत होए तो उसका प्रस्ताव भी शासन में अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जाए। इस मौके पर महाकुम्भ मेलाधिकारी विजय किरन आनन्द ने महाकुम्भ 2025 के लिए अब तक की गयी तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ 2025 में पिछले कुम्भ के सापेक्ष अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है अत: मेला क्षेत्र को 4 हज़ार हे. क्षेत्रफल में व 25 सेक्टरों में बसाया जाएगा तथा लगभग 1800 हेक्टेयर में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। 13 किमी लम्बी 7 रिवर फ्रंट रोड, ग्रीन बेल्ट का विकास, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था तथा वेंडिंग जोन की व्यवस्था भी करायी जाएगी।

# फरारी की उद्घोषणा के बाद भी दी जा सकती है अग्रिम जमानतः हाईकोर्ट



विधि संवाददाता। लखनऊ

**हाईकोर्ट** की लखनऊ खंडपीठ ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में माना है कि सीआरपीसी की धारा 82 की कार्यवाही के बाद भी अभियुक्त को अग्रिम जमानत देने पर पूर्णतया रोक नहीं है। पीठ ने धोखाधड़ी के एक मामले में वांछित अभियुक्त की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर करते हुए यह बात कही है।

जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यह आदेश अजय कुमार शर्मा की अग्रिम जमानत याचिका पर दिया है। अभियुक्त पर अयोध्या जनपद में दर्ज एक मामले में धोखाधड़ी व साइबर फ्रॉड के जरिए विदेश भेजने के नाम पर पैसे हड़पने का इल्जाम है। अभियुक्त की ओर से वकील चन्दन श्रीवास्तव ने बहस की। उनका कहना था कि इस मामले के पीड़ितों की अभियुक्त से कभी मुलाकात तक नहीं हुई और एक पीड़ित ने तो वादी पर ही घटना को अंजाम देने का आरोप लगाया है। यह भी दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे मामलों में अग्रिम जमानत दिए जाने पर पूर्णतया रोक नहीं लगाई है। सिर्फ ष्सामान्यतःष् नहीं दिए जाने को कहा है। कहा गया कि उदित आर्या मामले में यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि धारा 82 की कार्यवाही के बाद अग्रिम जमानत देने पर पूर्णतया रोक नहीं है। वहीं राज्य सरकार की ओर से अग्रिम जमानत का यह कहते हुए विरोध किया गया कि अभियुक्त विवेचना में सहयोग नहीं कर रहा है। जिसके कारण उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट और फरारी की उद्घोषणा जारी हुई है।

# अग्निवीर के प्रथम शहीद को सैनिक सम्मान न मिलना दुर्भाग्यपूर्णः अजय राय

● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने वाराणसी के भेलूपर एसीपी प्रवीण कुमार की धमकी के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि अग्निवीर से प्रथम शहीद अमृतपाल को सैनिक सम्मान न मिलने से नाराज वाराणसी एनएसयूआई द्वारा बीते सोमवार को शांतिपूर्ण ढंग से किए जा रहे प्रदर्शन को रोकने के लिए भेलूपुर वाराणसी के एसीपी प्रवीण सिंह द्वारा दी गई धमकी बेहद निंदनीय और आपत्तिजनक है। एक पुलिस अधिकारी द्वारा 'खाल खिंचवा लूगा' जैसी अहंकारी भाषा के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिम्मेदार हैं। पुलिस अधिकारियों की ऐसी निरंकुशता के पीछे योगी की ठोंक दो की नीति ही है। पुलिस द्वारा अनेको बर्बरतापूर्ण कार्यवाहियों की घटनाएं आम होती जा रही हैं। उनके पीछे इसी मानसिकता के अधिकारी संलिप्त पाए जाते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अमृतपाल अग्निवीर के पहले शहीद हैं। जिनको महज 19 वर्ष की आयु में शहादत मिली है। उनके पार्थिव शरीर को प्राइवेट एम्बुलेंस से घर भेजा गया था और मरणोपरांत शहीद का सम्मान भी उन्हें नही दिया गया था। यह बेहद अफसोसजनक और शर्मनाक घटना है। इससे आक्रोशित भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बीएचयू के सिंह द्वार पर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे उन्हें रोकने के लिए एसीपी भेलूपुर ने छात्रों की 'खाल खिंचवा लेने' की धमकी दे रहे थे जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन के अधिकार के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि पुलिस के इस निरंकुश व्यवहार और अमर्यादित भाषा के लिए प्रदेश के मुखिया द्वारा पुलिस को दिया गया अनैतिक बल और गैर कानूनी अधिकार जिम्मेदार है।

अजय राय ने कहा कि कांग्रेस का कार्यकर्ता ऐसी धमकियों और गैरकानूनी कृत्यों से डरने वाला नही है। जनहित विशेषकर युवाओं के हित के लिए शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध जारी रखेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस बेलगाम और अहंकारी एसीपी प्रवीण सिंह पर तत्काल रूप से सख्त कार्रवाई की जाए।

# मिलेट्स पर काम करने वाले किसानों का सम्मान करेगी योगी सरकार

● 27 से 29 तक अक्टूबर तक चलेगा श्रीअन्न महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार श्रीअन्न (मिलेट्स) पर काम करने वाले किसानों का सम्मान करेगी। योगी सरकार मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत किसानों को प्रोत्साहित भी कर रही है। इसी क्रम में कृषि कुंभ 2.0 के पूर्व 27 से 29 अक्टूबर तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय श्री अन्न महोत्सव व राज्य स्तरीय मिलेट्स कार्यशाला होगी।

सीएम योगी आदित्यनाथ इसका शुभारंभ करेंगे। पहले दिन छह मंडल, दूसरे दिन पांच मंडल व तीसरे दिन सात मंडल के किसान इसमें हिस्सा लेंगे। साथ ही इसमें कृषि विश्वविद्यालयों व दो कॉलेज के शिक्षक-बच्चे भी हिस्सा लेंगे। त्रिदिवसीय महोत्सव के जरिए योगी सरकार प्रगतिशील किसानों को जहां सम्मानित करेगी, वहीं मिलेट्स उत्पादों के लिए अन्य किसानों को प्रेरित भी करेगी। सरकार महोत्सव के माध्यम से मिलेट्स फसलों के उत्पादन, उपभोग, विपणन, निर्यात आदि के बारे में भी जागरूक करेगी। सम्मेलन में हर मंडल के प्रत्येक जनपद से 50 प्रगतिशील किसानए कृषक उत्पादक संगठन के 10 प्रतिनिधि व 10 प्राविधिक सहायक हिस्सा लेंगे। राज्य स्तरीय कार्यशाला में 35 एफपीओ को सीड मनी के लिए प्रमाण पत्र दिया जाएगा। सीएम हर एफपीओ को प्रति इकाई 4 लाख रुपये प्रदान करेंगे। साथ ही मिलेट्स आधारित प्रसंस्करण संयंत्र लगाने वाली सरकारी संस्थाओं को भी अनुदान राशि दी जाएगी। यहां श्रीअन्न के उत्पादों के 40 स्टॉल भी लगेंगे। इसमें एफपीओ, प्रतिभागी व मिलेट्स पर काम करने वाली कंपनियों के स्टॉल लगेंगे।

# प्रदेश में चले छह माह के पैदल गश्त अभियान में गिरफ्तार किए गए 88486 अभियुक्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● पुलिस ने पैदल गश्त से और मजबूत की कानून व्यवस्थाः डीजीपी

● 38 लाख से अधिक स्थानों की हुई चेकिंग, दो करोड़ से अधिक संदिग्धों की ली गई तलाशी

**माफिया,** अपराधियों और अपराध पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत काम कर रही योगी सरकार की पुलिस की पैदल गश्त ने प्रदेश में शांति बनाये रखने में अहम भूमिका निभाई है। इतना ही नहीं अभियान चलाकर पुलिस की पैदल गश्त से संदिग्धों को चिन्हित किया गया, जिनके पास से अवैध असलहे से लेकर अवैध शराब तक बरामद हुई है। पिछले छह माह (अप्रैल से लेकर सितंबर) तक पूरे प्रदेश में एसपी, एएसपी, सीओ, थाना प्रभारी, इंस्पेक्टरए सब इंस्पेक्टर और हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल एवं होमगार्ड ने पैदल गश्त के जरिए 3893386 स्थानों पर चेकिंग की जबकि 20931904 संदिग्धों की तलाशी कर 78633 मुकदमे दर्ज किए गए और 88486 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 17690 अवैध असलहे और 7416 अवैध वाहन बरामद किए। वहीं पैदल गश्त में 985186 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी। इतना ही नहीं अभियान में 1504977 मनचले और शोहदों के अभिभावकों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया जबकि 679534 अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। डीजीपी विजय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के अनुसार अपराधियों पर नकेल कसने एवं बेटियों को सुरक्षा का अहसास कराने के लिए पुलिस द्वारा पैदल गश्त की जाती है। इसी के तहत पिछले छह माह में दो हिस्सों जोन और कमिश्नरेट स्तर पर पैदल गश्ती का अभियान चलाया गया। प्रदेश के सभी आठ जोन में गश्त के दौरान 3239791 स्थानों की चेकिंग की गई, जिसमें 15871828 संदिग्धों की तलाशी ली गयी। वहीं 72306 मुकदमे दर्ज कर 81270 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया। इस दौरान 16463 अवैध शस्त्र बरामद किए गएए जबकि 6404 अवैध वाहन को जब्त किया गया। इतना ही नहीं, अभियान में 978782 लीटर अवैध शराब भी पकड़ी गई। साथ ही चौराहों, मॉल्स समेत अन्य स्थानों पर चेकिंग के समय 1261677 शोहदों के अभिभावकों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया। इसके अलावा पुलिस गश्ती के दौरान 562432 अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। अभियान के दौरान आठ जोन में सबसे ज्यादा लखनऊ जोन ने कार्रवाई की है। वहीं अभियान के दौरान कार्रवाई में गोरखपुर दूसरे, वाराणसी तीसरे, बरेली चौथे और कानुपर जोन पांचवे स्थान पर है। वहीं प्रदेश के सात कमिश्नरेट में पैदल गश्त के दौरान 653595 स्थानों की चेकिंग की गई। जिसमें 5060076 संदिग्धों की तलाशी ली गयी। वहीं 6327 मुकदमे दर्ज कर 7216 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया। इस दौरान 1227 अवैध शस्त्र बरामद किए गए जबकि 1012 अवैध वाहन को जब्त किया गया। इतना ही नहीं अभियान में 6404 लीटर अवैध शराब भी पकड़ी गयी।

# महिलाओं की सुरक्षा को और पुख्ता करेंगे निजी एजेंसियों के सुरक्षा कर्मी

मिशन शक्ति

● सेफ सिटी परियोजना के तहत 771 कर्मियों को किया गया प्रशिक्षित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में नारी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर संकल्पित योगी सरकार ने मिशन शक्ति के चौथे चरण के साथ इस दिशा में और मजबूती से कदम उठाए हैं। इसी क्रम में सेफ परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में महिला.बेटियों की सुरक्षा का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। ऐसे में जहां एक ओर इन जगहों पर सीसीटीवी कैमरे का जाल बिछाया जा रहा हैए वहीं इन कैमरों को यूपी-112 से इंटीग्रेट करने का काम भी युद्धस्तर पर चल रहा है। इन शहरों में व्यवसायिक गतिविधियों और इंस्टीट्यूशन की संख्या को देखकर निजी सुरक्षा एजेंसियों के कर्मचारियों को प्रशिक्षत किया गया है। योगी सरकार ने सेफ सिटी परियोजना में प्रदेश के 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में रजिस्टर्ड निजी सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका को अहम माना है। इस पर इन शहरों में रजिस्टर्ड निजी सुरक्षा एजेंसियों को चिह्नित किया गया है। निजी सुरक्षा एजेंसियों के मामले में गाजियाबाद पहले, कानपुर दूसरे, मेरठ तीसरे, गौतमबुद्धनगर चौथे और बरेली पांचवें स्थान पर है। बता दें कि इन शहरों में औद्योगिक प्रतिष्ठानों और कॉर्पोरेट सेक्टर के दफ्तरों की बढ़ती संख्या की वजह से इजाफा हो रहा है, इसीलिए इनका सेफ सिटी परियोजना में भी उपयोग किया जाएगा। इसके लिए एजेंसियों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर उनकी सहभागिता और सक्रियता को बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश में 712 निजी सुरक्षा एजेंसियां रजिस्टर्ड हैं। बीते तीन माह में 48 गोष्ठियों में 124 एजेंसियों के 771 कर्मियों ने हिस्सा लिया, जिसमें से 12 कर्मियों को अच्छे कार्यों के लिए पुरस्कृत भी किया गया।एजेंसियों के कर्मचारी इन शहर के हॉट स्पॉट पर नजर रखेंगे। वह शहर की कॉलोनियों, मोहल्लों और हाउसिंग सोसाइटी के आसपास के अंधेरे इलाकों में महिलाओं और बालिकाओं के साथ होने वाली छेड़खानी की त्वरित सूचना तत्काल पुलिस को देंगे। गाजियाबाद में निजी सुरक्षा एजेंसियों की संख्या 178, कानपुर में 101, मेरठ में 98, गौतमबुद्धनगर में 74, बरेली में 67, लखनऊ में 55, प्रयागराज में 42, आगरा में 23, सहारनपुर में 23, अलीगढ़ में 15, मुरादाबाद में 15, शाहजहांपुर में 6, झांसी में 6, वाराणसी में 3, अयोध्या में 3, मथुरा में 3 एजेंसियां रजिस्टर्ड हैं। गोरखपुर और फिरोजाबाद में कोई भी एजेंसी रजिस्टर्ड नहीं है।

# वादकारियों के लिए भवन का किया गया भूमि पूजन

**संवाददाता।** मोहम्मदी



**बार** एसोसिएशन मे विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह की विधायक निधि से वाद कारियों के बैठने के लिए भवन का हुआ भूमि पूजन ,बार अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने किया विधि विधान से भूमि पूजन, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अपने विधायक में से वाद कारियों के लिए 10 लाख रुपए की धन स्वीकृत की जिससे अधिवक्ताओ मे खुशी की लहर,इस मौके पर उप जिला अधिकारी अवनीश कुमार, विकासखंड अधिकारी अश्विनी सिंह ,अवर अभियंता सतीश चंद्र मौर्य, नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, महामंत्री लालता प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष गोविंद खरे, प्रद्युम्न मिश्रा पूर्व महामंत्री हसन नकवी आदित्य कुमार सिंह सुनील यादव, मुकेश गौतम, कुलदीप सिंह, श्याम कुमार सिंह ,मो.आरिफ सहित बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता मौजूद रहे,इससे पूर्व अधिवक्ताओं ने विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी अवनीश कुमार ,विकासखंड अधिकारी अश्विनी सिंह और अध्यक्ष का माला पहनकर स्वागत किया, तथा अधिवक्ताओं ने विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के इस कार्य की प्रशंसा भी की,गौरतलब है कि वादकारियों के बैठने के लिए कोई भवन नही था, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने इस अवसर पर कहा कि विधायक से पहले मैं एक अधिवक्ता ही था ,और उनकी समस्या का निराकरण करना हमारा प्रथम कर्तव्य बनता है ,अधिवक्ता हमारे परिवार का अभिन्न अंग है, इनके हर सुख दुख में मैं बराबर का हिस्सेदार हूं

# एसडीएम कोर्ट का निरीक्षण

- **डीएम ने कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश**
- **अधिक समय से लंबित वादों को जल्द निस्तारण करे**

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह ने तहसील सदर के एसडीएम कोर्ट का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी एसडीएम कोर्ट पहुंचे, कोर्ट के बाहर फरियादी बैठे हुये थे। कोर्ट में उपजिलाधिकारी मौजूद नही मिले। जिलाधिकारी ने मौजूद लोगो से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा यह जानकारी ली कि कोर्ट में उनके वाद कब से लंबित है। एक-एक कर जिलाधिकारी ने मौजूद सभी लोगों के लंबित वादों के विषय में जानकारी ली तथा स्वयं अभिलेख निकलवाकर लंबित वादों की स्थिति को देखा। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिये कि अधिक समय से लंबित वादों को जल्द निस्तारण करवाया जाये। संबधित लोगो को उनके केस की अद्यतन स्थिति की सही जानकारी उपलब्ध कराये जिससे कि उन्हे बेवजह चक्कर न लगाना पड़े। मौजूद कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुये जिलाधिकारी ने कार्यशैली में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही जिलाधिकारी ने मौजूद लोगो को आश्वस्त किया कि उनकी सुनवाई अवश्य की जायेगी।

# महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए अस्पताल में दो होमगार्डों की हुई तैनाती

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

- **अस्पताल परिसर में अवैध रूप से वाहन पार्किंग न हो, यह सुनिश्चित किया जाये**

**जिलाधिकारी** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट आई रिलीफ सोसाइटी, शाहजहाँपुर द्वारा संचालित आंख अस्पताल की कार्यकारिणी सभा सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा ऑटो रिफ्रेक्टो कैराटोमीटर क्रय, स्केन क्रय, फैको मशीन क्रय आदि उपकरणों को क्रय करने हेतु विचार किया गया। साथ ही समिति द्वारा प्रभारी चिकित्साधिकारी का ऑपरेशन इन्सेन्टिव, कर्मचारियों को दिपवाली बोनस, पिंक टॉयलेट बनवाने पर विचार, ओटी हेतु सहायक की तैनाति पर विचार आदि बिन्दुओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ऑटो रिफ्रेक्टोकैराटोमीटर क्रय, स्केन क्रय किये जाने हेतु अनुमति प्रदान की तथा समिति की सहमति उपरान्त फैको मशीन को मरम्मत करवाकर उपयोग किये जाने हेतु निर्देशित किया। प्रभारी चिकित्साधिकारी का ऑपरेशन इन्सेन्टिव तथा कर्मचारियों को दिपवाली बोनस हेतु भी जिलाधिकारी ने अनुमति प्रदान की। पिंक टायलेट बनवाए जाने हेतु जिलाधिकारी ने अपर नगर आयुक्त एसके सिंह को निर्देशित किया। सेवा प्रदाता ऐजेंसी के माध्यम से ओटी सहायक की तैनाति हेतु भी जिलाधिकारी ने निर्देश दिये। साथ ही जिलाधिकारी ने अस्पताल में आने वाली महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत अस्पताल में दो होमगार्ड की तैनाति हेतु पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिये कि अस्पताल परिसर में अवैध रूप से वाहन पार्किंग न की जाये यह सुनिश्चित किया जाये तथा चिकित्सालय में बने क्वाटरों में रह रहे लोगों का सत्यापन करने हेतु तहसीलदार सदर को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि आने वाले मरीजो को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये तथा चिकित्सालय में कोई अनाधिकृत व्यक्ति मौजूद न रहे यह सुनिश्चित किया जाये।

बैठक के दौरान सचिवध्मुख्य विकास अधिकारी श्री एसबी सिंह सहित समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# विशेष प्रवर्तन अभियान : प्रशासन ने कसा शराब के काले कारोबारियों पर शिकंजा, पांच अभियोग दर्ज

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**आबकारी** आयुक्त उ0प्र0 के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश, डीईओ राजवीर सिंह के नेतृत्व में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, तस्करी, परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग, जीएसटी एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा, जो 25 अक्टूबर तक चलेगा।

जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षकों द्वारा लगातार अपने-अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे है, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये। इस प्रकार जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 05 अभियोगो को पंजीकृत किया गया। 142 लीटर अवैध शराब और 1100 किग्रा लहन बरामद की।

जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम बिलहरा, बौधनिया, खाकिन थाना मोहम्मदी में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों और खेतों से कच्ची शराब प्लास्टिक की बोतलों एवं पाउचों में बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव क्षेत्र 3 निघासन खीरी ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम बाबागंज थाना पढ़ुवा में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थानों से कच्ची शराब प्लास्टिक के पाउचों में और लहन गड्ढों से बरामद की।

मौके पर लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम सरैया विलियम, मुकद्दर नगर, कंधरापुर, हजरतपुर थाना मोहम्मदी में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों और स्थानों से कच्ची शराब प्लास्टिक की बोतलों में बरामद की। आबकारी निरीक्षक अब्दुल अज़ीज़ क्षेत्र 7 धौरहरा ने मय स्टाफ(अति चार्ज क्षेत्र 1 सदर खीरी) ने ग्राम मथुरपुर घाघरा नदी के किनारे थाना पढ़ुवा में दबिश दी। दबिश में नदी किनारे से कच्ची शराब के साथ चढ़ी भट्टियां बरामद कर मौके पर ड्रम सहित चढ़ी भट्टियों को नष्ट किया।

# संदिग्ध हालात में मौत, हत्या की आशंका

**संवाददाता।** ओयल खीरी



**ओयल** नगर क्षेत्र के मोहल्ला शिवाला निवासी अजीत कश्यप पुत्र जगदीश कश्यप की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई ।परिवारीजनों ने पड़ोसी से विवाद होने की बात कही।आपको बताते चले कि कस्बा ओयल के मोहल्ला शिवाला निवासी जगदीश कश्यप हाल समय में ही कुछ माह पूर्व से मोहल्ला शिवाला में प्लॉट खरीदकर झोपड़ी नुमा मकान में निवास कर रहे थे उनके साथ उनका 19 वर्षीय पुत्र रहता था चूंकि जगदीश मजदूरी का काम करता था इसलिए वह बीती शाम को लगभग 07 बजे खाना खाकर जगदीश तालाब पर चला गया था जैसे ही सुबह करीब 05 बजे जगदीश अपने घर को आया तो वहां अपने 19 वर्षीय पुत्र अजीत को तख्त से किनारे जमीन पर मृत अवस्था में पाया ।इसकी लिखित सूचना मृतक के पिता ने ओयल पुलिस चौकी जाकर चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार सिंह को दी जिसके बाद दल बल के साथ स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची जहां शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु शव जिला मुख्यालय भेजा। इस संबंध में मृतक के पिता से उक्त घटना की जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि मैं नया आकर यहां पर बसा हू जिसके चलते पड़ोसी संजय मिश्रा पुत्र शिव कुमार मिश्रा निवासी मोहल्ला शिवाला एवम उनकी पत्नी पिंकी मिश्रा एवम संजय मिश्रा के साढू निवासी बालू डीहा विवाद मानते थे पूर्व में हम लोगो पर कई फर्जी आरोप भी लगाए है जो कि ओयल पुलिस को भली भांति ज्ञात है ये सभी लोग हम लोगो को धमकी देते थे कि तुम सबको यहां रहने नही देंगे ।इस संबंध में ओयल चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार सिंह से फोन के माध्यम से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त घटना की जानकारी मिली थी मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### स्वास्थ्य कैंप का किया गया आयोजन



**संडीला(हरदोई)।** क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के बुखार के प्रकोप के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर रोगियों का उपचार किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ0 शरद वैश्य के निर्देशन में ग्राम नरेन्द्रपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 55 रोगियों का उपचार किया गया। इसके अलावा ग्राम कल्याणपुर में 61 रोगियों का उपचार किया गया। नरेन्द्रपुर में 4 रोगी मलेरिया पॉजिटिव पाए गए जिनको चिकित्सालय में भर्ती कराने के लिए कहा गया। इसके अलावा विभिन्न रोगियों को दवाओं का वितरण किया गया।

### महाराजा सल्हीय अर्कवंशी की मूर्ति मिनी स्टेडियम स्थापित करने की मांग

संडीला(हरदोई)। संडीला के संस्थापक महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी की प्रतिमा को मिनी स्टेडियम में पुर्नस्थापित करने की मांग की गयी है। जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में ग्राम प्रधान उमेश सूर्या तथा कमलेश मौर्य, शत्रुघन मौर्य, रामकुमार, गुरूप्रसाद, राजाराम, राजू मौर्य ले कहा कि महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी की प्रतिमा को पुर्नस्थापित करने की मांग चन्द्रगुप्ता मौर्य स्मारक पार्क में की गयी है जो उचित नहीं है। इसलिए सल्हीय सिंह अर्कवंशी की मूर्ति को ग्राम मीतौं में स्थित मिनी स्टेडियम में स्थापित कराई जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि पार्क में मूर्ति की पुर्नस्थापना से एक वर्ग विशेष की धार्मिक भावनाएं आहत होंगी।

### धमाल मचाने की तैयारी

गोरखपुर। सेन्हाइज़र ने अमेज़ॅन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल 2023 के दौरान अपनी प्रीमियम ऑडियो प्रोडक्ट रेंज पर आकर्षक छूट का अनावरण किया है। सेन्हाइज़र प्रोफ़ाइल यूएसबी माइक्रोफोन को विशेष रूप से पॉडकास्टर्सए स्ट्रीमर्स और गेमर्स के लिए तैयार किया गया है। यह माइक्रोफोन बिल्ट.इन माइक्स की कमियों को दूर करता है और साथ ही उच्च गुणवत्ता वाले ऑडियो के साथ वीडियो को बेहतर बनाता है। यह माइक्रोफोन बिल्ट.इन विंड प्रोटेक्शन और एकीकृत शॉक एब्ज़ॉर्प्शन की सुविधा के साथ आता है, जो विभिन्न रिकॉर्डिंग परिदृश्यों के लिए कॉम्पैक्टनेस और बहुमुखी प्रतिभा सुनिश्चित करता है।

### मोबाइल फोन लूटकर भाग रहे दो लुटेरे गिरफ्तार

बरेली। बारात घर के पास सड़क किनारे खड़े एक युवक का मोबाइल फोन लूट कर भाग रहे बाइक सवार दो युवकों को लोगों ने पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बारादरी थाना क्षेत्र की आनंद विहार कॉलोनी निवासी सर्वेश कुमार के बेटे मयंक का मोबाइल फोन लूटकर भाग रहे बदायूं के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मीरा की चौकी पानी की टंकी के पास रहने वाले शिवम पुत्र चंद्रपाल और बारादरी थाना क्षेत्र की सनराइज कॉलोनी निवासी पूरनलाल के लड़के सोनू सागर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया मयंक ने बताया कि वह कल रात में घर से कुछ ही दूरी पर एक बारात घर के पास खड़े होकर मोबाइल फोन पर बातें कर रहा था इसी दौरान मोटरसाइकिल सवार शिवम व सोनू सागर पीछे से आकर उसका मोबाइल लूट कर भाग गए लेकिन जब उसने शोर मचाया तो वहां मौजूद लोगों में पीछा करके दोनों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा ।

### धामपुर बायो ऑर्गेनिक लिमिटेड में हुआ बॉयलर पूजन का आयोजन



बरेली । मीरगंज धामपुर बायो ऑर्गेनिक में बॉयलर पूजन का आयोजन किया गया। यजमान के रूप में मिल के यूनिट हेड संजय कुमार श्रीवास्तव एवं रवि गुप्ता जनरल मैनेजर अभियंत्रिक ने पूजन प्रारंभ किया, पुरोहित कुलदीप शर्मा ने वेदोच्चारण द्वारा भगवान का पूजन सम्पन्न कराया। पूजन के उपरांत सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने वैदिक मंत्रों दके साथ यज्ञकुंड में आहुति देकर हवन कार्यक्रम सम्पन्न किया।इस दौरान अरविंद गंगवार जनरल मैनेजर मानव संसाधन एवं प्रशासन, सूमोद सिंह जनरल मैनेजर उत्पादन, जय गोपाल चावला जनरल मैनेजर लिखा, आजाद सिंह जनरल मैनेजर केन, संजय कुमार सिंह वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन, आकाश लाहिड़ी वरिष्ठ प्रबंधक मटेरियल, अवतार सिंह चीफप्रबंधक इंजीनियरिंग, लोकेश दीक्षित वरिष्ठ प्रबंधक इंजीनियरिंग, अनिल गुप्ता चीफप्रबंधक इलेक्ट्रिकल, संदीप मौर्या वरिष्ठ प्रबंधक एटीपी एटीपी, परमोद जोशी वरिष्ठ प्रबंधक कमर्शियल, नवीन श्रीवास्तव वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन आदि लोग उपस्थित रहे।

# अवैध कालोनियों के खिलाफ चलाया गया ध्वस्तीकरण अभियान



**बरेली ।** बरेली विकास प्राधिकरण द्वारा अवैध कालोनियों के विरूद्ध मंगलवार को की गयी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जिसमे राजाराम पुत्र बिहारी लाल द्वारा मोहनपुर उर्फरामनगर में लगभग 05 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी का निर्माणध्विकास कार्य करते हुए भूखण्डों का चिन्हांकन, साइट ऑफिस एवं सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा था। और रियासत द्वारा सैदपुर खजुरिया में में लगभग 06 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी का निर्माणध्विकास कार्य करते हुए भूखण्डों का चिन्हांकन एवं नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा था। इश्तेकार एवं अशरफखॉ द्वारा सैदपुर खजुरिया में में लगभग 08 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी का निर्माणध्विकास कार्य करते हुए भूखण्डों का चिन्हांकन, विद्युत पोल, बाउन्ड्रीवाल, सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा था। लकी एवं रिहासत ग्राम उमरियॉ में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से कालोनी का निर्माणध्विकास कार्य करते हुए भूखण्डों का चिन्हांकन, विद्युत पोल, बाउन्ड्रीवाल, साइट ऑफिस, सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा था। उक्त अवैध कालोनियों के विरूद्ध उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की सुंसगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए प्राधिकरण के सहायक अभियन्ता हरीश कुमार, अवर अभियन्तागण रमन कुमार अग्रवाल, सुनील गुप्ता, एस के सिंह एवं प्रवर्तन टीम के द्वारा मंगलवार को अवैध कालोनी के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।

# जनसुनवाई दिवस पर 5 शिकायतें आईं

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**नगर** आयुक्त संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को



सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दू, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा । जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना व संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर ससमय निस्तारण करे। जन सुनवाई दिवस में 05 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 02 समस्या का त्वरित निस्तारण किया । नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने संबन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शीघ्र ही करे

नगरवासियों से अपील की गई कि प्रत्येक मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित होने वाले जन सुनवाई दिवस में सक्रिय प्रतिभाग कर नगर निगम शाहजहाँपुर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं को रख सकते हैं, जिनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा।

जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, सहायक अभियंता जलकल प्रेम चन्द्र आर्य एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

## क्विक न्यूज

### मानसिक स्वास्थ्य उपचार शिविर का हुआ आयोजन

**लखीमपुर खीरी।** वृहद मानसिक स्वास्थ्य उपचार शिविर का आयोजन मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पसगवां में किया गया। शिविर में जिला पुरुष चिकित्सालय के मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला , नैदानिक मनोवैज्ञानिक स्तुति कक्कड़, साईक्रेटिक सामाजिक कार्यकर्ता अतुल कुमार पाण्डेय, साईक्रेटिक नर्स विवेक मित्तल द्वारा प्रतिभाग किया गया। मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला द्वारा विभिन्न प्रकार के नशा एवं मानसिक रोग बारे मे विस्तार से बताया गया साथ बिना किसी झिझक के मानसिक स्वास्थ्य विभाग में आकर इलाज कराने और व्याप्त भ्रांति को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में कुल 160 मरीजों का पंजीकरण किया गया। शिविर मे चिन्हित किये गए 60 मानसिक विकारों से पीढ़ित मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण कर दवा वितरित किया गया एवं 01 मानसिक दिव्यांग प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। साईक्रेटिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पाण्डेय द्वारा मानसिक उपचार जिला चिकित्सालय के कमरा नंबर 2 में ओपीडी दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को समय 8 बजे प्रातः से 2 बजे अपराह्न तक सम्पर्क करने को बताया गया।

### बड़ी सादगी के साथ पेश हुईं चादरें व गागर

बरेली। कुतुबे बरेली हजरत शाहदाना वली रहमतुल्लाह अल्हे के उर्स के दूसरे दिन आस्ताने पर बाद नमाज ए फज्र तिलावते कुरान ए पाक से शुरूआत हुई।मस्जिद के इमाम मौलाना मुशाहिद रजा ने सलातो सलाम का नजराना मजारे मुबारक पर पेश किया,बाद नमाजे असर, शहजादा ए तहसीन मिल्लत हजरत सूफी रिजवान मियाँ,व महबूब साबरी,ने चादरे व गागर पेश किया हिंदुस्तान में अमनो अमन व सलामती के लिए खुसूसी दुआ की ,दरगाह पर मुतवल्ली अब्दुल वाजिद खा बब्बू मिया ने,चादरे व गागर में शामिल लोगों की दस्तारबंदी कर लगर का तबरुक तस्किम किया ,रात 9 बजे दूरदराज से आये उलेमा इकराम,आलिम ए अमल फाजिल ए जलील हजरात अल्लम मौलाना अब्दुल मुस्तफा रदोलवी साहिब किबला,हजरात अल्लम मौलाना गुलाम यजदानी साहिब किबला, ने सरकार गौसे पाक ख्वाजा गरीब नवाज वारिस ए पाक साबिर ए पाक सरकार शाहदाना वली की करामातों को बयाँ करते हुए रूहानी जिंदगी पर रोशनी डाली देर रात 138, बजे हुजूर मुफ्ती ए आजम हिन्द के कुल शरीफकी फ़ातेह के बाद हिंदुस्तान में अमनो अमान वा भाईचारे के लिए खुसूसी दुआ हुई ।मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया कल कलियर शरीफके सज्जाद नाशीन हजरात शाह अली मन्जर एजाज कुद्दुसी साबरी साहब शाम 4रू00 बजे दरगाह पर चादर व गुल पोशी करेंगे,रात 10रू00 बजे से मेफिले समा की मेफिल होगी जो देर रात तक चलेगी।

### युवाओं के अनुकल तरीके से जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध

कानपुर। एलजी ने एक नवीनतम ब्रैंड फिल्म की पेशकश करके इसके उत्तम संदेश लाइफ्स गुडश् को बेहद खूबसूरती से उजागर किया है। जियोंगसेओक ली सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हेड. ने कहा-लाइफ्स गुड नवाचार के माध्यम से लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। हमारा दृष्टिकोण एक उत्तम जीवन समाधान वाली कंपनी के रूप में खुद को स्थापित करने के अनुरूप है। हम प्रत्येक संपर्क बिंदु पर विभिन्न ग्राहकों के साथ अधिक गतिशील और युवाओं के अनुकूल तरीके से जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

बरेली । दोस्त के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहे एक युवक की कल शाम घर से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।भुता थाना क्षेत्र के गांव मगरासा निवासी छत्रपाल के 22 वर्षीय बेटे सुनील कि कल शाम घर से कुछ दूरी पर स्थित रसूल चौराहा पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि गांव का रहने वाला उसका दोस्त राम लखन गंभीर रूप से घायल हो गया मृतक के घर वालों ने बताया कि सुनील कल सुबह दोस्त राम लखन के साथ पास के ककरा गांव दावत खाने गया था जहां से वापस लौटते समय रसूल चौराहा पर उनकी बाइक को किसी अज्ञात बहन ने टक्कर मार दी और फरार हो गया।

# महिला सफाईकर्मियों को किया गया सम्मानित



**संडीला( हरदोई )।** नगर पालिका परिषद द्वारा नवरात्र एवं मिशन शक्ति पर नगर पालिका परिषद की 5 महिला सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया।

नगर पालिका परिषद संडीला के सभागार में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की भागीदारी तथा मिशन शक्ति के अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वासलंबन तथा शारदीय नवरात्र के अवसर पर उल्लेखनीय सेवा के लिए पांच महिलासफाईकर्मियों गीता, रामेश्वरी, रामदेवी, रेखा तथा बेबी को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र तथा उपहार देकर अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक शोभा मिश्रा, लेखाकार परवेज़ खां, टीएस अनिल प्रकाश आनंद, अंगूरी शंकर सिन्हा, अवर अभियंता गौरव शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# गायत्री आफ स्कूल्स में विज्ञान मेले का आयोजन

**निघासन खीरी।** द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेज प्रांगण में विज्ञान मेले के आयोजन का किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह रहे।

आयोजन में कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों ने तरह तरह के मॉडल बना कर सभी का मन मोह लिया। मॉडल में ज्वालामुखी, सौर मंडल, बोटोनिकल गार्डन, चंद्रयान, स्ट्रीट लाइट, न्यूक्लियर पावर, लेसर अलार्म सिस्टम, ट्रैफिक रूल्स, वाटर प्यूरीफायर, लंग्स वर्किंग मॉडल, इलेक्ट्रिक डिटेक्टर, रैन डिटेक्टर, रॉकेट वर्किंग मॉडल, ग्लोबल वार्मिंग आदि के प्रोजेक्ट और मॉडल्स बनाए। जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय अपने अनुभव साझा किए और सभी बच्चों की सराहना की। इस कार्यक्रम में 5 जज नियुक्त किए गए, जिसमें विद्यालय के प्रबंधक महोदय, उप प्रधानाचार्य खान सर, दिनेश चंद्र जोशी सर, अखिलेश चतुर्वेदी सर, तथा आलोक सर ने अपना फैसला सुरक्षित रखा ।




विज्ञान मेले में जिला पंचायत इंटर कॉलेज, रामाधीन इंटर कॉलेज राजकीय खैरीगढ़ सहित कई विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा स्टाफ की गरिमामई उपस्तिथि रही.. इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक, व्यवस्थापक, सहित पूरा स्टाफ मौजूद रहा कार्यक्रम का संचालन मोहसिन शेख ने किया।

# समाजवादी पार्टी का लोक जागरण अभियान जिला अध्यक्ष ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर



19 व 20 अक्टूबर को होने वाले समाजवादी पार्टी का लोग जागरण अभियान (प्रशिक्षण शिविर) के कार्यक्रम स्थल का सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान व पूर्व विधायक राजेश यादव एवं पूर्व विधायक नीरज मौर्य कुशवाहा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया...। साथ में सपा के पूर्व प्रदेश सचिव उपेंद्र पाल सिंह, सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा के महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, ओंकार सिंह, राजू मिश्रा, प्रदीप तिवारी उर्फ पिंटू, गुफरान खान, राजू सिंह, सिद्दीक खान, आरिफ खान, रानू खान, आदि मौजूद रहे....।

## परिश्रम व समर्पण प्रत्येक लक्ष्य की कुंजी: अनामिका

ईमानदारी एवं परिश्रम के साथ किसी लक्ष्य के प्रति प्रयास करने से वह लक्ष्य निश्चित ही हासिल होता है। समर्पण, समयबद्धता एवं अनुशासन ही प्रत्येक लक्ष्य की कुंजी है। उक्त उदगार स्वामी शुकदेवानंद खेल महोत्सव के दौरान अनामिका यादव ने व्यक्त किये, जिन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग न्यायिक परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही चयनित होकर सफलता अर्जित की। अनामिका ने शंकर मुमुक्षु विद्यापीठ से इंटर की परीक्षा एवं स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय से बीएएलएलबी की परीक्षा 2022-23 में उत्तीर्ण की। अनामिका ने बताया कि उन्होंने प्रारंभ से ही न्यायिक सेवा को अपना लक्ष्य बनाया था। अनामिका के पिता जयपाल सिंह यादव पीलीभीत जिले में पुलिस इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदय एस बी सिंह के द्वारा अनामिका को सम्मानित किया गया। अनामिका ने विद्यार्थियों को उद्बोधन देते हुए कहा कि किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निरंतरता बहुत जरूरी है। यदि मन में दृढ़ निश्चय हो तो सिविल सेवा जैसी परीक्षाओं के लिए किसी कोचिंग की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने न्यायिक सेवा में जाने का कारण स्पष्ट करते हुए कहा कि वे महिला अधिकारों के प्रति पूर्ण सजगता के साथ कार्य करना चाहती हैं एवं समाज के अंतिम तबके तक न्याय को पहुंचाना चाहती है।

# मप्र समेत पांचों राज्यों में भाजपा की होगी ऐतिहासिक जीत: स्वतंत्र देव

● भगवान कामतानाथ के दर्शन कर जल शक्ति मंत्री ने मांगा जीत का आशीर्वाद





संवाददाता। चित्रकूट

**तपोभूमि** चित्रकूट के दौर पर आये उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी आदि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मनोकामनाओं के पूरक भगवान कामतानाथ के दर्शन-पूजन कर कामदगिरि पर्वत की पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। इस दारान मंत्री श्री सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरू बनने को अग्रसर है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने से देश की आधी आबादी को सत्ता में समुचित भागेदारी मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि मध्य प्रदेश समेंत 5 राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का कमल खिलेगा।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के प्रभारी एवं यूपी सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने मंगलवार को चित्रकूट पहुंच जीत की कामना को भगवान श्री कामतानाथ के दर्शन-पूजन किया। साथ ही प्रधान पुजारी भरत शरण दास महाराज का आर्शीवाद लेने के बाद कामदगिरि पर्वत की पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। इसके बाद बरहा के सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर में आरती पूजन करने के बाद सुंदर कांड का पाठ किया। श्री सिंह ने दावा किया कि मध्य प्रदेश समेत देश के पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिलेगी। सभी प्रदेशों में जनता का अभूतपूर्व समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है। सतना जिले में उन्होंनें बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करके चुनावी जीत की रणनीति बनाई जा चुकी है। बताया कि डबल इंजन की सरकारों से जनता को दोहरे विकास का लाभ मिल रहा है।

# गौमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारी

संवाददाता। जालौन, उरई

**नगर** में गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री नगर में प्रतिबंधित कराने की मांग की है। गौ संपदा संरक्षण शोध संस्थान के संस्थापक अनिल शिवहरे, विवेक शुक्ला, हिन्दू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजा सिंह सेंगर, मनोज गुप्ता, रामजी ताम्रकार, गोपालजी पुरवार आदि ने एसडीएम सुरेश कुमार को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि नगर में कई दुकानों पर अनुचित ढंग से गोमांस की बिक्री की जा रही है।

पहले भी कई बार इन्हें बंद करवाने की मांग प्रशासन से की जा चुकी है। लेकिन अब तक जांच के नाम पर अब तक इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं सिर्फ खानापूर्ति हुई है। उन्होंने एक बार फिर नगर में गोहत्या को बंद कराने एवं गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री बंद कराने के साथ ही मामले में शामिल आरोपियों की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# पट्टाधारक को प्रशासनिक टीम ने अवैध मौरंग खनन कराते रंगे हाथों पकड़ा

● पांच पॉकलैंड मशीनें सीज़ बालू भरे छह वाहन पकड़े

दो दिन पूर्व ही पट्टाधारक पर लगा था 17 लाख का जुर्माना



संवाददाता। उरई, जालौन

**मौरंग** पट्टा के नाम पर मौरम खनन का सरपट्टा चला रहे पट्टाधारक के मंसूबे उस दौरान मिट्टी में मिल गयी जब निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश निषाद की शिकायत पर मंगलवार को कालपी उप जिलाधिकारी के साथ खनिज अधिकारी सहित अनेकों राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने हेमनपुरा मौरम खंड संख्या चार पर छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया तो वहां का नजारा देखकर प्रशासनिक टीम दंग रह गयी। पट्टाधारक मौरम खंड संख्या 5 में आधा दर्जन पॉकलैंड मशीनों से खनन कराता रंगे हाथों पकड़ा गया। अवैध खनन करती 5 पॉकलैंड मशीनों को पकड़कर सीज कर दिया तो वहीं आधा दर्जन ओवरलोड वाहनों को टीम ने रास्ते में पकड़ लिया। समाचार लिखे जाने तक पट्टाधारक पर कदौरा थाने में एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी प्रशासनिक टीम करने की मंशा से कदौरा थाने में मौजूद थी। हैरानी की बात तो यह है कि हेमनपुरा मौरम खंड संख्या 4 के पट्टाधारक पर दो दिन पूर्व ही अवैध खनन करने पर 17 लाख का जुर्माना लगाया गया था। लेकिन बाद भी वह अवैध तरीके से मौरम का खनन कराने में लगा हुआ था।

जानकारी के अनुसार निषाद पार्टी जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश निषाद ने हेमनपुरा पट्टाधारक द्वारा मौरम खंड संख्या 5 से अवैध तरीके से मौरम खनन करने की शिकायत एसडीएम कालपी के साथ ही जिला खनिज अधिकारी राजेश कुमार से की थी। इसके बाद मंगलवार को तय रणनीति के तहत एसडीएम कालपी, खनिज अधिकारी राजेश कुमार के साथ कई राजस्व विभाग के कर्मचारियों की टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी एकत्र किये डेढ़ दर्जन से अधिक नमूने



**उरई, जालौन।** नवरात्रि, दशहरा और दीपावली के त्योहार को देखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर अब विभागीय शिकंजा तेज हो गया है। मंगलवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने मुख्यालय सहित जनपद की कई तहसीलों में ताबड़तोड़ छापेमारी कर जहां एक और डेढ़ दर्जन से अधिक खाद्य पदार्थों के नमूने लिए तो वहीं कई दुकानदारों वी ढाबा संचालकों को साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त न रखने के चलते उन्हें नोटिस थमा दिया।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के व्हाइट अधिकारी डॉ जतिन कुमार सिंह एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में छापामार कार्यवाही की गई जिसके तहत जिला मुख्यालय स्थित इंडस्ट्रियल एरिया से कोल्ड स्टोर संचालक बरकाती के यहां से केला फ्रूट के तीन नमूने दिए गए तत्पश्चात झांसी कानपुर हाईवे 8 के पास संचालित ढाबे से पनीर का नमूना तथा वह सफाई के अभाव में उसे नोटिस दिया गया तो वही मधुराम भोजनालय में दही का नमूना और यहां भी साफ सफाई अच्छी न होने पर भोजनालय संचालक को नोटिस की कार्रवाई की गई इसी क्रम में नवीन मंडी स्थल के पास दूध ले जा रही ऑटो को रोक कर दूध का नमूना लिया गया तो कुछ से मिठाइयों के नमूने भी लिए गए।

# रामलीला महोत्सव में कलाकारों ने किया राम वनवास लीला का मंचन



**जालौन, उरई।** रामलीला भवन में चल रहे 175 वें श्रीराम लीला महोत्सव के 7 वें दिन सीता विदाई से राम वनवास तक की लीला का मंचन किया गया। राम वनवास की लीला देख राम भक्त भाव-विभोर हो गए। रामलीला महोत्सव में सातवें दिन माता सीता का अपने माता-पिता, सगे-संबंधी, भाई-बंधु से बिछड़ने की लीला का मनोहारी प्रस्तुति देख सभी आकुल हो गए। राम परिवार का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। माता सीता के अयोध्या पहुंचने पर बधाई गीत गाए गए। मंच पर राजा दशरथ भगवान श्रीराम को युवराज घोषित करते हैं तो मंथरा के भड़काने पर कैकई कोप भवन में चली जाती हैं। राजा दशरथ के मनाने पर वह भरत को राजगद्दी व श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास का वरदान मांगती है। इसका पता चलने पर भगवान श्रीराम सीता जी व लक्ष्मण के साथ वनवास चले जाते हैं। भगवान श्रीराम व अयोध्या के महाराज दशरथ के संवाद को सुनकर दर्शकों की आंखें नम हो गईं।

# पुत्र ही निकला पिता का हत्यारा, तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

● सेवानिवृत्त वार्ड ब्वाय हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

● चचेरे भाई को फंसाने के लिए कराई थी अपने पिता की हत्या



संवाददाता। फतेहपुर

**जिले** में खून के रिश्ते एक बार फिर दागदार हो गये। चचेरे भाई को फंसाने के लिए, एक पुत्र ने अपने ही पिता की हत्या करवा डाली। पुलिस ने सनसनीखेज सेवानिवृत्त वार्ड ब्वाय हत्याकांड से पर्दा उठाते हुए अभियुक्त पुत्र समेत तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया है। पकड़े गये अभियुक्तों ने अपना जुर्म का इकबाल कर लिया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने बताया कि 15 अक्टूबर की शाम शहर क्षेत्र में आबूनगर चौकी के मुहल्ला ककरहा निवासी सेवानिवृत्त वार्ड ब्वाय हरिओम गुप्ता पुत्र स्व. राम किशुन गुप्ता 63 वर्ष की साइकिल से दूध लेने जाते समय रास्ते में जिला उद्योग केंद्र के निकट अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

मृतक की पत्नी निर्मला देवी ने अपने भतीजे ज्ञानेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व. उमाशंकर गुप्ता निवासी आबूनगर के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस, एसओजी व सर्विलांस इंटेलीजेंस विंग के सहयोग से घटना के संबंध में गहन छानबीन की गई।

सीसीटीवी फुटेज से उपलब्ध साक्ष्य से मृतक के पुत्र दीपू उर्फ दिलीप गुप्ता द्वारा योजनाबद्ध तरीके से मुकदमे में रंजिशन चचेरे भाई ज्ञानेंद्र गुप्ता को फंसाने के उद्देश्य से अपने साथी कल्लू पाल उर्फ कपिल से पिता हरिओम गुप्ता पर गोली चलवाकर हत्या कराये जाने का तथ्य प्रकाश में आया।

# गणित किट प्रशिक्षण में 19 शिक्षक गैरहाजिर मिले

## डायट प्राचार्य ने खंड शिक्षा अधिकारियों से किया जवाब तलब

**सुमेरपुर( हमीरपुर )।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सुमेरपुर में तीन दिवसीय जूनियर हाई स्कूल के गणित शिक्षकों के लिये चल रहे गणित किट प्रशिक्षण में कल पहले दिन कुरारा व मौदहा ब्लाक के 19 शिक्षक गैर हाजिर रहे ,इस पर डायट प्राचार्य ने कुरारा व सुमेरपुर के खंड शिक्षा अधिकारियों से जबाव तलब किया है। मामले की जानकारी डीएम को दी है।

जानकारी के मुताबिक शासनादेश के मुताबिक जूनियर हाई स्कूल विद्यालयों में गणित के शिक्षकों को 16 से 18 अक्टूबर तक सुमेरपुर व मौदहा के सभी शिक्षकों को गणित किट आधारित प्रशिक्षण दिया जाना है। कल प्रशिक्षण में मौदहा के छह व कुरारा के 13 शिक्षक प्रशिक्षण से गैर हाजिर रहे जिसमे राजेंद्र कुमार,राम प्रकाश साहू,पीसी शुक्ला,ज्योति निगम,महेंद्र कुमार,राजा भैया, निशी ओमर,रामकुमार,दीपा सिंह,पुष्पा गुप्ता,गिरीश कुमार,जीतेंद्र सिंह,जियाउर्रहमान,करन सिंह,अवधेश कुमार,सुनील कुमार,अनुज कुमार,राजनारायण त्रिपाठी आदि शिक्षक शामिल है। डायट प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस मामले की जानकारी जिलाधिकारी को दी है वही प्रशिक्षण मे शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति न होने के कारण मौदहा व कुरारा के खंड शिक्षा अधिकारियों से स्पष्टीकरण मागा है। कहा है कि अगले दो दिन शिक्षकों की पूरी उपस्थिति रहे ताकि शिक्षक प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सके। बताया जाता है कि इसके पहले भी शिक्षकों के जितने प्रशिक्षण हुये है उसमे शिक्षकों की उपस्थिति नगण्य रही है।

# पालिका व नगर पंचायत में एक वार्ड को आदर्श बना उपलब्ध कराएं सभी बुनियादी सुविधाएं: जिलाधिकारी

संवाददाता। फतेहपुर

**नगर** पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में 15 वें वित्त आयोग द्वारा प्रदान की गई निर्दिष्ट अनुदान एवं बुनियादी निकायों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों, आगणन के स्वीकृति हेतु कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में 15 वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त प्रस्तावों व आगणन की विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रस्तावों में शासन द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा करते हुए कार्य पूरा कराया जाये। किसी भी निर्माण कार्य व सामग्री क्रय के लिए डुप्लीकेसी न हो। इस आशय का प्रमाण पत्र समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत को देना होगा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के साथ पानी निकासी की व्यवस्था यदि प्रस्ताव में शामिल नहीं है तो शामिल कराएं और आबादी वाले स्थानों पर अब नाली व नाला ढक्कनदार बनाएं। डीएम ने अधिशाषी अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतो में एक आदर्श वार्ड के रूप में विकसित किया जाये।

# भुलसी ग्राम प्रधान ने किया पंचायत भवन में कब्जा

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के भुलसी ग्राम पंचायत भवन में ग्राम प्रधान ने कब्जा कर वहा पर अपने निजी वाहन व खेती के यंत्र खड़े कर लिये है जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है वही खंड विकास अधिकारी ने जांच कराने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों के अनुसार भुलसी गांव में चमचमाते ग्राम पंचायत भवन में अभिलेख व ग्रामीणों की आवाजाही नही रहती है, वहा पर ग्राम प्रधान ने अपने ट्रैक्टर,चारपायी व अन्य निजी सामान रख लिये है जिससे पंचायत भवन एक निजी आवास का रुप ले लिया है।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित कानपुर देहात मार्ट का साध्वी ने किया उद्घाटन

संवाददाता। कानपुर देहात

**स्वयं** सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित 'कानपुर देहात मार्ट' का उद्घाटन भारत सरकार केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति और उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने ग्राम्य विकास अभिकरण के प्रागंण में किया। इस अवसर पर बोलते केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजना ज्योति ने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण का प्रयास हमारी सरकार लगातार कर रही है, हमारी सरकार का प्रयास है कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलायें आत्मनिर्भर बनें और उनका जो प्रयास है। उस प्रयास में सरकार लगातार अपनी सहायता प्रदान करती रहेगी। बैंकों से ऋण इन्हें आसानी से मिल सके इसके लिए इनकी समस्याओं का निवारणार्थ सरकार लगातार मुहैया करा रही है। घर की चाहरदीवारी से बाहर निकलकर आप आत्मनिर्भर बन रहीं हैं इस प्रक्रिया में हम जो भी सहायता मुहैया करा सकते हैं उनको हम करायेंगे इस अवसर पर विभिन्न ब्लाकों की महिलाओं को देहाती मार्ट वितरण किया गया।

# चूल्हे की चिंगारी से लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**फर्रुखाबाद।** चूल्हे की चिंगारी से लगी भीषण आग में झोपडी में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। पास के दो अन्य घरों में भी आग ने काफी नुकसान किया। सूचना देने के दो घंटे बाद दमकल मौके पर पंहुची लेकिन तब तक ग्रामीणों नें आग पर काबू पा लिया था। अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर घाट निवासी राजवीर पुत्र सुखराम के घर पर चूल्हे पर दूध गर्म हो रहा था।

# पेज एक का शेष

## कलाकारों की...

जीता। आलिया ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार कृति सैनन के साथ साझा किया। कृति को हिंदी फिल्म 'मिमी' में उनके काम के लिए पुरस्कार मिल रहा है, जबकि उनके सह-कलाकार पंकज त्रिपाठी ने फिल्म में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि फिल्मी कलाकार बदलाव के वाहक हैं, जो लोगों को जोड़ते हैं और जागरूकता फैलाने के लिए सिनेमा सबसे प्रभावी माध्यम है। अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के सम्मान प्रदान करने के बाद राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि फिल्में केवल व्यवसाय और मनोरंजन तक सीमित नहीं हैं। राष्ट्रपति ने कहा, सिनेमा हमारे समाज का दस्तावेज भी है और उसे सुधारने का माध्यम भी है। आप कलाकार हैं और बदलाव के वाहक भी हैं। आप न केवल लोगों को देश केबारे में जानकारी देते हैं बल्कि उन्हें एक-दूसरे से जोड़ते भी हैं... सिनेमा जागरूकता फैलाने और संवेदनशील बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस साल की विजेता फिल्मों ने जलवायु परिवर्तन, लड़कियों की तस्करी, महिलाओं पर अत्याचार, भ्रष्टाचार और सामाजिक शोषण जैसे कई मुद्दों पर प्रकाश डाला है। मुर्मू ने कहा, आदिवासी समुदायों का प्रकृति और कला के प्रति प्रेम, महात्मा गांधी के आदर्शों का अनुकरण, प्रतिकूल स्थितियों के बीच अदम्य भावना से लड़ना, शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति और कला व संस्कृति के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां जैसे विभिन्न विषयों पर अच्छी फिल्में बनाई गई हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उनका मानना है कि भारतीय फिल्मों को देश की सामाजिक विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने फिल्म उद्योग से महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देना जारी रखने का आग्रह करते हुए कहा, मुझे विश्वास है कि ऐसी फिल्में न केवल देश और समाज के लिए फायदेमंद होंगी, बल्कि व्यावसायिक रूप से भी सफल साबित होंगी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारतीय फिल्म उद्योग पर गर्व जताया और कहा कि आज कुछ भी क्षेत्रीय नहीं है। उन्होंने कहा, यदि सामग्री अच्छी है, तो क्षेत्रीय सामग्री को वैश्विक स्तर पर दर्शक मिलेंगे। मंत्री ने कहा कि सरकार फिल्म पाइरेसी का मुकाबला करने के प्रयासों में फिल्म उद्योग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और वह सिनेमैटोग्राफ अधिनियम के जरिए इस समस्या से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। फिल्म अभिनेत्री-निर्माता देविका रानी दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित होने वाली पहली अभिनेत्री थीं। इसके अलावा जिन महिला कलाकारों को अब तक यह सम्मान मिल चुका है उनमें सुलोचना, कानन देवी, दुर्गा खोटे, लता मंगेशकर, आशा भोसले और आशा पारेख शामिल हैं।

## समलैंगिक विवाह...

चार अलग-अलग फैसले सुनाते हुए सर्वसम्मति से कहा कि समलैंगिक जोड़े संविधान के तहत मौलिक अधिकार के रूप में इसका दावा नहीं कर सकते हैं। पीठ ने केंद्र के इस रुख की आलोचना की कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की याचिका शहरी अभिजात्य अवधारणा को प्रदर्शित करती है। पीठ ने कहा कि यह सोचना कि समलैंगिकता केवल शहरी इलाकों में मौजूद है, उन्हें मिटाने जैसा होगा तथा किसी भी जाति या वर्ग का व्यक्ति समलैंगिक हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि विवाह एक स्थिर और अपरिवर्तनीय संस्था है। पीठ में कुछ पहलुओं पर मतभेद था, खासकर समलैंगिक जोड़ों के लिए गोद लेने के नियमों के संबंध में। हालांकि पीठ मुख्य मुद्दे पर एकमत थी कि अदालत विशेष विवाह कानून के तहत समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता नहीं दे सकती है। पीठ ने कहा कि यह कार्य संसद को करना है। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि गोद लेने के नियमों को अमान्य माना जाता है क्योंकि वे समलैंगिक लोगों के प्रति भेदभावपूर्ण हैं और उन्हें गोद लेने के अधिकार से वंचित करते हैं। उनकी राय से असहमत न्यायमूर्ति भट्ट ने कहा कि समलैंगिक जोड़ों को गोद लेने की अनुमति नहीं है, इसका मतलब यह नहीं है कि नियम अमान्य हैं। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायालय कानून नहीं बना सकता, बल्कि उनकी केवल व्याख्या कर सकता है और विशेष विवाह अधिनियम में बदलाव करना संसद का काम है। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति कौल की राय से सहमति जताते हुए न्यायमूर्ति भट्ट ने कहा कि संविधान शादी करने का मौलिक अधिकार नहीं देता है। प्रधान न्यायाधीश ने केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि समलैंगिक समुदाय के साथ भेदभाव नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि समलैंगिकता प्राकृतिक होती है जो सदियों से जानी जाती है और इसका केवल शहरी या अभिजात्य वर्ग से संबंध नहीं है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि वह समलैंगिक जोड़ों को कुछ अधिकार दिए जाने को लेकर प्रधान न्यायाधीश से सहमत हैं। उन्होंने कहा, समलैंगिक और विपरीत लिंग के संबंधों को एक ही सिक्के के दो पहलुओं के रूप में देखा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि समलैंगिक संबंधों को कानूनी मान्यता देना वैवाहिक समानता की दिशा में एक कदम है। न्यायमूर्ति भट्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि वह प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ के कुछ विचारों से सहमत और कुछ से असहमत हैं। प्रधान न्यायाधीश ने इस अहम मामले पर फैसला सुनाते हुए कहा कि विशेष विवाह अधिनियम की व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है या नहीं, इसका निर्णय लेना संसद का काम है। उन्होंने कहा कि यह अदालत कानून नहीं बना सकती, वह केवल उसकी व्याख्या कर सकती है और उसे प्रभावी बना सकती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायालय सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का यह बयान दर्ज करता है कि केंद्र समलैंगिक लोगों के अधिकारों के संबंध में फैसला करने के लिए एक समिति गठित करेगा। उन्होंने अपने फैसले का प्रभावी हिस्सा पढ़ते हुए केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे समलैंगिक अधिकारों के बारे में आम लोगों को जागरूक करने के लिए कदम उठाएं और यह सुनिश्चित करें कि लिंग-परिवर्तन ऑपरेशन की अनुमति उस आयु तक न दी जाए, जब तक इसके इच्छुक लोग इसके परिणाम को पूरी तरह समझने में सक्षम नहीं हों। प्रधान न्यायाधीश ने पुलिस को समलैंगिक जोड़े के संबंधों को लेकर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच करने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जीवन साथी चुनने की क्षमता अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और स्वतंत्रता के अधिकार से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि संबंधों के अधिकार में जीवन साथी चुनने का अधिकार और उसे मान्यता देना शामिल है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संबंध को मान्यता नहीं देना भेदभाव है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, समलैंगिक लोगों सहित सभी को अपने जीवन की नैतिक गुणवत्ता का आकलन करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि इस अदालत ने माना है कि समलैंगिक व्यक्तियों के साथ भेदभाव न किया जाना समानता की मांग है। उन्होंने कहा कि कानून यह नहीं मान सकता कि केवल विपरीत लिंग के जोड़े ही अच्छे माता-पिता साबित हो सकते हैं क्योंकि ऐसा करना समलैंगिक जोड़ों के खिलाफ भेदभाव होगा। प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यहां तक कि इस संबंध में साहित्य की सीमित खोज से भी यह स्पष्ट हो जाता है... समलैंगिकता पूरी तरह से शहरी अवधारणा ही नहीं है और न ही यह उच्च वर्गों या विशेषाधिकार प्राप्त समुदायों तक सीमित है। न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर अपना फैसला 11 मई को सुरक्षित रख लिया था। केंद्र ने अपनी दलीलें पेश करते हुए न्यायालय से कहा था कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर उसके द्वारा की गई कोई संवैधानिक घोषणा संभवत: सही कार्रवाई नहीं हो क्योंकि अदालत इसके परिणाम का अनुमान लगाने, परिकल्पना करने, समझने और इससे निपटने में सक्षम नहीं होगी। न्यायालय ने इस मामले में 18 अप्रैल को दलीलें सुननी शुरू की थीं।

## उज्ज्वला लाभार्थियों...

चौधरी और अनु को सीधे उपाधीक्षक बनाये जाने का ऐलान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि लखनऊ में समारोह आयोजित कर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपए, रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को डेढ़ करोड़ रुपए और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 75 लाख रुपए की राशि देंगे। आदित्यनाथ ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसे अभियान शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री की सराहना की और कहा कि इनके परिणामस्वरूप महिलाएं अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में देश का नाम रोशन कर रही हैं। कार्यक्रम में बुलंदशहर के जिला प्रभारी मंत्री अरूण सक्सेना, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, बुलंदशहर सांसद डॉ. भोला सिंह, गौतमबुद्ध नगर सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र सिंह नागर समेत अन्य शामिल हुए।

## महुआ मोइत्रा...

अपनी नैनो कार फैक्टरी यहां से हटा दिया था। मुख्यमंत्री अब राज्य में निवेश लाना चाहती हैं लिहाजा वे उस मसले में नहीं पड़ना चाहती है जिसमें अडाणी का मामला शामिल हो। बंगाल के एक वरिष्ठ मंत्री ने कहा कि याद रखें कि अडानी समूह ने पूर्वी मिदनापुर जिले में ताजपुर में गहरे समुद्र में बंदरगाह के निर्माण की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि मोइत्रा भाजपा सरकार को घेरने के लिए अडाणी के खिलाफ सवाल पूछने के मुद्दे पर बहुत आगे बढ़ गई। अगर ममता बनर्जी उनसे कुछ मुद्दों पर नाराज हैं तो निश्चित रुप से यह भी उनमें से एक है। और अंत में एक विश्लेषक के मुताबिक भर्ती, कोयला और मवेशी घोटालों के संबंध में बंगाल सरकार के कई वरिष्ठ नेता पहले से ही जेल में बंद हैं। ऐसे में टीएमसी कोई नए विवाद में नहीं पड़ना चाहेगी खासकर तब जब महुआ मोइत्रा जन नेता और अपरिहार्य नहीं हैं।

## फिर सुर्खियों...

होगा - उनका मानस, ज्ञान, वित्त, जिज्ञासा, वैज्ञानिक स्वभाव, नौकरियां आदि। आज की महिला एक पूरी तरह से अलग व्यक्ति है। भारतीय महिलाएं धर्म और संस्कृति के प्रति अधिक समर्पित हैं... हालांकि पुरुष और महिला दोनों ही पश्चिमी सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली से गुजरे हैं। यह महिला ही है जो भारत को भारत में बदल देती है; यह पुरुष ही है जो भारत को भारत बनाता है। अपने तर्कों को पुष्ट करने के लिए वह हिंदुओं का ध्यान मॉरीशस, त्रिनिदाद, म्यांमार और सिंगापुर के मंदिरों की ओर आकर्षित करते हैं। हरि ने अपनी पुस्तक में बताया है कि यद्यपि इन देशों में हिंदू हैं, लेकिन जाति या जाति संबंधी कोई भेदभाव नहीं है। सबरीमाला में प्राचीन काल से प्रचलित प्रथा यह थी कि महिलाओं को यह कहकर मंदिर में पूजा करने की अनुमति नहीं दी जाती थी कि सबरीमाला के इष्टदेव शाश्वत ब्रह्मचारी हैं। शीर्ष अदालत ने 28 सितंबर, 2018 को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया था जिसमें उसने सबरीमाला मंदिर के अंदर महिलाओं के प्रवेश की अनुमति दे दी थी। याचिकाकर्ताओं, इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन ने दलील दी थी कि महिलाओं को मंदिर में पूजा करने की अनुमति न देना समानता और स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है। एसोसिएशन ने तर्क दिया कि यह प्रथा अनुच्छेद 14 के तहत समानता के अधिकार का उल्लंघन करती है क्योंकि यह 'महिलाओं की गरिमा के लिए अपमानजनक है।' संविधान के अनुच्छेद 25 में कहा गया है कि 'सभी व्यक्ति समान रूप से अंतरात्मा की स्वतंत्रता और धर्म को स्वतंत्र रूप से मानने, अभ्यास करने और प्रचार करने के अधिकार के हकदार हैं।' महिला उपासकों का बहिष्कार ऐसे अधिकारों का उल्लंघन है। यह फैसला तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा, जस्टिस रोहिंटन नरीमन, डीवाई चंद्रचूड़, इंदु मल्होत्रा? और ए एम खानविलकर की बेंच ने सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केरल सरकार ने मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया। राज्य भर में सैकड़ों हजारों भक्तों द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर आंदोलन और राज्य में आरएसएस के शीर्ष नेताओं वलसन थिलनकेरी के नेतृत्व में प्रतिरोध के बावजूद केरल पुलिस ने महिला कार्यकर्ताओं को महिला पुलिसकर्मियों के रूप में मंदिर तक पहुंचाया था। महिलाओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति देने के केरल सरकार के कदम के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करने वाले वाल्सन थिलानकेरी ने पायनियर को बताया कि आरएसएस के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। थिलानकेरी ने कहा कि संघ के साथ-साथ स्वयं महिलाएं भी पवित्र मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के विरोध में एकमत हैं। हरि ने जो लिखा है वह उनके निजी विचार हैं। मलयालम में लिखी गई किताब का अंग्रेजी में अनुवाद प्रख्यात पत्रकार और लेखक राम चंद्रन ने किया है। पायनियर ने जिन कई विद्वानों से बात की, उन्होंने हरि के विचारों पर अपनी पीड़ा व्यक्त की। केरल के परप्पानंगडी के वैदिक विद्वान उन्नीकृष्णन पणिक्कर ने कहा कि यह एक पुरानी प्रथा और परंपरा है और महिला भक्तों पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय के पीछे एक वैज्ञानिक कारण है। सबरीमाला की तीर्थयात्रा अपने आप में एक अनुष्ठान है जिसके लिए कड़े नियमों की आवश्यकता होती है। महिलाओं पर प्रतिबंध की मांग को लेकर 2018 में मंदिर में जमा हुए भक्तों पर पुलिस कार्रवाई में कई लोगों की जान चली गई थी।

# किसी भी रूप में आतंकवाद का कोई भी कृत्य अनुचितः एनएसए डोभाल

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने मंगलवार को कहा कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए सबसे गंभीर खतरा बना हुआ है और यह कृत्य किसी भी रूप में अनुचित है। कजाकिस्तान में भारत और मध्य एशियाई देशों के एनएसए के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए डोभाल ने भागीदार देशों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की भी पेशकश की। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने यह भी कहा कि भारत मध्य एशियाई देशों को यूनाइटेड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) से संबंधित तकनीक उनके स्वतंत्र उपयोग के लिए, निःशुल्क उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। डोभाल ने कहा कि संप्रभु डिजिटल भुगतान प्रणाली स्थापित करने से भारत और मध्य एशिया के बीच वाणिज्यिक संबंधों में इजाफा होगा और उन लोगों को विशेषतौर पर लाभ होगा, जिन्हें चिकित्सा उपचार के लिए भारत की यात्रा करनी पड़ सकती है। एनएसए ने कहा कि मध्य एशियाई देशों के साथ कनेक्टिविटी और आर्थिक एकीकरण भारत के लिए प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, कनेक्टिविटी को बढ़ावा देते समय, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि कनेक्टिविटी पहल पारदर्शी और भागीदारीपूर्ण हो। डोभाल ने कहा कि कनेक्टिविटी पहल को सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए और उन्हें पर्यावरणीय मापदंडों का भी पालन करना चाहिए, वित्तीय व्यवहार्यता सुनिश्चित करनी चाहिए और कर्ज का बोझ नहीं बनना चाहिए। चीन की बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई) की बढ़ती आलोचना के बीच यह टिप्पणी आई है। मध्य एशिया और भारत के बीच सीधी भूमि पहुंच का अभाव एक विसंगति है। पाकिस्तान के अप्रत्यक्ष संदर्भ में कहा कि सीधी कनेक्टिविटी की यह अनुपस्थिति एक विशेष देश द्वारा इनकार करने की सचेत नीति का परिणाम है। डोभाल ने कहा कि यह स्थिति न केवल इस देश के लिए, खुद की पराजय है बल्कि यह पूरे क्षेत्र की सामूहिक भलाई को भी कम करती है। चाबहार बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) में शामिल करने के फायदों को भी रेखांकित किया। डोभाल ने मध्य एशियाई पड़ोसियों को समुद्री व्यापार के लिए चाबहार बंदरगाह के साथ-साथ एक भारतीय कंपनी द्वारा संचालित इसके शहीद बेहिश्ती टर्मिनल का उपयोग करने के लिए आमंत्रित किया। चाबहार बंदरगाह को आईएनएसटीसी के ढांचे में शामिल करने के लिए समर्थन का आग्रह किया। उज्बेकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान दोनों जल्द ही आईएनएसटीसी में शामिल होंगे। सभी पांच मध्य एशियाई देश आईएनएसटीसी के सदस्य होंगे।

## इसरो अध्यक्ष सोमनाथ ने मानद उपाधि वैज्ञानिक दल को समर्पित की

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने मंगलवार को बैंगलोर विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें प्रदान की गई मानद उपाधि हाल में चंद्रयान-3 और आदित्य एल। मिशन प्रक्षेपित करने वाले टीम सदस्यों को समर्पित की। उन्होंने एक वीडियो संदेश भेजा क्योंकि वह काम से जुड़ी व्यस्तताओं के कारण मानद उपाधि प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय के 58वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में स्वयं उपस्थित नहीं हो पाए। सोमनाथ ने दीक्षांत समारोह में दिखाए गए वीडियो संदेश में कहा, मैं प्रत्येक वैज्ञानिक और इंजीनियर तथा तकनीशियनों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के उन कर्मियों की ओर से बैंगलोर विश्वविद्यालय के प्रेम और स्नेह की भावना के साथ प्रदान की गई मानद उपाधि स्वीकार करता हूं जिन्होंने हाल में चंद्रयान के साथ ही आदित्य-एल। जैसे मिशन के जरिए भारत को गौरवान्वित किया है।



नादिया में दुर्गा पूजा पर्व के अवसर पर दुर्गा पण्डाल में हाथ जोड़ती हुई महिला।

## कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी, जाति जनगणना 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण का वादा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने विधानसभा चुनावों के लिए मंगलवार को पार्टी का घोषणापत्र जारी किया जिसमें जाति जनगणना, ओबीसी वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण और प्रदेश के सभी लोगों के लिए 25 लाख रुपए का चिकित्सा बीमा सहित अन्य रियायतें देने की घोषणा की गई है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख कमलनाथ ने 106 पन्नों का घोषणा पत्र जारी किया जिसमें 59 वादों और 101 मुख्य गारंटी का जिक्र है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि 17 नवंबर के चुनाव में कांग्रेस के सत्ता में आने पर 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा और मध्य प्रदेश की एक आईपीएल क्रिकेट टीम बनवाई जाएगी।

कमलनाथ ने कहा कि राज्य में खुशहाली लाने के लिए पार्टी खुशहाली मिशन शुरू करेगी और पार्टी का नया नारा है, कांग्रेस आएगी, खुशहाली लाएगी। कांग्रेस ने महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए की सहायता देने, दो लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफ करने, उपभोक्ताओं को 100 यूनिट मुफ्त बिजली और आधी दर पर 200 यूनिट बिजली देने, किसानों को सिंचाई के लिए पांच एचपी मोटर के लिए मुफ्त बिजली देने, किसानों का लंबित बिजली बिल माफ करने और बिजली और कृषि आंदोलन से संबंधित झूठे मामले वापस लेने का भी वादा किया। कमलनाथ ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा, हम सभी लोगों के लिए 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करेंगे, जिसमें 10 लाख रुपए का दुर्घटना कवर भी होगा। सरकारी नौकरियों और योजनाओं में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का भी वादा किया। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने न्यूनतम 2,600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं और 2,500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने की भी घोषणा की और कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसानों को उनकी लागत मिले। उन्होंने पुरानी पेंशन योजना को लागू करने का भी वादा किया और बहु-दिव्यांगजनों के लिए 2,000 रुपए पेंशन की भी घोषणा की।

कांग्रेस पढ़ो-पढ़ाओ योजना भी शुरू करेगी जिसके तहत पहली से आठवीं कक्षा तक के सरकारी स्कूलों के बच्चों को 500 रुपए प्रति माह, नौवीं और 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को 1,000 रुपए प्रति माह और 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को 1,500 प्रतिमाह दिए जाएंगे। इस योजना की घोषणा हाल में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने राज्य में की थी। कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस राज्य में स्कूली शिक्षा मुफ्त करेगी। पार्टी राज्य के अधिसूचित आदिवासी क्षेत्रों में पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) (पीईएसए) अधिनियम भी लागू करेगी। आदिवासी वोटों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कांग्रेस ने तेंदूपत्ता संग्राहकों की मजदूरी 4,000 रुपए प्रति मानक बोरा तक बढ़ाने का भी वादा किया। अनु. जाति (एससी) के बीच अपनी स्थिति मजबूत करने के उद्देश्य से समुदाय के मतदाताओं के लिए पार्टी ने राज्य के सागर जिले में संत शिरोमणि रविदास कौशल उन्नयन विवि स्थापित करने का वादा किया। सत्तारूढ़ भाजपा ने भी सागर में संत रविदास का भव्य स्मारक बनाने का वादा किया है और कुछ महीने पहले इसकी आधारशिला प्रधानमंत्री मोदी ने रखी थी। कांग्रेस की छवि को अल्पसंख्यक समर्थक से बदलकर सभी का ख्याल रखने वाली पार्टी में बदलने के उद्देश्य से, कमलनाथ ने नर्मदा परिक्रमा परिषद का गठन करने और नर्मदा परिक्रमा यात्रा शुरू करने का भी वादा किया।

## मोइत्रा ने अपमानजनक सामग्री प्रसारित करने पर कोर्ट रुख किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**तृणमूल** कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख कर भाजपा नेता निशिकांत दुबे, एक वकील और कई सोशल मीडिया मंचों तथा मीडिया संस्थानों को उनके (मोइत्रा के) खिलाफ कथित फर्जी और अपमानजनक सामग्री पोस्ट, प्रसारित या प्रकाशित करने से रोकने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता द्वारा इस हफ्ते के अंत में विषय पर सुनवाई करने की संभावना है। पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से लोकसभा सदस्य मोइत्रा ने भाजपा सांसद दुबे, अधिवक्ता जय अनंत देहाद्रई, सोशल मीडिया मंच एक्स , सर्च इंजन गूगल, यू ट्यूब और 15 मीडिया संस्थानों के खिलाफ स्थाई रोक और क्षतिपूर्ति के लिए, तथा अपने खिलाफ अपमानजनक, झूठे और दुर्भावनापूर्ण बयान देने, प्रकाशित करने, प्रसार करने से उन्हें रोकने का अनुरोध किया है।

दुबे ने मोइत्रा पर संसद में सवाल पूछने के लिए एक कारोबारी से पैसे लेने का आरोप लगाया है और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके (मोइत्रा के) खिलाफ आरोपों की जांच करने के लिए एक जांच समिति गठित करने का अनुरोध किया है। भाजपा के लोकसभा सदस्य दुबे ने उक्त वकील से एक पत्र प्राप्त होने का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने (वकील ने) तृणमूल कांग्रेस नेता और एक कारोबारी के बीच पैसों का लेन-देन होने के अखंडनीय साक्ष्य साझा किए हैं। लोकसभा अध्यक्ष को लिखे पत्र में दुबे ने दावा किया कि हाल के समय तक लोकसभा में उनके (मोइत्रा) द्वारा पूछे गए 61 में से 50 प्रश्न अडाणी समूह पर केंद्रित थे और अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद जब अडाणी समूह निशाने पर था, तब अधिक संख्या में सवाल पूछे गए। अडाणी समूह पर तृणमूल कांग्रेस सदस्य अक्सर भ्रष्टाचार का आरोप लगाती रही हैं। मोइत्रा ने अदालत में दायर अपनी याचिका में, उन पर लगाए गए आरोपों से इनकार किया और दावा किया कि संसद में कथित तौर पर पैसे लेकर सवाल पूछने के सिलसिले में दुबे और देहाद्रई द्वारा उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने के लिए ए झूठे आरोप गढ़े गए हैं।

तृणमूल कांग्रेस सांसद ने उनके खिलाफ इन लोगों से संबद्ध मंचों पर पोस्ट, ट्वीट, री-ट्वीट, कैप्शन सहित कथित अपमानजनक और अशोभनीय सामग्री हटाने का भी प्रतिवादियों को निर्देश देने का अनुरोध किया है। मोइत्रा ने अपने खिलाफ झूठे और अपमानजनक बयानोंआरोपों को लेकर प्रतिवादी संख्या। (दुबे) और 2 (देहाद्रई) को अंग्रेजी भाषा के तीन समाचार पत्रों, हिंदी के तीन समाचार पत्रों और तीन बंगाली समाचार पत्रों में माफीनामा प्रकाशित करने का निर्देश देने का भी अदालत से अनुरोध किया है। उन्होंने खुद को दो करोड़ रुपए की क्षति पहुंचने का अंतरिम आकलन किया है और कहा कि प्रतिवादियों को क्षतिपूर्ति करने का निर्देश दिया जाए। मोइत्रा ने कहा कि यह वकील उनके करीबी मित्र थे, और हाल में इस दोस्ती में कटुता आ गई तथा उन्होंने (वकील ने) उन्हें धमकी भरा व अश्लील संदेश भेजा। मोइत्रा ने दावा किया कि वह उनके आधिकारिक आवास में भी जबरन घुसे गए थे और उनके हेनरी नामक कुत्ते (जिसे बाद में लौटा दिया गया) एवं कुछ निजी वस्तुएं चुरा ली थीं। याचिकाकर्ता ने पुलिस में दो शिकायतें दायर की थीं...और बाद में सुलह होने के बाद इन्हें (शिकायतों को) वापस ले लिया गया था। तृणमूल कांग्रेस सांसद ने याचिका में कहा है कि विभिन्न खबरें, ट्वीट और वीडियो सोशल मीडिया मंच और मीडिया संस्थानों द्वारा जारी किए जा रहे हैं, जिनमें बेबुनियाद, झूठे और अपमानजनक आरोप प्रतिवादी संख्या। और 2 द्वारा लीक किए गए हैं।

## संभव है कि मैंने जमीन के सौदे की स्थिति के बारे में पूछा होगाः अजित पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि संभवतः उन्होंने पुणे में पुलिस विभाग की एक जमीन के सौदे की स्थिति के बारे में वहां की तत्कालीन पुलिस आयुक्त मीरा बोरवणकर से पूछा होगा। हालांकि, इस आरोप से उन्होंने इनकार किया कि बिल्डर को भूखंड सौंपने के लिए कहा था। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) की पूर्व अधिकारी मीरा ने अपनी किताब मैडम कमिश्नर में जाहिरा तौर पर पवार के संदर्भ में आरोप लगाया है। मीरा ने दावा किया कि 2010 में तत्कालीन जिला मंत्री ने जोर दिया था कि वह पुलिस विभाग के नीलाम किए गए भूखंड को सफल बोली लगाने वाले को सौंपने की प्रक्रिया पूरी करें। सफल बोली लगाने वाले को बाद में 2जी घोटाले के आरोपी के रूप में उद्धृत किया गया है। मीरा ने लिखा है कि उन्होंने इस कदम का विरोध किया था। पवार उस समय वहां के प्रभारी मंत्री थे। पवार ने संवाददाताओं से कहा, "मैं स्वीकार करता हूं कि मैंने उनसे भूखंड सौदे की स्थिति के बारे में पूछा होगा, और उन्होंने भूमि सौंपने पर अपना विरोध जताया होगा। इसके अलावा, मैंने सौदे को आगे बढ़ाने की कोई कोशिश नहीं की। मैंने उनसे सौदे के बारे में इसलिए पूछा क्योंकि एक समिति ने निजी बिल्डर को भूखंड सौंपने का फैसला किया था, लेकिन उस फैसले को लागू नहीं किया जा रहा था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता पवार ने मीरा का नाम नहीं लिया, लेकिन कहा कि उनके खिलाफ एक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी द्वारा कुछ आरोप लगाए गए हैं, जिन्होंने पुणे में पुलिस आयुक्त के तौर पर काम किया था। उन्होंने यह भी कहा कि संभव है कि अधिकारी ने सनसनी के लिए अपनी किताब में दावे किए होंगे। कल मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि उनकी किताब में अन्य चीजें भी हैं, लेकिन मुझे आश्चर्य है कि केवल इस मुद्दे को ही क्यों रेखांकित किया जा रहा है।

## मुठभेड़ में आठ लाख रुपए का इनामी नक्सली ढेर

**भाषा।** बीजापुर

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में आठ लाख रुपए के इनामी नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंदेपारा गांव के जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में आठ लाख रुपए के इनामी नक्सली एवं मद्देड़ एरिया कमेटी के प्रभारी नागेश पदम को मार गिराया।पुलिस अधिकारी ने बताया कि मद्देड थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोरंजेड-बंदेपारा गांव के जंगल में मद्देड एरिया कमेटी के प्रभारी नागेश के साथ लगभग 20 सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी।उन्होंने बताया कि सूचना के बाद बीजापुर से डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आज सुबह जब सुरक्षाबल के जवान बंदेपारा गांव के जंगल में पहुंचे तब नक्सलियों ने जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

### महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले से छह लाख रुपए का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**गढ़चिरौली।** पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में मंगलवार को छह लाख रुपए के एक इनामी नक्सली को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और प्रदेश पुलिस ने जिले की इटापल्ली तहसील के रेखाभटाल के रहने वाले मेसो काव्दू (50) को पकड़ने के लिए एक अभियान चलाया। दरअसल उन्हें गुप्त जानकारी प्राप्त हुई थी कि उसे जाजवंडी-दोद्दुर वन क्षेत्र में देखा गया है। जिला पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि महाराष्ट्र के विशेष नक्सल रोधी कमांडो फोर्स सी-60 के कर्मियों, स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ ने इस अभियान में हिस्सा लिया।विज्ञप्ति के मुताबिक, काव्दू ने पूछताछ के दौरान कथित तौर पर बताया कि वह 2017 से नक्सलियों के आपूर्ति दल के सदस्य के रूप में काम कर रहा था और वह अबूझमाड़ क्षेत्र में विस्फोटकों की आपूर्ति में शामिल था। विज्ञप्ति के मुताबिक, वह महाराष्ट्र पुलिस के साथ दो मुठभेड़ में भी कथित तौर पर शामिल था, जिसमें 31 मार्च को सी-60 दल के साथ हुई मुठभेड़ भी शामिल है। उस मुठभेड़ में नक्सलियों के टिपागड दलम के एक डिप्टी कमांडर को मार गिराया गया था।

## गौरी लंकेश हत्याकांड में मानहानि मामले के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय पहुंचे राहुल गांधी

**मुंबई।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का नाम कथित तौर पर पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या के मामले से जोड़ने वाले अपने बयान के खिलाफ दर्ज मानहानि की शिकायत को रद्द करने का अनुरोध करने के लिए बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। राहुल की याचिका में कहा गया है कि उनके खिलाफ मामले को माकपा के नेता सीताराम एचुरी के खिलाफ दर्ज मामले के साथ नहीं जोड़ा जा सकता क्योंकि उन्होंने कथित बयान अलग-अलग मौकों पर दिए थे और वे भिन्न या कहें तो विपरीत विचारधारा वाले दो अलग-अलग दलों से जुड़े हैं। न्यायमूर्ति एस वी कोतवाल ने याचिका पर सुनवाई के लिए पांच दिसंबर की तारीख तय की। वकील धृतिमान जोशी ने 2017 में यहां एक मजिस्ट्रेट के समक्ष राहुल गांधी, उनकी मां कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और एचुरी के खिलाफ एक निजी शिकायत दर्ज कराई थी और भारतीय दंड संहिता की धाराओं 499 तथा 500 के तहत कथित मानहानि के लिए उनके खिलाफ कार्वाई की मांग की थी। मजिस्ट्रेटी अदालत ने 2019 में सोनिया के खिलाफ मामले को खारिज कर दिया था लेकिन राहुल गांधी और एचुरी को नोटिस जारी किया। दोनों ने इस आधार पर शिकायत को खारिज करने के लिए आवेदन दायर किया था कि उन पर संयुक्त रूप से मुकदमा नहीं चलना चाहिए। हालांकि मजिस्ट्रेटी अदालत ने आवेदन खारिज कर दिया जिसके बाद राहुल गांधी ने इस साल अगस्त में उच्च न्यायालय का रुख किया था। कांग्रेस नेता की याचिका के अनुसार वह और एचुरी अलग-अलग दल के हैं जिनकी भिन्न या कहें तो विपरीत विचारधारा है और संयुक्त सुनवाई से गांधी का मामला प्रभावित होगा। बेंगलुरु निवासी पत्रकार और कार्यकर्ता गौरी लंकेश की पांच सितंबर, 2017 को उनके घर के बाहर हत्या कर दी गई थी।

## कांग्रेस ने गुजरात में अपनी स्थिति के आंकलन के लिए कुछ टीम का गठन किया

**अहमदाबाद।** कांग्रेस ने अगले लोकसभा चुनाव से पहले गुजरात की सभी 26 सीट पर अपनी स्थिति का आकलन करने और संगठन के पुनर्गठन के लिए नेताओं की कुछ टीम बनाई हैं। 2019 के आम चुनाव में राज्य की सभी 26 लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत हुई थी। 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 182 में से केवल 17 सीट जीत सकी थी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा कि वरिष्ठ और युवा नेताओं की टीम को लोकसभा सीट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन टीम को मौजूदा राजनीतिक और सामाजिक गतिविधि और चुनावी तैयारियों के हिस्से के रूप में पार्टी की स्थिति का अंदाजा लगाने के लिए लोकसभा क्षेत्रों में स्थानीय नेताओं के साथ बैठकें करने का काम सौंपा गया है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल भरूच और छोटा उदयपुर सीट की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अमित चावड़ा, खेड़ा, भावनगर और सुरेंद्रनगर संसदीय क्षेत्रों में पार्टी स्थिति का आकलन करेंगे।

## आरएसएस ने समलैंगिक विवाहों पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने मंगलवार को समलैंगिक विवाहों पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया और कहा कि संसद इसके अनेक पहलुओं पर चर्चा कर सकती है और उचित निर्णय ले सकती है। उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने मंगलवार को समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया। समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिए जाने का अनुरोध करने वाली 21 याचिकाओं पर प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने सुनवाई की। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायालय कानून नहीं बना सकता, केवल उनकी व्याख्या कर सकता है और विशेष विवाह अधिनियम में बदलाव करना संसद का काम है। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, समलैंगिक विवाह पर उच्चतम न्यायालय का फैसला स्वागत योग्य है।

## दुर्घटनाग्रस्त मिनीबस का लंबित एमवी कर चार घंटे के अंदर आनलाइन भरा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर ट्रक से टकराने वाली मिनी बस के लंबित मोटर वाहन कर का हादसे के चार घंटे से भी कम समय में ऑनलाइन भुगतान कर दिया गया। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस हादसे में 12 लोगों की जान चली गई थी। दुर्घटनग्रस्त मिनीबस नासिक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में पंजीकृत थी। एक अधिकारी ने बताया कि एक सितंबर से 30 तक तथा एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक की अवधि का मिनीबस का मोटर वाहन(एमवी) कर का 15 अक्टूबर को सुबह चार बजकर 13 मिनट पर ऑनलाइन भुगतान किया गया। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के वैजापुर क्षेत्र में रात करीब साढ़े 12 बजे यह मिनीबस ट्रक से टकरा गई थी। दुर्घटना की शिकार हुई इस बस (एमएच 04 जीपी 2212) में 35 लोग सवार थे, जबकि उसकी क्षमता 18 यात्रियों की थी। हादसे के वक्त उसका कोई वैध परमिट भी नहीं था। इस मिनीबस का 14 अक्टूबर, 2016 को नासिक आरटीओ में पंजीकरण कराया गया था। एक अधिकारी ने कहा, पांच महीने से अधिक समय के दौरान आरटीओ ने इस मिनीबस को कोई परमिट जारी नहीं किया। पिछला परमिट 20 अप्रैल, 2023 को जारी किया गया विशेष परमिट था जो 20 अप्रैल से 24 अप्रैल तक के लिए तथा नासिक-गुरूदेश्वर यात्रा के लिए वैध था। नासिक के आरटीओ अधिकारी प्रदीप शिंदे ने बातचीत में इस बात की पुष्टि की कि इस मिनीबस का एमवी कर हादसे के कुछ घंटों के अंदर जमा किया गया। हादसे के वक्त मिनीबस बिना वैध परमिट के चल रही थी। प्रथम दृष्टया तेज रफ्तार से नासिक जा रही यह मिनीबस रविवार को रात करीब साढ़े 12 बजे वैजापुर में एक खड़े कंटेनर ट्रक से टकरा गई जिससे 12 यात्रियों की मौत हो गई जबकि 23 अन्य घायल हो गए।

## वहीदा रहमान ने दादा साहेब फाल्के पुरस्कार फिल्म जगत को समर्पित किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू** ने मंगलवार को दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को फिल्म जगत का सर्वोच्च दादासाहेब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया। भारतीय सिनेमा जगत का यह सर्वोच्च पुरस्कार ग्रहण करने वाली वहीदा रहमान आठवीं महिला कलाकार हैं।यहां विज्ञान भवन में आयोजित 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में यह पुरस्कार ग्रहण करने के बाद वहीदा रहमान (85) ने इसे अपने प्रिय फिल्म जगत और इसके विभिन्न विभागों को समर्पित किया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मंच पर पहुंचीं रहमान ने बताया कि फिल्म निर्माण किस प्रकार एक आपसी सहयोग प्रक्रिया है। उन्होंने पुरस्कार ग्रहण करने के बाद कहा, मैं बहुत सम्मानित और आभारी हूं... लेकिन आज मैंने जो कुछ भी हासिल किया है, वह मेरी प्रिय फिल्म इंडस्ट्री की वजह से है। सौभाग्य से, मुझे शीर्ष निर्देशकों, निर्माताओं, फिल्मकारों, तकनीशियनों, लेखकों, संवाद लेखकों, संगीत निर्देशकों और संगीतकारों के साथ काम करने का मौका मिला। मेकअप आर्टिस्ट, हेयर और कॉस्ट्यूम डिजाइनरों को भी श्रेय देते हुए कहा, मुझे उनसे बहुत समर्थन, सम्मान और प्यार मिला। यही कारण है कि मैं इस पुरस्कार को फिल्म उद्योग के सभी विभागों के साथ साझा कर रही हूं। उन्होंने मुझे शुरू से ही बहुत सम्मान, समर्थन और प्यार दिया। एक फिल्म सिर्फ एक व्यक्ति द्वारा नहीं बनाई जाती, हमें एक दूसरे की जरूरत होती है।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में रहमान की भूमिकाओं और जीवन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए उनकी प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने कहा, मैं वहीदा रहमान जी को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करते हुए बहुत खुशी महसूस कर रही हूं। मैं वहीदा जी को बधाई देती हूं। उन्होंने अपनी कला और व्यक्तित्व के जरिए फिल्म उद्योग में ऊंचा मुकाम हासिल किया। उन्होंने निजी जीवन में भी गरिमा, आत्मविश्वास और मूल पहचान के साथ नाम कमाया है। मुर्मू ने यह भी बताया कि कैसे रहमान ने फिल्म उद्योग में अपने शुरुआती दिनों में अपना नाम बदलने से इनकार कर दिया, जबकि उस समय कलाकारों का पर्दे के लिए एक अलग नाम चुनना आम बात थी।राष्ट्रपति ने कहा, अपनी फिल्मों में उन्होंने बेड़ियां तोड़ने वाली महिलाओं की भूमिकाएं निभाईं। वहीदा जी ने उदाहरण स्थापित किया है कि जब महिला सशक्तिकरण की बात आती है तो महिलाओं को ही पहल करनी होगी। पांच सदस्ईय निर्णायक मंडल ने रहमान का नाम प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चयनित किया था। निर्णायक मंडल में रहमान की करीबी दोस्त और पिछले साल दादा साहब पुरस्कार से सम्मानित आशा पारेख, अभिनेता चिरंजीवी, परेश रावल, प्रसन्नजीत चटर्जी और फिल्म निर्माता शेखर कपूर शामिल थे। रहमान ने 1956 में आई गुरु दत्त की फिल्म सीआईडी में देव आनंद के साथ हिंदी फिल्मों का अपना सफर शुरू किया था और पांच दशक से अधिक के अपने शानदार करियर के दौरान उन्होंने प्यासा, "कागज के फूल" और "चौदहवीं का चांद" समेत विभिन्न फिल्मों में काम किया। उन्होंने गाइड, कभी-कभी और "खामोशी" जैसी हिट फिल्में भी दीं। दादा साहब फाल्के पुरस्कार की घोषणा गाइड और सीआईडी में रहमान के सह-कलाकार रहे देव आनंद की जयंती के मौके पर 26 सितंबर, 2023 को की गई थी। साल 1955 में तेलुगु फिल्मों रोजुलु माराई और जयसिम्हा से सिनेमा में कदम रखने वाली रहमान ने विभिन्न भाषाओं में 90 से अधिक फिल्मों में काम किया है। वह ओम जय जगदीश, रंग दे बसंती, दिल्ली-6 और द सॉन्ग ऑफ स्कॉर्पियन्स में नजर आई थीं।

# नीदरलैंड ने रोका दक्षिण अफ्रीका का विजय रथ

● विश्वकप के मुकाबले में 38 रनों से हराया



**धर्मशाला।** वर्षा से बाधित मैच में जबरदस्त खेल का मुजाहरा करते नीदरलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को विश्वकप के मुकाबले में 38 रनों से हराकर उसके विजय रथ को रोक दिया। दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले अपने तीन मैच जीत लिये थे। इससे पहले स्कॉट एडवर्ड्स की कप्तानी पारी की मदद से नीदरलैंड ने खराब शुरुआत से उबरकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक दिवसीय विश्व कप के बारिश से प्रभावित मैच में मंगलवार को यहां निर्धारित 43 ओवर में आठ विकेट पर 245 रन चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बारिश के कारण खेल देर से शुरू हुआ, जिससे मैच को 43 ओवर का कर दिया गया। बादल छाए हुए थे और ऐसे में दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कगिसो रबाडा, मार्को यानसेन और लुंगी एनगिडी ने अनुकूल परिस्थितियों का फायदा उठाकर नीदरलैंड का स्कोर 34वें ओवर में सात विकेट पर 140 रन कर दिया। इन तीनों तेज गेंदबाजों ने दो-दो विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज हालांकि अंतिम ओवरों में रन प्रवाह रोकने में नाकाम रहे। उन्होंने अंतिम पांच ओवर में 68 रन लुटाए। एडवर्ड्स ने 69 गेंद पर नाबाद 78 रन बनाए जिसमें 10 चौके और एक छक्का शामिल है। उनके बाद दूसरा सर्वोच्च स्कोर अतिरिक्त रन (32) का रहा। एडवर्ड्स को निचले क्रम के बल्लेबाजों से अच्छा सहयोग मिला। उन्होंने रीलोफ वान डर मर्व (19 गेंदों पर 29 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी की। दसवें नंबर के बल्लेबाज आर्यन दत्त ने नौ गेंद पर नाबाद 23 रन का योगदान दिया। रबाडा ने मैच की अपनी पहली गेंद पर ही विक्रमजीत सिंह (02) को आउट कर दिया जबकि यानसेन ने उनके सलामी जोड़ीदार मैक्स ओडोआड (18) को छह गेंद बाद पवेलियन का रास्ता दिखाया। रबाडा ने स्टार ऑलराउंडर बास डी लीडे (02) को पगबाधा आउट किया। इस तरह से नियमित अंतराल में विकेट गंवाने के कारण नीदरलैंड की टीम संकट में दिख रही थी। एडवर्ड्स और दक्षिण अफ्रीका की तरफ से 26 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके वान डर मर्व ने जवाबी हमले की रणनीति अपनाई जो कारगर साबित हुई। एडवर्ड्स ने रबाडा पर पुल करके छक्का लगाया। उन्होंने स्पिनर केशव महाराज पर स्वीप और रिवर्स स्वीप करके रन बटोरे। इसके बाद आर्यन दत्त ने भी अपनी संक्षिप्त पारी में तीन छक्के लगाए।

### स्कोरबोर्ड

**नीदरलैंड :** विक्रमजीत का क्लासेन बो रबाडा 02, मैक्स ओडोआड बो मार्को यानसेन 18, एकरमैन बो गेराल्ड कोएत्जी 13, लीडे एलबीडब्ल्यू बो रबाडा 27, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट का मार्को यानसेन बो लुंगी एनगिडी 19 ,, निदामानुरु एलबीडब्ल्यू बो मार्को यानसेन 20, एडवर्ड्स नाबाद 78 , वैन बीक स्टंप डिकॉक बो महाराज 10, वान डर मर्व का डिकॉक बो लुंगी एनगिडी 29 , दत्त नाबाद 23, **अतिरिक्त:** 31 कुल: 43 ओवर में आठ विकेट पर 245 रन, **विकेट पतन:** 1-22, 2-24, 3-40, 4-50, 5-82, 6-112, 7-140, 8-204, **गेंदबाजी:** लुंगी एनगिडी 9-1-57-2, मार्को यानसेन 8 -1-27-2, कैगिसो रबाडा 9-1-56-2, गेराल्ड कोएत्जी 8-0-57-1, केशव महाराज 9-0-38-1।

## शमी की भूमिका स्पष्ट है, लेकिन अंतिम एकादश में उनके लिए जगह नही है

**नई दिल्ली।** कई बार ऐसा होता है कि कोई महानतम अभिनेता किसी खास फिल्म के किरदार में फिट नहीं बैठता और एकदिवसीय विश्व कप के दौरान यही हालत तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की है जिनकी भूमिका स्पष्ट होने के बावजूद उनके लिए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के अंतिम एकादश में जगह नहीं है। लगता है कि 2019 विश्व कप के विपरीत भारतीय टीम प्रबंधन इस समय टीम के सदस्यों की भूमिका को लेकर अधिक स्पष्ट है और यही वजह है कि विश्व स्तरीय गेंदबाज होने के बावजूद शमी को पहले तीन मैच में खेलने का मौका नहीं मिला। ऐसा तब हो रहा है जबकि शमी ने विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक मैच में पांच विकेट लिए थे। जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज नई गेंद का जिम्मा संभाल रहे है जबकि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या तीसरे तेज गेंदबाज की भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे है। अब तक दो मैच में कुल मिलाकर आठ ओवर करने वाले शार्दुल ठाकुर सपाट पिच पर चौथे तेज गेंदबाज की भूमिका निभा रहे है और अगर चेन्नई की तरह पिच स्पिनरों के लिए मददगार हो तो फिर कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के साथ तीसरे स्पिनर के रूप में आर अश्विन को अंतिम एकादश में जगह मिल रही है। इस बार बल्लेबाजी में भी अधिक स्पष्टता नजर आ रही है जबकि 2019 में चौथा नंबर म्यूजिकल चेयर बन गया था। श्रेयस अय्यर अगर फिट रहते है तो इस नंबर पर वह टीम की पहली पसंद है। आलम यह है कि सिर्फ सूर्यकुमार यादव को एक्स फैक्टर माना जा रहा है, उनके लिए अंतिम एकादश में जगह नहीं है।

## श्रीलंका ने गुणतिलके पर से प्रतिबंध हटाया, राष्ट्रीय टीम में वापसी का मार्ग प्रशस्त

**कोलंबो।** क्रिकेट श्रीलंका ने मंगलवार को धनुष्का गुणतिलका पर आस्ट्रेलिया में यौन उत्पीड़न के आरोपो को लेकर लगाया गया प्रतिबंध हटा दिया जिससे राष्ट्रीय टीम में उनकी वापसी का मार्ग प्रशस्त हुआ है। श्रीलंका क्रिकेट की स्वतंत्र जांच समिति ने उन पर नवंबर 2022 में लगाया गया प्रतिबंध पूरी तरह से हटाने की सिफारिश की है। न्यू साउथ वेल्स की जिला अदालत ने उन्हें सभी आरोपो से बरी कर दिया है और वह तीन अक्टूबर को श्रीलंका लौट आए है। इसमे कहा गया , अब वह राष्ट्रीय टीम के लिए खेल सकते है। नवंबर 2022 में गुणतिलका पर आस्ट्रेलिया में एक महिला ने कथित यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। वह उस समय टी20 विश्व कप टीम के सदस्य के तौर पर आस्ट्रेलिया मे थे। उन्हें चार दिन तक चले ट्रायल के बाद निर्दोष करार दिया गया और सारे आरोपो से बरी कर दिया गया।

## आस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छी शुरूआत के बाद हारने का मलाल : निसांका

**लखनऊ।** श्रीलंका के बल्लेबाज पाथुम निसांका ने कहा कि 300 के करीब कोई भी स्कोर चुनौतीपूर्ण होता लेकिन उनकी टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छी शुरूआत का फायदा नही उठा सकी। निसांका ने मैच के बाद कहा , अच्छी शुरूआत के बावजूद हम लय कायम नही रख सके जिससे बड़ा स्कोर नही बन पाया। इस तरह की विकेट पर 300 के करीब स्कोर होना चाहिए था। मेरा मानना है कि मैने टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया। उम्मीद है कि आगे भी यह लय कायम रहेगी। श्रीलंका ने अभी तक तीनों मैच गंवा दिए हैं और अब सेमीफाइनल की उम्मीदें कायम रखने के लिए उसे बाकी छह मैच जीतने होंगे। अब उसका सामना शनिवार को नीदरलैंड से होगा।

## जाम्पा का लक्ष्य अधिक विकेट लेना

**लखनऊ।** पहले दो विश्व कप मैचो मे खराब प्रदर्शन के लिए आलोचना झेलने वाले आस्ट्रेलिया के अनुभवी स्पिनर एडम जाम्पा ने कहा कि महंगे साबित होने से वह चिंतित नही है और उनका लक्ष्य अधिक विकेट लेना है। भारत और दक्षिण अफ्रीका से लगातार दो मैच हारने के बाद आस्ट्रेलिया ने सोमवार को श्रीलंका को हराकर पहली जीत दर्ज की। विश्व कप 2019 में काफी सफल रहे जाम्पा ने जीत के बाद कहा , मैं आत्ममंथन में माहिर हूं। पहले दो मैचो मे अपना प्रदर्शन देखने के बाद पिछले मैच को देखकर मैं यह कह सकता हूं कि मैने जीत की राह आसान की। भारत के खिलाफ मैच में हमें 200 से कम का स्कोर बचाना था और मुझ पर विकेट लेने की जिम्मेदारी थी। मैने इकॉनॉमी रेट की परवाह नही की। उन्होंने भारत के खिलाफ 53 रन दिए और उन्हे विकेट नही मिला जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 70 रन देकर एक विकेट लिए।

## नीदरलैंड में सब जूनियर हॉकी में मिले जुले नतीजे

**नई दिल्ली।** भारतीय लड़के और लड़कियों की सब जूनियर (अंडर 16) हॉकी टीमों को नीदरलैंड के पहले दौरे पर मिले जुले नतीजे मिले। लड़को ने नीदरलैंड की अंडर 16 टीम को 4-0 से हराया जबकि लड़कियों को डच टीम ने 4 -1 से हरा दिया। लड़कों के लिए रोहित आई सिंह , केतन कुशवाहा, राहुल राजभर और कप्तान मनमीत सिंह राय ने गोल किए। कोच सरदार सिंह ने कहा , ऐसे ऐतिहासिक दौरे का यह शानदार अंत है। लड़कों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। विदेशी धरती पर ऐसा प्रदर्शन गर्व का विषय है। लड़कियों के लिए सिर्फ काजल जूनियर ही गोल कर सकी।

## एशियाई पैरा खेलों में 446 सदस्ईय दल भेजेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत हांगझोउ मे 22 से 28 अक्टूबर तक होने वाले चौथे एशियाई पैरा खेलो मे 446 सदस्ईय दल भेजेगा जिनमे 303 खिलाड़ी है। खेल मंत्रालय ने 17 खेलो में 303 खिलाड़ियों (191 पुरूष और 112 महिला) को मंजूरी दी। इनके अलावा 143 कोच, अधिकारी और सहयोगी स्टाफ भी जाएंगे। इनमें से 123 खिलाड़ी एथलेटिक्स के ही है। यह एशियाई पैरा खेलो मे भारत का सबसे बड़ा दल है। पिछली बार जकार्ता मे 190 खिलाड़ियो ने 13 खेलो में भारत का प्रतिनिधित्व करके 15 स्वर्ण समेत 72 पदक जीते थे।

## आईओसी की सदस्य संख्या 107 हुई

**मुंबई।** आठ नए सदस्यो के चयन से अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्यो की संख्या 107 हो गई और इसके साथ ही इसके 141वे सत्र का भी मंगलवार को समापन हो गया। चुने गए सदस्यो मे चार महिलाएं है जिससे आईओसी मे महिला प्रतिनिधित्व 41 .1 प्रतिशत हो गया। आईओसी ने एक बयान मे कहा , यह नियामक ढांचे मे महिला प्रतिनिधित्व बढाने के आईओसी के लक्ष्य को ध्यान मे रखकर किया गया है। मतदान के बाद इस्राइल के याएल अराद, हंगरी के बालाज फुरेस और पेरू के सेसिलिया रोक्साना टेट विलाकोर्ता , मलेशिया की अभिनेत्री मिशेले यिओ, जर्मनी के माइकल एम को भी चुना गया। एक महिला और एक पुरूष प्रतिनिधि को अंतरराष्ट्रीय महासंघ मे उनके कार्य के आधार पर भी चुना गया।

## सीईओ की नियुक्ति प्रक्रिया फिर से शुरू करेगा आईओए

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अपने मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति के लिए नए सिरे से प्रक्रिया शुरू करेगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) ने लगभग पिछले एक साल से यह महत्वपूर्ण पद नही भरने के लिए आईओए की आलोचना की थी। इसके बाद ही भारतीय संघ ने यह फैसला किया। अभी आईओए के संयुक्त सचिव और अखिल भारतीय फुटबॉल वहां संघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे सीईओ की भूमिका निभा रहे है। सीईओ कार्यकारी परिषद का सदस्य होता है लेकिन उसे मतदान का अधिकार नही होता है।

## पाकिस्तान लौटे अशरफ, पीसीबी अधिकारियों से चर्चा

**कराची।** पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ स्वदेश लौट आए है और ऐसी अटकलें है कि मेजबान के खिलाफ अहमदाबाद मे विश्व कप मैच के दौरान हुई कुछ घटनाओ को लेकर आईसीसी मे शिकायत करने पर विचार किया जा रहा है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि जका अशरफ सोमवार को लौट आए है और बोर्ड के सीनियर अधिकारियों के साथ सिलसिलेवार बैठकें कर रहे है।

# निश्चिंत रोहित भारत को दिला सकते हैं तीसरा विश्व कप : पोंटिंग

**भाषा।** दुबई



● विराट कोहली अपनी बल्लेबाजी पर फोकस कर सकता , जज्बाती खिलाड़ी

**आस्ट्रेलिया** के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि निश्चिंत कप्तान रोहित शर्मा भारत को उसकी धरती पर दूसरा विश्व कप दिला सकते हैं। लगातार तीन शानदार जीत के साथ भारत ने अपने विश्व कप अभियान का बेहतरीन आगाज किया है। पहले मैच में आस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराने के बाद भारत ने अफगानिस्तान को आठ विकेट से और पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। पोंटिंग ने आईसीसी से कहा ,वह बिल्कुल बेपरवाह है, चिंतारहित। वह विचलित नहीं होता। उसके खेल में भी यह दिखता है। वह शानदार बल्लेबाज है और मैदान के भीतर तथा बाहर भी निश्चिंत सा दिखता है। रोहित दिसंबर 2021 में विराट कोहली की जगह भारत के कप्तान बने थे। पोंटिंग का मानना है कि रोहित की कप्तानी में विराट अपनी बल्लेबाजी पर फोकस कर सकता है। विराट काफी जज्बाती खिलाड़ी है। वह प्रशंसकों की सुनता है और उन्हें जवाब भी देता है। उसके जैसे व्यक्ति के लिए यह काम थोड़ा कठिन होता। पोंटिंग ने कहा , रोहित को कठिनाई नहीं होगी। वह शानदार खिलाड़ी है और कप्तानी भी बहुत अच्छे से कर रहा है। भारत ने पिछली बार 2011 में श्रीलंका को फाइनल में हराकर अपनी धरती पर ही विश्व कप जीता था। अपने देश में खेलने पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव होता है लेकिन पोंटिग ने कहा कि रोहित इससे निपटने में सक्षम है। यह नहीं कह सकते कि भारत पर अपेक्षाओं का दबाव नहीं होगा। जरूर होगा लेकिन रोहित इससे निपट सकता है। भारत के पास बहुत प्रतिभाशाली टीम है। उनकी तेज गेंदबाजी, स्पिन, शीर्षक्रम, मध्यक्रम सब कुछ उम्दा है। उन्हें हराना बहुत कठिन होगा।



# सिंधू व आकर्षी डेनमार्क ओपन के दूसरे दौर में, श्रीकांत व लक्ष्य बाहर



**भाषा।** ओडेंसे

**भारतीय खिला**ड़ी पीवी सिंधू और आकर्षी कश्यप ने मंगलवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 705 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया लेकिन पुरुष वर्ग में किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन पहले दौर में ही बाहर हो गए।ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली सिंधू को पहले दौर में स्कॉटलैंड की विश्व में 28वें नंबर की खिलाड़ी क्रिस्टी गिल्मर को 21-14, 18-21, 21-10 से हराने में संघर्ष करना पड़ा। यह मैच 56 मिनट तक चला। एक अन्य मैच में विश्व में 38वीं रैंकिंग के खिलाड़ी आकर्षी ने जर्मनी की दुनिया की 26वें नंबर की ली यवोन को 20-21 22-20 21-12 से हराया। सिंधू अगले दौर में इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग से भिड़ेगी जबकि आकर्षी का सामना थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से होगा। श्रीकांत को पुरुष एकल के पहले दौर में चीन के विश्व में 22वें नंबर के खिलाड़ी वेंग होंग यांग से 21-19 10-21 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य सेन भी शुरुआती बाधा पार करने में नाकाम रहे और थाईलैंड के कांटाफोन वांगचारोएन से 16-21, 18-21 से हार गए। पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी कि भारतीय जोड़ी टूर्नामेंट से हट गई। **जिससे उनके**

**आधिकारिक जर्सी नहीं पहनने पर मुकुंद के खिलाफ कार्रवाई कर सकता एआईटीए, आचार संहिता लागू की**

नई दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) मोरक्को के खिलाफ डेविस कप मुकाबले के दौरान आधिकारिक जर्सी नहीं पहनने के लिए शशि मुकुंद के खिलाफ कार्वाई करने पर विचार कर रहा है और भविष्य में अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए उसने खिलाड़ियों के लिए आचार संहिता लागू की है। मुकुंद ने 16 सितंबर को यासीन दलिमी के खिलाफ विश्व ग्रुप दो के प्लेऑफ मुकाबले के शुरुआती एकल मैच में कप्तान रोहित राजपाल से अनुमति लेकर आधिकारिक भारतीय टीम प्रायोजक ओओके के बजाय अपने निजी प्रायोजक द्वारा उपलब्ध कराई गई जर्सी पहनी थी। यही नहीं मुकुंद ने जो जर्सी पहनी थी उसमें इंडिया की स्पेलिंग सही नहीं थी। टीम के प्रायोजक ने एआईटीए को यह बात बताई। मुकुंद ने जो जर्सी पहनी थी उसके पीछे टीम के नाम में एक अतिरिक्त आई था। यह उल्लेखनीय है की आधिकारिक प्रायोजक ने केवल किट मुहैया कराई थी तथा एआईटीए या इस मुकाबले का हिस्सा रहे खिलाड़ियों को किसी तरह की प्रायोजन राशि नहीं दी थी। भारत ने लखनऊ में खेला गया यह मुकाबला 4-। से जीता था। एआईटीए ने 28 सितंबर को मुकुंद को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और सात दिन के अंदर जवाब देने के लिए कहा था। मुकुंद ने 3 अक्टूबर को भेजे अपने जवाब में कहा था कि ओओके से प्राप्त शॉर्ट्स आरामदायक नहीं थे। मुकुंद ने इसके साथ ही लिखा था कि उन्होंने अपने प्रायोजक द्वारा मुहैया कराई गई जर्सी पहनने के लिए राजपाल और कोच जीशान अली से अनुमति ली थी। मुकुंद ने कहा कि उन्हें अपने प्रायोजक से आठ टी-शर्ट मिली थी और दुर्भाग्य से उन्होंने वह जर्सी पहनी जिसमें प्रिंटिंग की गलती थी। मुकुंद ने इस गलती के लिए माफी मांगते हुए कहा, मैं अपने देश का बहुत सम्मान करता हूं और कभी जानबूझकर ऐसा काम नहीं करूंगा जिससे उसकी छवि को नुकसान पहुंचे। एआईटीए ने 13 अक्टूबर को मुकुंद को बताया कि उनका जवाब स्वीकार्य नहीं है क्योंकि कप्तान ने इस बात का खंडन किया है कि उन्होंने उन्हें अनुमति दी थी। मुकुंद ने हालांकि पीटीआई से कहा कि कप्तान ने उन्हें अनुमति दी थी। इसमें किसी तरह से धनराशि शामिल नहीं थी। खिलाड़ियों को इस मुकाबले में खेलने के लिए कोई प्रयोजन राशि नहीं दी गई थी। आधिकारिक प्रायोजक ने केवल किट मुहैया कराई थी। कप्तान राजपाल इस बात को जानते थे और उन्होंने मुझे अनुमति दी थी। भारतीय कप्तान राजपाल ने हालांकि कहा कि इस मामले में कुछ गलतफहमी हो गई है। राजपाल ने पीटीआई से कहा, मुझे लगता है कि इस मामले में कुछ गलतफहमी हो गई है। चीजों को व्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ाने के लिए सभी खिलाड़ियों को बिना किसी अपवाद के आधिकारिक जर्सी पहननी चाहिए। हम भारत के लिए खेल रहे

# अफगानिस्तान को हल्के में नहीं लेगी कीवी टीम

**भाषा।** चेन्नई

● फॉर्म में चल रही न्यूजीलैंड के लिए आसान नही होगी जाइंट किलर की चुनौती





**मौजूदा** चैम्पियन इंग्लैंड को हराकर अफगानिस्तान ने विश्व कप में सभी टीमों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है और बुधवार को यहां होने वाले मैच में न्यूजीलैंड उसे हलके में लेने की गलती कतई नहीं करेगा। न्यूजीलैंड टीम टूर्नामेंट में अजेय अभियान जारी रखना चाहेगी। वहीं दिल्ली मे पिछले मैच में इंग्लैंड को 69 रन से हराने वाली अफगानिस्तान एक और उलटफेर करने के इरादे से उतरेगी। न्यूजीलैंड अभी तक तीनों मैच जीतकर रनरेट के आधार पर भारत से पीछे दूसरे स्थान पर है। वहीं अफगानिस्तान को पहले दो मैचों में बांग्लादेश और भारत ने हराया लेकिन तीसरे मैच में हशमतुल्लाह शाहिदी की टीम ने इंग्लैंड जैसे धुरंधर को हराकर नया इतिहास रच दिया। न्यूजीलैंड की कमान एक बार फिर विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम लाथम के हाथ में होगी चूंकि नियमित कप्तान केन विलियमसन बाएं अंगूठे में फ्रेक्चर के कारण कुछ मैचों से बाहर हैं। आईपीएल के दौरान लगी एसीएल चोट के कारण पहले दो मैचों से बाहर रहे विलियमसन बांग्लादेश के खिलाफ 78 रन बनाने के बाद अंगूठे में चोट के कारण बाहर हो गए। उनकी गैर हाजिरी में भी शानदार प्रदर्शन कर रही न्यूजीलैंड टीम को लगातार चौथी जीत दर्ज करने के लिए इस लय को कायम रखना होगा। तेज गेंदबाज टिम साउदी अंगूठे की चोट से उबर चुके हैं और देखना यह है कि इस मैच में वह उतर पाते हैं या नहीं।

## आईसीसी की आचार संहिता तोड़ने पर गुरबाज को फटकार

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप मैच मे आईसीसी की आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है। गुरबाज ने खिलाड़ियो और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता की धारा 2 . 2 का उल्लंघन किया जो क्रिकेट उपकरण, जर्सी, मैदानी उपकरण या फिटिंग्स को नुकसान पहुंचाने के संबंध में है। इसके साथ ही गुरबाज के अनुशासन रिकॉर्ड मे एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया क्योंकि यह 24 महीने मे उनका पहला अपराध है। यह घटना अफगानिस्तान की पारी के 19वे ओवर की है जब गुरबाज ने आउट होने के बाद अपना बल्ला सीमा रेखा और एक कुर्सी पर दे मारा था।

# दिल्ली ने मध्य प्रदेश को सात विकेट से हराया, पंजाब का रिकॉर्ड स्कोर

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी**

**देहरादून।** कोलकाता नाइट राइडर्स के लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 13 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे दिल्ली ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ई के मैच में मंगलवार को यहां मध्य प्रदेश को सात विकेट से हराया। अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा और युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लेकर सुयश का अच्छा साथ दिया। अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर दिल्ली ने मध्य प्रदेश को 9 विकेट पर 115 रन ही बनाने दिए। दिल्ली ने इसके बाद आयुष बडोनी (नाबाद 44 रन) और हिम्मत सिंह (नाबाद 27 रन) के बीच चौथे विकेट के लिए 72 रन की अटूट साझेदारी की मदद से 19.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। उधर रांची में ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा की 51 गेंद पर नौ चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से खेली गई 112 रन की पारी की मदद से 6 विकेट पर 275 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और आंध्र को 105 रन से हराया। आंध्र की टीम रिकी भुई की 52 गेंद पर नाबाद 104 रन की पारी के बावजूद 7 विकेट पर 170 रन ही बना पाई। पंजाब का स्कोर इस राष्ट्रीय टी20 टूर्नामेंट में सबसे बड़ा स्कोर है। उसने मुंबई का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने 2019 में सिक्किम के खिलाफ चार विकेट पर 258 रन बनाए थे। जयपुर में खेले गए एक अन्य मैच में मुंबई ने मेघालय को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी। ग्रुप ए के इस मैच में मुंबई ने मेघालय को 9 विकेट पर 65 रन ही बनाने दिए थे। मुंबई ने 9.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। रांची में खेले गए ग्रुप सी के मैच में उपेंद्र यादव ने 51 गेंद पर नाबाद 103 रन बनाए जबकि आशुतोष शर्मा (12 गेंद पर 53 रन) ने 11 गेंद पर अर्धशतक जड़कर युवराज सिंह का टी20 का रिकॉर्ड तोड़ा।

## एशियाई खेलों में पदक का सपना टूटने के बाद कुसाले की नजरें एशियाई चैम्पियनशिप पर

**नई दिल्ली।** राइफल निशानेबाज स्वप्निल कुसाले का हांगझोउ एशियाई खेलों में पदक जीतने का सपना एक खराब शॉट से टूट गया लेकिन अब उनकी नजरें दक्षिण कोरिया के चांगवोन में 22 अक्टूबर से शुरू हो रही एशियाई चैम्पियनशिप पर लगी हैं। 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस निशानेबाज कुसाले एशियाई खेलों में अपने वर्ग में काफी आगे चल रहे थे लेकिन एक शॉट 7 . 6 का निकलने के बाद वह पहले से पांचवें स्थान पर खिसक गए। इसके साथ ही उनकी कांस्य जीतने की उम्मीदें भी टूट गई। पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुके कुसाले ने कहा , पता नहीं वह शॉट इतना खराब कैसे गया। मेरे पास उसके बाद भी दो शॉट बाकी थे और मैने उन पर फोकस किया। मैं भूल गया कि एक शॉट खराब गया है। पहले मैं हैरान था कि ऐसा मेरे साथ कैसे हुआ। लेकिन इसके बारे में सोचे बिना अगले दो शॉट पर फोकस किया। लेकिन मैं भूल नहीं सका कि एक शॉट खराब होने की वजह से स्वर्ण पदक से चूक गया। मेरे साथ पिछले साल काहिरा में विश्व चैम्पियनशिप में भी ऐसा हुआ था लेकिन मैने वहां ओलंपिक कोटा हासिल किया।

## ओडिशा के खेलमंत्री ने एशियाई खेलों में रजत जीतने वाले जेना को सम्मानित किया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के खेल और युवा कार्यमंत्री तुषारकांति बहेड़ा ने हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले भालाफेंक खिलाड़ी किशोर कुमार जेना को सम्मानित किया। जेना ने एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 87 . 54 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता और पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर दिया। ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता था। बहेड़ा ने कलिंगा खेल परिसर में जेना को सम्मानित किया।

## टीम इंडिया ने जमकर किया अभ्यास







## वायरल बुखार से उबर गए हैं पाकिस्तान के अधिकतर खिलाड़ी

**बेंगलुरु।** पाकिस्तान के जिन खिलाड़ियों को यहां पहुंचने पर वायरल बुखार हो गया था उनमें से अधिकतर इससे उबर गए हैं लेकिन कुछ खिलाड़ी अब भी चिकित्सकों की निगरानी में है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मीडिया मैनेजर एहसान इफ्तिखार नागी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान को 20 अक्टूबर को यहां ऑस्ट्रेलिया का सामना करना है। भारत के हाथों अहमदाबाद में सात विकेट से करारी हार झेलने के बाद पाकिस्तान की टीम रविवार को बेंगलुरु पहुंची थी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।